दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, गुरुवार 14 मार्च 2024, वर्ष-13 अंक- 33 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

अपने ही घर में बेगाने बन गए शरणार्थियों को भारत की नागरिकता देने के लिए सीएए लागू हो गया। इसे लेकर कहीं खुशी कहीं गम वाली स्थिति बन गई है। बात तो यह खुशी की ही है। लेकिन दुखी आत्माएं भला कैसे खुश हो सकती हैं? बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तो नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ तूंबा-तूंबा, डूंबा डूंबा, बूंबा-बूंबा करते हुए बकायदा मार्च ही निकाल दिया है। जबकि उसी बंगाल में शरणार्थियों ने जमकर जश्न मनाया। रूदाली गैंग को यह नहीं भूलना चाहिए की भीगी बिल्लियां चाहे जितनी भी जोर से छींके पहाड़ नहीं गिरने वाला।

सीएम के सख्त तेवर.. डीएमएफ पर कलेक्टर और कानून व्यवस्था पर एसपी को हिदायत

कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस में पुलिस कप्तानों से सीएम विष्णुदेव साय ने कहा गुंडागर्दी ना हो ये पुलिस कप्तान सुनिश्चित करे

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कलेक्टर्स-एसपी कान्फ्रेंस में सख्त तेवर दिखाते हुए अधिकारियों को कुछ इस अंदाज़ में चेताया कि अफसर भी हड़बड़ा गए। उन्होंने कलेक्टरों से कहा- डीएमएफ का उपयोग विकास के कामों में होना चाहिए, इसी तरह सभी एसपी को बोले अपराधियों में पुलिस का भय हो। दुरुपयोग पर सख्त कार्यवाही करें।

साय ने बुधवार को कलेक्टर्स-एसपी कॉन्फ्रेंस ली। कॉन्फ्रेंस में पुलिस कप्तानों को चेताया कि गुंडागर्दी ना हो ये एसपी सुनिश्चित करें। वहीं उन्होंने डीएमएफ के दुरपयोग पर भी सख्त तेवर दिखाए।

डीएमएफ राशि के खर्च पर भी सीएम के तल्ख तेवर दिखाए। डीएमएफ का उपयोग क्षेत्र के विकास के लिए होना चाहिए। पहले डीएमएफ का बहुत दुरुपयोग हुआ है, डीएमएफ का दुरुपयोग होने पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि, कलेक्टर्स-एसपी की तरीफ जनता के द्वारा शासन तक पहुंचनी चाहिए।

टालने वाली व्यवस्था तत्काल बदल दें अधिकारी

सीएम साय ने कहा कि, कामों को टालने वाली पुरानी व्यवस्था आपको तत्काल बदलनी होगी। पुलिस और प्रशासन के कामों पर मैं स्वयं नजर रख रहा हूं। उन्होंने कहा कि, कलेक्टर्स- एसपी को और अधिक मेहनत करने की जरूरत है। नागरिकों के काम समय सीमा में होने चाहिए, यह सुनिश्चित किया जाए।

जजों के तबादले, न्यायिक सेवा के अफसरों की जिम्मेदारी बदली

रायपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने बड़ी संख्या में न्यायिक सेवा के अधिकारियों व जजों के तबादले किये हैं।

बलराम प्रसाद वर्मा को विजिलेंस का रजिस्ट्रार बनाया गया है। वहीं सिराजुद्दीन कुरैशी को ज्यूडिशियल अकादमी बिलासपुर का डायरेक्टर बनाया गया है। वहीं आलोक कुमार को रजिस्ट्रार (आई एंड ई), विवेक कुमार वर्मा को एडिश्नल रजिस्ट्रार (डीई एंडी ई), वेंसलेस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सहायक कलेक्टर के तौर पर 4 नए आईएएस की पोस्टिंग

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ को 4 आईएएस अधिकारी मिले हैं। राज्य शासन द्वारा लाल बहादुर

शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2023 बैच के 4 अधिकारियों के पदस्थापना का आदेश जारी किया गया है। मसूरी में प्रथम दौर के प्रशिक्षण के बाद राज्य में प्रशिक्षण के लिए चारों अफसरों को सहायक कलेक्टर के पद पर पदस्थ किया गया है। राज्य में प्रशिक्षण ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छाती ठोककर जाइए, 11 की 11 सीटें जीतेंगे : सीएम साय

■ सीएम साय और वित्त मंत्री चौधरी ने पेश किया सरकार के 3 महीने का रिपोर्ट कार्ड

रायपुर/नवप्रदेश। डिप्टी सीएम अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार का तीन महीने का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। भाजपा दावा कर रही है कि, इस तीन महीनो में मोदी की गारंटी के ज्यादातर बड़े वादे पूरे हुए हैं। कांग्रेस महतारी वंदन और कृषक उन्नत योजना को साय केबिनेट के दोनों मंत्रियों ने ऐतिहासिक बताते हुए पर किसानों और महिलाओं के लिए हितकारी बताया है।

सीएम विष्णुदेव साय ने विधानसभा चुनाव को लेकर कहा कि, कार्यकर्ताओं ने विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दिलाई है। अब अब लोकसभा चुनाव में भी कार्यकर्ताओं की मेहनत के जरिए 11 की 11 सीटें जीतने की तैयारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि, बीजेपी की सरकार ने सभी बड़े वादे पूरे किए हैं। इसलिए जनता के बीच छाती ठोककर जाए, इस बार एक सीट भी कम नहीं होना चाहिए।

बीजेपी जो कहती है.. वही करती है- नितिन नबीन

सह प्रभारी नितिन नबीन ने तीन महीने के कार्यकाल को लेकर कहा कि, बीजेपी जो कहती है, वो करती है। पिछले साल 15 मार्च को लाठिया, आंसू गैस के गोले छोड़े गए थे। जिसपर आंदोलन के बाद गरीबों को 'पीएम आवास' का फायदा मिला, ये पूरे छत्तीसगढ़ में चर्चा का विषय बनना चाहिए। साथ ही कहा कि, मोदी सरकार की उपलब्धि लेकर जनता के बीच जाना है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हमें कांग्रेस से सर्टिफिकेट नहीं चाहिए, जनता ने दे दिया है : मंत्री चौधरी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार को बने आज तीन महीने पूरे हो गए। इस अवसर पर भाजपा अपनी उपलब्धियां गिना रही है, वहीं विपक्षी दल कांग्रेस सरकार को फेल बता रही है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा- हमें कांग्रेस से सर्टिफिकेट नहीं चाहिए, जनता ने दे दिया है। कांग्रेस के इस आरोप पर कि, तीन महीने हो गए सरकार बने, लेकिन प्रदेश में भाजपा ने कुछ नहीं किया है, मंत्री ओपी चौधरी ने कहा- हमें कांग्रेस से कोई सर्टिफिकेट नहीं चाहिए। 2023 के चुनाव में जनता ने हमें सर्टिफिकेट दिया है। अभी 2 महीने बाद लोकसभा चुनाव ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रिमोट कंट्रोल सरकार है, सारे फैसले पीएमओ से लिये जा रहे

■ तीन महीने पूरे होने पर साय सरकार पर कांग्रेस का तंज..

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने राजीव भवन में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि तीन महीनों में ही भाजपा की विष्णु देव सरकार अलोकप्रिय हो गयी। सरकार जनता के हित में एक भी निर्णय नहीं ले पाई। सरकार में बैठे हुये लोग सरकारी धौंस दिखा कर भयादोहन में लगे है। जनता परेशान है। कानून व्यवस्था बदहाल हो गयी। जनकल्याणकारी योजनायें दम तोड़ चुकी है।

- रिमोट कंट्रोल सरकार है विष्णुदेव सरकार। छत्तीसगढ़ सरकार केंद्र शासित सरकार बन गयी है। सरकार के सारे फैसले पीएमओ से लिये जा रहे है।
- महिलाओं के प्रति अपराधों में बढ़ोतरी हो गयी, पोटाकेबिन में बच्ची की जलकर मौत, अबोध बच्ची मां बनी, नारायणपुर में मासूम बच्चियों से स्कूल में छेड़खानी। बलात्कार, सामूहिक बलात्कार की घटनायें बढ़ गयी।
- लूट, अपराध, डकैती, चाकूबाजी की घटनायें बढ़ गयी। अपराध और अपराधी बेलगाम हो चुके है।
- महतारी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सरगुजा संभाग में नक्सलियों की फिर दस्तक, एके-47 के साथ 6 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग में माओवादियों को लेकर एक बार फिर चिंता की लकीर दिखाई दे रही है। सुरक्षाबलों की गिरफ्त में आए बड़ी

संख्या में नक्सलियों की इस क्षेत्र में गतिविधियों ने शासन-प्रशासन को सकते में डाल दिया है। बता दें कि लंबे अरसे से सरगुजा संभाग में नक्सली गतिविधियों पर विराम लग गया था। पूरा माहौल शांत था। आज सपड़ में आए माओवादियों की हथियारों के साथ आमद ने किसी ओर संकेट दे रहा है। ऐसे में कहा जाए एक बार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शेयर बाजार धड़ाम, सेंसेक्स 906 अंक टूटा, निफ्टी 22000 से फिसला

मुंबई, (वार्ता)। शेयर बाजार आज बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। कारोबारी सेशन के दौरान बीएसई सेंसेक्स

1,100 अंक टूटकर 73,000 के लेवल से नीचे आ गया, जबकि एनएसई निफ्टी भी 22,000 से नीचे आ गया। हालांकि बाजार में थोड़ी खरीदारी भी देखने मिली. सेंसेक्स 906.07 (1.22%) अंकों की गिरावट के साथ 72,761.89 के लेवल पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 338.00 (1.51%) अंक फिसलकर 21,997.70 के स्तर पर बंद हुआ।

सावधान.. बीपी-शुगर के बाद अब कैंसर की भी नकली दवाई

■ रैकेट का हुआ भंडाफोड़, 7 आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली (ए.)। मोटी कमाई के लिए लोग किस हद तक गिर जाते हैं इसका बड़ा उदाहरण सामने आया है। स्वास्थ्य से जुड़े मामले में भी कमाई का बड़ा जरिया ढूंढ लिया गया। जीवन और मौत के बीच जूझ रहे मरीजों को नकली दवाई सप्लाई की जा रही थी। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने इस मामले से जुड़े एक बड़े नकली ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ किया है।

इस रैकेट में शामिल सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से दो आरोपी दिल्ली के एक बड़े कैंसर अस्पताल के कर्मचारी हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल नौ ब्रांड की नकली कैंसर दवाएं बरामद की हैं। इनमें से सात दवाएं विदेशी ब्रांड की हैं जबकि दो भारत की नकली दवाएं हैं।

शुरूआती जांच में पाया 4 जगह से चलाया जा रहा था नेटवर्क

क्राइम ब्रांच की टीम ने जब जांच शुरू की तो इस पूरे रैकेट का नेटवर्क चार अलग-अलग जगहों से चलाया जा रहा था। पुलिस ने आरोपियों को पकडऩे चार जगहों पर एक साथ छापेमारी की। इनमें मोती नगर, दिल्ली का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ऐसे करते थे तैयारी

पुलिस के मुताबिक आरोपी अस्पताल के मरीजों से कीमोथेरेपी में इस्तेमाल होने वाले इंजेक्शन की खाली बोतलें इकट्ठी करते थे। उसके बाद बोतलों में एंटीफंगल दवा भरकर बेच देते थे। आरोपी दिल्ली के बाहर खासकर हरियाणा, बिहार, नेपाल या अफ्रीकी देशों से आने वाले मरीजों को अपने जाल में फंसाते थे। मामले में पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके नाम विफल जैन, सूरज शत, नीरज चौहान, परवेज़, कोमल तिवारी, अभिनय कोहली और तुषार चौहान शामिल हैं। इनमें से नीरज गुरुग्राम का रहने वाला है, जबकि बाकी छह दिल्ली के विभिन्न हिस्सों के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच की स्पेशल कमिश्नर शालिनी सिंह ने बताया कि उनकी टीम को जानकारी मिली है कि दिल्ली में एक गिरोह सक्रिय है, जो मरीजों को कैंसर की नकली दवाएं सप्लाई कर रहा है। इसके बाद आरोपी को पकडऩे के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया।

सुप्रीम लताड़.. एसबीआई का हलफनामा, पार्टियों ने कराया बॉन्ड कैश

नई दिल्ली (ए.)। आखिरकार सर्वोच्च न्यायालय की लताड़ के बाद बुधवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश कुमार ने सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट फाइल की। एसबीआई ने हलफनामा में बताया, पार्टियों ने 22,030 का बॉन्ड कैश कराया है।

सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को फैसला सुनाते हुए एसबीआई से इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ी पूरी जानकारी देने को कहा था। काफी टालमटोल के बाद एसबीआई ने एससी और ईसीएल को

पेन ड्राइव में दो पीडीएफ फाइलें दी।

हलफनामे के अनुसार ये बात सामने आई : एसबीआई के हलफनामे के अनुसार, एक अप्रैल 2019 से 15 फरवरी 2024 तक 22 हजार 217 इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे गए। इनमें से 22,030 बॉन्ड का पैसा राजनीतिक पार्टियों ने कैश करा लिया है। पार्टियों ने 15 दिन की वैलिडिटी के भीतर 187 बॉन्ड को कैश नहीं किया, उसकी रकम प्रधानमंत्री राहत कोष में ट्रांसफर कर दी गई।

एसबीआई चेयरमैन ने कहा- हमने ईसीएल को पेन ड्राइव में दो फाइलें दी हैं। एक फाइल में बॉन्ड खरीदने वालों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बीजेपी की दूसरी सूची में दिग्गजों को दोबारा अवसर के साथ 72 नाम

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा प्रत्याशियों को लेकर आज दूसरी लिस्ट भी जारी हो गई। भाजपा की दूसरी लिस्ट में कुल 72 नामों का एलान किया गया है। इनमे बड़े लीडरों में नितिन गडकरी को नागपुर, पीयूष गोयल को मुंबई नार्थ, और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री श्री खट्टर को करनाल से पार्टी ने उम्मीदवार घोषित किया है।

बुधवार की शाम भाजपा की दूसरी लिस्ट जारी हुई। इसमें 72 नाम हैं। नागपुर से नितिन गडकरी, मुंबई नॉर्थ से पीयूष गोयल और हमीरपुर से अनुराग ठाकुर को टिकट दिया गया है। एक दिन पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ने वाले मनोहर लाल करनाल से चुनाव लड़ेंगे।

बता दें कि बीजेपी ने 2 मार्च को जारी पहली लिस्ट में 16 राज्य और दो यूटी से 195 कैंडिडेट्स के नाम जारी किए थे। पहले और दूसरी लिस्ट को मिलाकर पार्टी ने कुल 267 कैंडिडेट्स के नाम जारी कर दिए हैं।

एमपी की 5 सीटों पर भी ऐलान, छिंदवाड़ा से विवेक बंटी : मध्यप्रदेश की बाकी बची 5 सीटों पर भी प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया गया है। इंदौर से शंकर लालवानी और उज्जैन से अनिल फिरोजिया को टिकट दिया गया है। छिंदवाड़ा से विवेक बंटी साहू, बालाघाट से भारती पारधी और धार से सावित्री ठाकुर को प्रत्याशी बनाया गया है।

पहली सूची में 34 मंत्रियों पर फिर भरोसा

2 मार्च को जारी भाजपा की पहली लिस्ट में 16 राज्य और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में 195 नाम जारी हुए। 34 केंद्रीय मंत्रियों को टिकट मिला। वहीं, सूची में 28 महिलाएं, 27 एससी, 18 एसटी, 57 ओबीसी नाम रहे। 50 साल से कम उम्र के 47 कैंडिडेट थे, जिन्हें पार्टी ने युवा कहा।

गरमा-गरम

सियासी चाल... कांग्रेस का ऐलान चुनाव से पहले गरीब महिलाओं को एक लाख सालाना मदद, सरकारी नौकरी में 50% आरक्षण का वादा

बीजेपी की महतारी वंदन की काट.. कांग्रेस की नारी न्याय गारंटी

■ लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की घोषणा

रायपुर/नई दिल्ली/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने बीजेपी की महतारी वंदन, कांग्रेस की नारी न्याय गारंटी योजना की घोषणा कर दी है। अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया पर बीजेपी की महतारी वंदन की तर्ज पर आज बुधवार को नारी न्याय गारंटी योजना का एलान किया है।

कांग्रेस ने वादा किया है कि गरीब महिलाओं को हर साल एक लाख रुपए की मदद का वादा किया है। साथ ही कहा कि सरकारी नियुक्तियों में महिलाओं को आधा हक दिया जाएगा।

खड़गे ने पीएम मोदी और भाजपा की गारंटी पर तंज कसते हुए कहा- कहने की जरूरत नहीं कि हमारी गारंटी खोखले वादे और जुमले नहीं होते। हमारा कहा पत्थर की लकीर होता है। यही हमारा 1926 से अब तक का रिकॉर्ड है, जब हमारे विरोधियों का जन्म हो रहा था तब से हम मैनिफेस्टो बना रहे हैं और उन घोषणाओं को पूरा कर रहे हैं।

कांग्रेस की यह है 5 योजनाएं

- **महालक्ष्मी गारंटी-** इसके तहत सभी गरीब परिवार की एक महिला को सालाना 1 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी।
- **आधी आबादी-पूरा हक-** इसके तहत केंद्र सरकार की नई नियुक्तियों में आधा हक महिलाओं को मिलेगा।
- **शक्ति का सम्मान-** इस योजना के तहत आंगनवाड़ी, आशा और मिड-डे मील वर्कर्स के मासिक वेतन में केंद्र सरकार का योगदान दोगुना होगा।
- **अधिकार मैत्री-** पंचायत में महिलाओं को उनके हक के लिए जागरूक करने और जरूरी मदद के लिए अधिकार एक पैरा-लीगल यानी कानूनी सहायक नियुक्ति।
- **सावित्री बाई फुले हॉस्टल-** जिला मुख्यालयों में कामकाजी महिलाओं के लिए एक हॉस्टल बनाएंगे और पूरे देश में इसकी संख्या दोगुनी की जाएगी।

राहुल-प्रियंका की उम्मीदवारी पर सस्पेंस बरकरार, गांधी परिवार ही लेगा आखिरी फैसला

लखनऊ(ए.)। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस अपने उम्मीदवारों की 2 लिस्ट जारी कर चुकी है. पहली लिस्ट में 39 तो दूसरी सूची में 43 नामों का ऐलान किया गया है। लेकिन अमेठी और रायबरेली से कांग्रेस की तरफसे कौन चुनावी ताल ठोकेगा, इसे लेकर तस्वीर साफनहीं है. सूत्रों की मानें तो पार्टी की स्क्रीनिंग कमेटी अमेठी-रायबरेली सीटों के लिए राहुल-प्रियंका का नाम प्रस्तावित कर सकती है, लेकिन अंतिम फैसला गांधी परिवार पर छोड़ा गया है।

कांग्रेस की अब तक 2 ष्टश्वष्ट बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश अभी भी चर्चा में शामिल नहीं हुआ है। जानकारी के मुताबिक राज्य चुनाव समिति ने कुछ सीटों पर एक नाम तो कुछ सीटों पर एक से ज्यादा नाम भेजे हैं. बताया जा रहा है कि सीईसी की एक और बैठक होगी, इसमें फाइनल लिस्ट पर मुहर लगेगी. हालांकि सबसे ज्यादा चर्चा हाईप्रोफाइल सीट अमेठी और रायबरेली को लेकर हो रही है।

यूपी की पीईसी ने स्क्रीनिंग कमेटी को भेजा प्रस्ताव उत्तर प्रदेश चुनाव समिति ने एक प्रस्ताव रखा है कि अमेठी और रायबरेली समेत राज्य के सभी कांग्रेस कार्यकर्ता चाहते हैं कि राहुल गांधी अमेठी तो प्रियंका गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ें।

ये प्रस्ताव दिल्ली की स्क्रीनिंग कमेटी को भेज दिया गया है। स्क्रीनिंग कमेटी ने प्रस्ताव के बारे में चर्चा की है और आगामी तीसरी बैठक में इसे केंद्रीय चुनाव समिति को भेजने की संभावना है।

आगामी लिस्ट में हो सकते हैं इन नेताओं के नाम

स्क्रीनिंग कमेटी के एक सदस्य ने कहा कि हम संभवतः प्रस्ताव देंगे कि पार्टी के कार्यकर्ता चाहते हैं कि राहुल और प्रियंका गांधी अपने गढ़ से चुनाव लड़ें. क्योंकि अमेठी-रायबरेली पर दशकों तक गांधी परिवार की मजबूत पकड़ रही है. एक सूत्र ने बताया कि पहले की तरह अंतिम फैसला गांधी परिवार को लेना है. इसके अलावा जो बड़े नाम आगामी लिस्ट में शामिल हो सकते हैं, वे हैं फतेहपुर सीकरी से पूर्व सांसद और प्रदेश अध्यक्ष राज बब्बर, सहारनपुर से कांग्रेस में लौटे इमरान मसूद का नाम सामने आ सकता है. वहीं, पीईसी की ओर से महराजगंज से मौजूदा विधायक वीरेंद्र चौधरी का नाम प्रस्तावित किया गया है।

15 मार्च को सीईसी की बैठक में होगी यूपी पर चर्चा

लिस्ट को फाइनल करने की तैयारी चल रही है। 15 मार्च को सीईसी में उत्तर प्रदेश पर चर्चा हो सकती है। इस बात पर अभी भी सस्पेंस बरकरार है कि क्या पार्टी अपने सहयोगी दल समाजवादी पार्टी को सलमान खुर्शीद के गृह क्षेत्र फर्रुखाबाद में एक और सीट के बदले में देने के लिए मना पाएगी। कांग्रेस नेता ने लिखा था और सीट शेयरिंग फॉर्मूले में सीट सपा के खाते में जाने पर कहीं और से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था।

रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले में एनआईए को मिली बड़ी सफलता

बेंगलुरु। बेंगलुरु के फेमस 'द रामेश्वरम कैफे' में हुए विस्फोट के मामले में एनआईए को बड़ी कामयाबी मिली है। एनआईए ने रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट के मामले में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। शख्स की पहचान शब्बीर के रूप में हुई है और वह बेल्लारी के कौल बाजार इलाके का बताया जा रहा है। एनआईए द्वारा हिरासत में लिया गया शब्बीर तोरांगल में एक निजी कंपनी में काम करता था। 1 मार्च की सुबह 9:10 बजे बुडा कॉम्प्लेक्स के पास उसकी मुलाकात संदिग्ध व्यक्ति से हुई। इन्हीं सब शक के आधार पर एनआईए के अधिकारियों ने शब्बीर को हिरासत में ले लिया है। बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए बम ब्लास्ट मामले में एनआईए के अधिकारी जांच जारी रखे हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एनआईए के अधिकारी ने कहा कि संदिग्ध हमलावर बेल्लारी न्यू बस स्टैंड से बुडा कॉम्प्लेक्स के पास एक ऑटो में आया था और उतरने के बाद शब्बीर से मिला था।

बिहार में चाचा-भतीजे की रार से अटका एनडीए का सीट बंटवारा, 40 सीटें, 6 पार्टियां और हाजीपुर का पेंच

पटना(ए.)। लोकसभा चुनाव करीब हैं और केंद्र की सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में सीट शेयरिंग की कवायद तेज हो गई है. सीट शेयरिंग को लेकर पटना से लेकर दिल्ली तक बैठक पर बैठक हो रही है. बिहार बीजेपी अध्यक्ष और नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी समेत बीजेपी और सहयोगी दलों के बड़े नेता दिल्ली में डेरा डाले थे।

मैराथन मंथन का दौर चलता रहा लेकिन सीट शेयरिंग को लेकर किसी फॉर्मूले पर सहमति नहीं बन सकी। दिल्ली से पटना लौटने के बाद सम्राट चौधरी ने यह दावा किया कि लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव कार्यक्रम के ऐलान से पहले सीट शेयरिंग के फॉर्मूले का ऐलान कर दिया जाएगा. बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और जेडीयू एमएलसी अशोक चौधरी ने भी यह दावा किया है कि एनडीए में सब ठीक है और चुनाव कार्यक्रम के ऐलान से पहले सीट शेयरिंग फॉर्मूला तय कर लिया जाएगा. चिराग पासवान और उपेंद्र कुशवाहा को लेकर एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सही समय पर सबकुछ सार्वजनिक किया जाएगा।

चिराग और उपेंद्र के सवाल पर नीतीश कुमार के करीबी अशोक चौधरी के जवाब ने अब इसे लेकर कयासों को हवा दे दी है कि क्या एनडीए में सबकुछ ठीक है? यह कयास अनायास भी नहीं. चिराग पासवान और उपेंद्र कुशवाहा को हाल ही में बिहार के बेगूसराय आए पीएम मोदी के कार्यक्रम में शामिल होना था लेकिन दोनों ने ही इस आयोजन से किनारा कर लिया।

बिहार लोकसभा सीटों को लेकर पार्टियों की डिमांड

बिहार में लोकसभा की 40 सीटें हैं। 2019 के चुनाव में एनडीए को 39 सीटों पर जीत मिली थी. बीजेपी के 17, जेडीयू के 16 और अविभाजित लोक जनशक्ति पार्टी के छह उम्मीदवार चुनाव जीते थे. अब समस्या यह है कि एलजेपी अब दो धड़ों में बंट गई है- एक पशुपति पारस की राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी और दूसरी चिराग की लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास. दोनों ही पार्टियां पिछले चुनाव के फॉर्मूले पर छह-छह सीटों की मांग कर रही हैं. यह फॉर्मूला भी सामने आया था कि चिराग पासवान की पार्टी को 5 और पशुपति पारस की पार्टी को 1 से 2 सीटें मिल सकती हैं।

हाजीपुर सीट पर चिंता

चिराग अपने पिता की विरासत का जिक्र करते हुए हाजीपुर पर दावा कर रहे हैं. चिराग इस सीट से भावनात्मक रिश्ते का जिक्र करते हुए यहां से अपनी मां रीना पासवान को चुनाव मैदान में उतारने की मंशा जता चुके हैं तो वहीं पशुपति ने भी दो टूक कह दिया है कि यह सीट नहीं छोड़ेंगे. हाजीपुर में चाचा-भतीजे की रार से भी सीट शेयरिंग की बातचीत में बाधा आ रही है. बिहार बीजेपी के प्रभारी विनोद तावड़े ने हाजीपुर का पेच सुलझाने के लिए पशुपति पारस के सामने यह प्रस्ताव भी रखा था कि चाचा-भतीजा, दोनों की पार्टियां एक हो जाएं. लेकिन पशुपति ने इस पर भी साफ कह दिया कि चिराग के साथ दल, दिल और परिवार नहीं मिल सकते।

सीट शेयरिंग को लेकर जारी बातचीत के बीच चिराग ने 10 मार्च को मुजफ्फरपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा गठबंधन बस बिहार की जनता के साथ है. चिराग के इस बयान को सीट शेयरिंग के लिए बातचीत बीजेपी और एनडीए के अन्य सहयोगी दलों के लिए चेतावनी की तरह देखा गया।

'अगर बेइज्जती महसूस हो रही है तो हमारे साथ आ जाओ', उद्धव के बयान को गडकरी ने बताया 'अपरिपक्व'

मुंबई(ए.)। शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे ने बीजेपी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को कई सुझाव दिए। उन्होंने गडकरी को सलाह दी कि अगर बीजेपी उनका अपमान करती है तो उन्हें पार्टी छोड़कर उनके साथ आ जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में विपक्ष आपको जीत दिलाएगा। उद्धव ठाकरे के इस बयान को नितिन गडकरी ने अपरिपक्व और हास्यास्पद बताया है। नितिन गडकरी ने कहा कि शिवसेना नेता को भाजपा नेताओं के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि ठाकरे का सुझाव अपरिपक्व और हास्यास्पद है। भाजपा में प्रत्याशियों को टिकट देने की एक प्रणाली है। उन्होंने कहा कि ठाकरे का सुझाव आगामी लोकसभा चुनावों के लिए महाराष्ट्र में टिकट वितरण पर भाजपा की चर्चा से काफी पहले आया है।

उद्धव ठाकरे ने दिया था ऑफर

नितिन गडकरी ने भरोसा जताया कि भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को लोकसभा चुनाव में 400 से ज्यादा सीटें मिलेंगी। बता दें कि कुछ दिन पहले बीजेपी की पहली लिस्ट पर शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा कि बीजेपी की लिस्ट आ गई है। कई नाम सामने आए हैं। लिस्ट में पीएम मोदी के साथ कृपाशंकर सिंह का भी नाम है।

राहुल गांधी ने एक बार फिर अग्निवीर योजना को लेकर केन्द्र पर साधा निशाना

नई दिल्ली (ए.)। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा जारी है और राहुल गांधी लगातार केंद्र सरकार पर निशाना साध रहे हैं। कांग्रेस नेता ने एक बार फिर अग्निवीर योजना पर सवाल खड़े किए हैं और कहा है कि यह सिर्फ 'अडाणी' को फायदा देने के लिए लाई गई स्कीम है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा फिलहाल महाराष्ट्र के दोंडाइचा पहुंची हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने भाषण के दौरान चीन का जिक्र करते हुए कहा कि– ÷चीन के सैनिकों को 3-4 साल की ट्रेनिंग मिलती है। 'मॉडर्न' हथियार चलाने का तरीका सीखने में तीन-चार साल का वक्त लगता है, लेकिन जो अग्निवीर है उसे 6 महीने की ट्रेनिंग देकर चीन के सैनिक के सामने खड़ा कर दिया जाएगा।

राहुल गांधी ने आगे कहा - अग्निवीर इसलिए लागू किया गया क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी चाहते हैं कि जो पेंशन का पैसा है वो सीधा अडाणी डिफेंस को चला जाए। जो सैनिक की पेंशन का पैसा है वो अडाणी को चला जाए और सैनिकों की रक्षा और शहीदों का पैसा भी अडाणी को चला जाए।

न्यूज गैलरी

अहमदनगर बना अहिल्या नगर 8 स्टेशन के भी बदलेंगे नाम

मुंबई। महाराष्ट्र में अहमदनगर का नाम बदल अहिल्या नगर कर दिया गया है। महाराष्ट्र सरकार ने कुछ और जगहों के नाम बदल दिए हैं। बताया जा रहा है कि कुल आठ रेलवे स्टेशन के नाम भी मुंबई में अब बदल दिए गए हैं, ये सारे वो स्टेशन हैं जिनका नामकरण अंग्रेजों के शासनकाल के दौरान हुआ था। ऐसे में गुलामी की मानसिकता से मुक्ति लेने के लिए अब इन सभी जगहों के नाम बदल दिए गए हैं। अब ये कोई पहली बार नहीं है जब किसी राज्य में इस तरह से जगहों का नामकरण किया गया हो। बीजेपी शासित ज्यादातर राज्यों में नामकरण की ये प्रक्रिया लगातार होती रहती है। उत्तर प्रदेश में तो सीएम योगी आदित्यनाथ ने कई जगहों के नाम बदल दिए हैं। इलाहाबाद बन चुका है प्रयागराज, फैजाबाद बन चुका है अयोध्या। इसी तरह 2019 के अर्द्ध कुंभ को ही उन्होंने कुंभ का नाम दे दिया था। अब अगर सीएम अपने स्तर पर नाम बदल रहे हैं तो पीएम नरेंद्र मोदी ने भी कुछ पुरुस्कारों का नाम बदल इस ट्रेंड को बढ़ावा दिया है। मोदी सरकार ने राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार का नाम बदलकर मेजर ध्यानंद खेल रत्न पुरस्कार कर दिया था। उससे पहले मोटेरा स्टेडियम का नाम सरदार पटेल की जगह नरेन्द्र मोदी के नाम पर कर दिया गया। वैसे देश की सियासत में शहरों से लेकर स्टेशनों के नाम बदलने का सिलसिला काफी पुराना है। कांग्रेस की सरकार हो या बीजेपी की, सभी ने अपनी राजनीतिक के हिसाब से नामकरण किया है। स्वतंत्र भारत में साल 1950 में सबसे पहले पूर्वी पंजाब का नाम पंजाब रखा गया। 1956 में हैदराबाद से आंध्रप्रदेश, 1959 में मध्यभारत से मध्यप्रदेश नामकरण हुआ। सिलसिला यहीं नहीं खत्म हुआ।

हर साल 17 सितंबर को मनाया जाएगा हैदराबाद मुक्ति दिवस

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को हर साल 17 सितंबर को 'हैदराबाद मुक्ति दिवस' मनाने की घोषणा की। भारत सरकार ने इस दिन को मनाने और उन शहीदों को याद करने का फैसला किया है जिन्होंने दशकों पहले हैदराबाद को आजाद कराया था और युवाओं के मन में देशभक्ति की लौ जलाई थी। गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर कहा कि हैदराबाद 15 अगस्त 1947 को भारत की आजादी के बाद भी 13 महीने तक निजामों के शासन में रहा और उसे आजादी नहीं मिली।

पाकिस्तान से आए हिंदू शरणार्थियों के खिलाफ नहीं होगी कार्रवाई, दिल्ली हाईकोर्ट ने दिया आदेश

नई दिल्ली। दिल्ली के मजनू का टीला इलाके में रहे पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थियों को राहत देते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (ष्ठष्ठ) को निर्देश दिया है कि इनके खिलाफ कोई तोड़फोड़ की कार्रवाई ना की जाए। यह आदेश उस याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने आया जिसमें 4 मार्च को जारी किए गए ष्ठष्ठ के एक नोटिस को चुनौती दी गई थी। इस नोटिस में लिखा था कि यहां रह रहे लोगों को 6 मार्च तक शिविर को खाली कर देना है। इस नोटिस के खिलाफ दायर याचिका में यहां रह रहे 800 लोगों के लिए रहने की व्यवस्था ना होने तक ष्ठष्ठ के आदेश को टालने की मांग की गई थी। मामले की अगली सुनवाई अब 19 मार्च को होगी और तब तक ष्ठष्ठ को किसी तरह की कार्रवाई करने से कोर्ट ने मना कर दिया है। दिल्ली विकास प्राधिकरण ने एक नोटिस चस्पा किया था। जिसमें लिखा था कि दिल्ली के मजनू का टीला इलाके में रहे पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थी इस इलाके को खाली कर दें। याचिका में कहा गया कि हिंदू शरणार्थी यहां कई सालों से रह रहे हैं।

चीन के रेस्टोरेंट में बड़ा धमाका, 1 की मौत, कई इमारतों पर असर

नई दिल्ली। उत्तरी चीन के हेबेई प्रांत के एक शहर में एक संदिग्ध गैस विस्फोट हुआ। इस घटना के दौरान कई इमारतों और गाड़ियों को भी भारी नुकसान हुआ है। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत की खबर भी सामने आई है और करीब 22 लोग घायल हुए हैं। इन सभी को इलाज के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

चाइना सेंट्रल टेलीविजन के अनुसार, विस्फोट सुबह 7:55 बजे ग्राउंड फ्लोर के एक रेस्टोरेंट में हुआ है। यह रेस्टोरेंट एक पुरानी इमारत में बना हुआ था। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में दिखाई दे रहा है कि गाड़ियों में आग लगी हुई है और पूरे इलाके में धुएं का गुबार नजर आ रहा है। घटनास्थल पर मौजूद लोग मदद की गुहार लगा रहे हैं। धमाके की वजह से आसपास की इमारतों के शीशे टूट गए हैं। सरकारी मीडिया ने कहा कि बचावकर्मी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। वहीं, स्थानीय लैंगफैंग फायर ब्रिगेड विभाग ने कहा कि 36 आपातकालीन वाहन और 154 कर्मियों को घटनास्थल पर भेजा गया है। रेस्टोरेंट के पास दुकान में काम करने वाली एक व्यापारी महिला ने सरकारी न्यूज चैनल को बताया कि वह अपनी दुकान में थी जब उसने धमाके की आवाज सुनी। वह अपनी दुकान से बाहर भागी और देखा कि एक इमारत में आग लगी हुई है और पूरी बिल्डिंग लगभग नष्ट हो गई है। चीन में हाल के महीनों में कई बड़ी दुर्घटनाएं हुई हैं।

प्रेमी ने मिलने बुलाया, फिर काट दिया युवती का हाथ

उन्नाव। एक तरफा प्यार में पागल एक युवक ने अपने प्रेमिका का जीवन बर्बाद कर दिया. उसने युवती का बायां हाथ काट दिया है. बताया जा रहा है कि वह युवती की शादी किसी और जगह तय होने से नाराज था. घटना उत्तर प्रदेश के उन्नाव की है. सीओ कुमार ने कहा कि महिला का अस्पताल में इलाज चल रहा है. वारदात को अंजाम देने के कुछ ही घंटों बाद आरोपी रिंकू को गिरफ्तार कर लिया गया था. हमने मामले के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की है और जांच शुरू कर दी है.

कश्मीर में बारिश हिमपात के आसार

श्रीनगर(वार्ता)। कश्मीर घाटी के ज्यादातर हिस्सों में अगले 24 घंटों मे हल्की से मध्यम बारिश अथवा हिमापत होने के आसार हैं। मोसम विभाग के अनुसार इस दौरान गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश या हिमपात हो सकता है। वहीं 15 से 20 मार्च तक मौसम शुष्क बने रहने का अनुमान है।

स्नो मैराथन जीतकर लौट रहे सेना के मेजर और 16 जवानों पर हमला, लाठी और छड़ें लेकर 30-35 लोगों ने किया अटैक

नई दिल्ली। पंजाब के मनाली-रोपड़ रोड पर एक ढाबे के मालिक और कर्मचारियों ने सेना के एक मेजर और उनके 16 जवानों की टीम पर हमला किया। इस हमले में मेजर और कुछ जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने कीरतपुर साहिब थाने में स्नढ्ढक्र दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार सुबह दर्ज की गई एफआईआर के अनुसार, यह घटना सोमवार को हुई जब लद्दाख स्काउट्स के मेजर सचिन सिंह कुंतल और उनके सैनिक पिछले दिन लाहौल में आयोजित स्नो मैराथन जीतने के बाद हिमाचल प्रदेश के मनाली के पास पलचान से लौट रहे थे। जवानों और ढाबा मालिक के बीच बिल के भुगतान को लेकर विवाद

पुलिस ने बताया कि चंडी मंदिर जा रही जवानों की टीम रात करीब सवा नौ बजे रोपड़ जिले के भरतगढ़ के पास अल्पाइन ढाबे पर रात के खाने के लिए रुकी। एफआईआर के मुताबिक, जवानों और ढाबा मालिक के बीच बिल के भुगतान के तरीके को लेकर विवाद हो गया क्योंकि उन्होंने यूपीआई के माध्यम से भुगतान स्वीकार नहीं किया और टैक्स से बचने के लिए नकद भुगतान पर जोर दिया।

सैनिकों द्वारा ऑनलाइन बिल का भुगतान करने के बाद भी मालिक ने नकद भुगतान पर जोर दिया।

मुस्लिमों पर फोकस, नए समीकरण, इंडिया गठबंधन पर क्या होगा मायवती की रणनीति का असर

लखनऊ(ए.)। करीब दो साल पहले उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव हुए थे। इस चुनाव में आजमगढ़ लोकसभा सीट से तत्कालीन सांसद सपा के प्रमुख अखिलेश यादव भी विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए थे। अखिलेश ने विधानसभा के लिए निर्वाचन के बाद लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। अखिलेश के इस्तीफे से रिक्त हुई आजमगढ़ सीट के लिए उपचुनाव हुए जिसमें सपा को पूर्वांचल के अपने इस गढ़ में शिकस्त का सामना करना पड़ा. सपा उम्मीदवार धर्मेंद्र यादव को हराकर बीजेपी के दिनेशलाल यादव निरहुआ संसद पहुंच गए।

अब आप सोच रहे होंगे कि इस उपचुनाव, बीजेपी की जीत, सपा की हार की चर्चा क्यों? दरअसल, इस उपचुनाव के नतीजे आने के बाद जीतने और दूसरे स्थान पर रहने वाले उम्मीदवार से अधिक चर्चा हुई तीसरे स्थान पर रहे उम्मीदवार की और वह उम्मीदवार थे शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली. बसपा के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरे गुड्डू जमाली तीसरे स्थान पर रहे लेकिन चुनाव जीतने वाले उम्मीदवार के मुकाबले वोट का अंतर 50 हजार से भी कम का ही रहा. बीजेपी उम्मीदवार निरहुआ को 3 लाख 12 हजार 768 वोट मिले थे. सपा के धर्मेंद्र 8679 वोट के अंतर से चुनाव हार गए थे। गुड्डू जमाली को 2 लाख 66 210 वोट मिले थे। आजमगढ़ उपचुनाव को दो साल बीत चुके हैं। देश अब लोकसभा चुनाव के मुहाने पर खड़ा है. चुनाव अलग है, समय अलग है, राजनीतिक परिस्थितियां अलग हैं लेकिन एक बात जो समान नजर आ रही है, वह है बसपा की रणनीति. बसपा दलित-मुस्लिम का नया समीकरण गढ़ने की रणनीति पर ही बढ़ती नजर आ रही है।

सूत्रों की मानें तो बसपा ने पिछले तीन दिन में पांच लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवार तय कर दिए हैं. पांच में चार उम्मीदवार मुस्लिम वर्ग से हैं।

गठबंधन पर क्या होगा असर

मायावती की पार्टी ने कन्नौज से पूर्व सपा नेता अकील अहमद, पीलीभीत से पूर्व मंत्री अनिल अहमद खान फूल बाबू ,अमरोहा से मुजाहिद हुसैन और मुरादाबाद सीट से इरफान सैफी की उम्मीदवारी पर मुहर लगा दी है. इनमें से कुछ सीटें ऐसी हैं जहां मुस्लिम आबादी अधिक है. ऐसे में कहा ये भी जा रहा है कि इन सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार उतारने के अलावा बसपा के पास कोई और विकल्प नहीं है।

न्यूज गैलरी

लोकसभा चुनाव में कार्टून वार

बीजेपी ने कांग्रेस प्रत्याशी पर साधा निशाना

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर राजनीतिक पार्टियां मैदानी स्तर पर जुटी हुई है. वहीं आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी जारी है. इस बीच भाजपा ने कार्टून वार शुरू किया है. भाजपा ने आज फिर से सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट किया है. जिसमें बीजेपी ने लिखा है अवैध कब्जा सरगना. साथ ही उस पोस्टर में लिखा है, सुना है जांजगीर-चांपा में बहुत जमीन है. चलो कब्जा करते हैं. वहीं कैप्शन में भाजपा ने जांजगीर-चांपा की जनता से अपील करते हुए कहा है कि सावधान रहें, पूर्व कब्जाबाज मंत्री की नजर अब आपकी जमीन पर है.

बीते दिन बीजेपी ने एक पोस्ट किया था जिसको लेकर राजनीतिक गलियारों में बवाल मच गया था. बीजेपी ने एक्स पोस्ट में भूपेश बघेल को जेहादी गिरोह का झंडा थामे दिखाया और उनके पीछे खड़े लोगों को हाथ में तलवार लेकर खड़े होते हुए दिखाया गया. इसके साथ ही भूपेश को भाईजान अगला नंबर राजनांदगांव का है कहते हुए दिखाया गया है. इस पोस्ट के कैप्शन में बीजेपी ने राजनांदगांव या जिहादगांवज. चुनाव आपका है! लिखा है. बता दें कि जांजगीर-चांपा लोकसभा सीट से कांग्रेस ने पूर्व मंत्री शिव कुमार डहरिया को प्रत्याशी बनाया है. वहीं बीजेपी ने कमलेश जांगड़े को अपना उम्मीदवार बनाया है।

राज्य में मोदी की गारंटी शतप्रतिशत हो रही पूरी: मंत्री लखनलाल देवांगन

रायपुर/नवप्रदेश। किसान हितैषी प्रदेश सरकार के मुखिया श्री विष्णु देव साय द्वारा आज जनकल्याणकारी योजना कृषक उन्नति योजना का शुभारंभ करते हुए किसानों के खाते में समर्थन मूल्य में धान खरीदी की अंतर की राशि का अंतरण किया गया। बालोद जिले के सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय कृषक उन्नति योजना कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा हजारों किसानों एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में राज्य के 24 लाख 72 हजार किसानों के खाते में 13 हजार 320 करोड़ रूपए की आदान सहायता राशि अंतरित की गई। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपने सम्बोधन में कहा कि कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ राज्य के लिए आज का दिन सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार के गठन होने के साथ ही विकास कार्य प्रारंभ हो गए है। सरकार द्वारा पहली कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्य में कमजोर परिवार के लोगो के लिए 18 लाख पक्के मकान निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई। भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर दो साल का बकाया बोनस का 12 लाख से अधिक किसानों को 3716 करोड़ रुपये प्रदान किया गया।

कमलवती डॉक्टर और मनीषा बनना चाहती है प्रोफेसर

रायपुर/नवप्रदेश। जंगल जतरा महासम्मेलन कोंडागांव में पहुंची कुमारी कमलवती और मनीषा की आंखों में भविष्य के सपने तैर रहे हैं। दोनों चेहरे पर मुस्कान और दिल में उमंग लिए महासम्मेलन में शिरकत करने पहुंची। कमलवती और मनीषा ने बताया कि वे दोनों लगाकर पढ़ाई करती हैं। दोनो के परिवार में तेंदूपत्ता का संग्रहण किया जाता है। राज्य सरकार की इस बेहद महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत यदि बच्चे कक्षा 10वीं कक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण होती हैं तो उन्हें 15 हजार रुपए की छात्रवृत्ति मिलेगी। इसी योजना का लाभ मिला दोनों बालिकाओं को। दोनों ने ही खूब मेहनत की और 76 और 78 प्रतिशत अंक अर्जित कर छात्रवृत्ति की हकदार बनी। राज्य में नई सरकार गठन के बाद ये छात्रवृत्ति उनके खाते में प्राप्त हुआ। कमलवती और मनीषाअभी कक्षा 11वीं कक्षा में विज्ञान विषय लेकर पढ़ाई कर रही हैं। कमलवती ने बताया कि उन्होंने इस राशि से 11वीं के लिए जरूरी पुस्तक और अध्ययन सामग्री ली। वे भविष्य में डॉक्टर बनना चाहती है। उनका कहना है 12वी में 75 प्रतिशत अंक लाकर 25 हजार की छात्रवृत्ति प्राप्त करेगी। इसी तरह कुमारी मनीषा भी 11वीं की पढ़ाई विज्ञान विषय लेकर कर रही है। वो प्रोफेसर बनना चाहती है। उनका कहना है राज्य सरकार की इस योजना से उन्हें खर्च की चिंता नहीं है। मैं पढ़ाई करना चाहती हूं। अब राज्य सरकार ही मेरे इस सपने को साकार करेगी।

हितग्राही सीताराम भारती को मुख्यमंत्री के हाथों मिला 2 लाख रुपए का चेक

रायपुर/नवप्रदेश। जिले के बकावंड ब्लॉक से जंगल जतरा कार्यक्रम में पहुंचे ग्राम कोहकापाल के किसान श्री सीताराम भारती काफी खुश हैं क्योंकि उन्हें आज मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के हाथों दो लाख रुपए का चेक मिला। श्री भारती ने बताया कि तेंदूपत्ता संग्राहक बीमा सुरक्षा योजना के तहत उन्हें यह राशि दी गई। श्री भारती ने भावुक होकर बताया कि उनकी पत्नी श्रीमती कमला बाई भारती तेंदूपत्ता संग्राहक थी। साल भर पहले वह चेचक और पीलिया की बीमारी से गंभीर रूप से ग्रसित हो गई तथा इलाज के दौरान 23 जुलाई 2023 को वह परलोक सिधार गई। इससे उनका पूरा परिवार पूरी तरह से बिखर गया। श्री भारती ने कहा कि उक्त सुरक्षा बीमा योजना के तहत आज उन्हें दो लाख रुपए का चेक प्राप्त हुआ।

पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजनांतर्गत चयन परीक्षा संपन्न

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजनांतर्गत शिक्षा सत्र वर्ष 2024-25 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेण्ड्री राजनांदगांव में चयन परीक्षा का आयोजन किया गया। चयन परीक्षा में 287 परीक्षार्थियों में से 282 परीक्षार्थी शामिल हुए एवं 5 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। परीक्षा में हिन्दी, अंग्रेजी, पर्यावरण, विज्ञान एवं गणित विषयों से संबंधित कुल 100 प्रश्न पूछे गए थे।

शिक्षा के माध्यम से ही समाज और राष्ट्र का होगा विकास

- **समाजिक बुराइयों को दूर करना हम सब की जिम्मेदारी-डिप्टी सीएम साव**
- **सामूहिक आदर्श विवाह एवं सम्मान समारोह में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री**

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अरूण साव के मुख्य आतिथ्य में तहसील साहू संघ पलारी,रोहांसी,भवानीपुर,दतान परिक्षेत्र व नगर साहू संघ पलारी के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को आदर्श विवाह व सम्मान समारोह का आयोजन ग्राम छेरकापुर में किया गया। अतिथियों ने भक्त माता कर्मा के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद कबीर आश्रम के महंत ने विधि विधान के साथ विवाह संपन्न कराया। उप मुख्यमंत्री श्री साव सहित समस्त अतिथियों और समाजिक पदाधिकारियों ने 28 जोड़े नव दंपत्तियों को शुभाशीष दी और उनके सुखमय व मंगलमय जीवन की कामना की।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कृति को सहेजते हुए आधुनिकता की ओर समाज आगे की ओर ले जाना है। इसके लिए समाज में मौजूदा बुराईयों एवं प्रथाओं को दूर करते हुए हम सब को शिक्षा पर जोर देने की आवश्यकता है। शिक्षित समाज से ही एक सशक्त राज्य और राष्ट्र का निर्माण हो सकता है। उन्होंने कहा कि साहू समाज की सामूहिक आदर्श विवाह एक प्रशंसनीय पहल है।

गरीब परिवारों के माता-पिता को अपने बेटियों के शादी की चिंता सदैव बनी रहती थी। बेटियों की शादी के लिए कर्ज लेने या संपत्ति बेचने तक की नौबत आ जाती थी। इस आदर्श विवाह का लाभ उन गरीब परिवार की बेटियों को मिल रहा है। साहू समाज की इस पहल को निर्भीक निर्णय बताते हुए इसकी सराहना की। कार्यक्रम को विधायक श्री संदीप साहू एवं श्री मोतीलाल साहू ने भी संबोधित किया।

इस मौके पर कसडोल विधायक श्री संदीप साहू, रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू, पूर्व विधायक सुश्री शकुंतला साहू, प्रदेश साहू समाज अध्यक्ष श्री टहल सिंह साहू, जिला प्रशासन अधिकारी सहित समाज के अन्य पदाधिकारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इसके साथ ही मुख्य मंच से समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का शॉल, श्रीफल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

आर्टिकल 370 फिल्म ऐतिहासिक फिल्म है : राज्यपाल हरिचंदन

- **राज्यपाल ने गणमान्य नागरिकों के साथ फिल्म देखी**

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने आज जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और मीडिया प्रतिनिधियों के साथ राजधानी रायपुर के स्थानीय मॉल में जाकर फिल्म 'आर्टिकल 370' देखी। फिल्म देखकर उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक फिल्म है। आजादी के 70 साल के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह साहसिक एवं महत्वपूर्ण फैसला लिया गया जिससे पूरे देश में देश भक्ति की भावना जागृत हुई और लोगों ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने पर खुशी व्यक्त की। इस निर्णय से जम्मू कश्मीर के विकास का रास्ता खुल गया।

राज्यपाल श्री हरिचंदन ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं हो सकते और उन्होंने अपनी जीवन की कुर्बानी भी इस ध्येय के लिए दी थी। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से सीमा पार आतंकवाद में भी कमी आई है और जम्मू कश्मीर में शांति का वातावरण स्थापित हुआ है। राज्यपाल श्री हरिचंदन ने सभी नागरिकों से इस फिल्म को अवश्य देखने की अपील की है।

इस अवसर पर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, राज्यपाल के सचिव श्री यशवंत कुमार, विधिक सलाहकार श्री राजेश श्रीवास्तव, राजभवन के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

कलिंगा विश्वविद्यालय में एआई रोबोटिक्स और ड्रोन लैब के लिए उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन किया गया

रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय में शनिवार शाम को पूरे छत्तीसगढ़ में एआई रोबोटिक्स और ड्रोन लैब के अपनी तरह के पहले उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन हुआ।

उत्कृष्टता केंद्र एआई रोबोटिक्स और ड्रोन लैब का उद्घाटन मुख्य अतिथि द्वारा संकाय सदस्यों, गणमान्य व्यक्तियों और छात्रों की उपस्थिति में लैब के प्रवेश द्वार पर रिबन काटकर किया गया। उद्घाटन सत्र के दौरान मुख्य अतिथि एवं गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन समारोह हुआ। भारत ड्रोन सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली के निदेशक कर्नल एन. सी. गुप्ता ने स्वागत भाषण दिया। बीटीसीएस छठे सेमेस्टर के छात्र श्री आदित्य राज, श्री विकाश कुमार प्रधान और श्री राहुल बेहरा द्वारा एआई रोबोटिक्स और ड्रोन का एक प्रोजेक्ट प्रदर्शन किया गया।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि प्रोफेसर (डॉ.) कर्नल उमेश कुमार मिश्र ने विभिन्न क्षेत्रों में एआई रोबोटिक्स और ड्रोन की भविष्य की संभावनाओं और महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीकी नवाचार की आधारशिला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मानव बुद्धि की नकल करने की क्षमता के माध्यम से उद्योगों को नया आकार दे रही है। स्वास्थ्य सेवा में, एआई-संचालित प्रणालियाँ निदान, दवा खोज और व्यक्तिगत उपचार योजनाओं में क्रांति ला रही हैं, जिससे जीवन बच रहा है और रोगी के परिणामों में सुधार हो रहा है। इसी तरह, वित्त में, एआई एल्गोरिदम धोखाधड़ी वाली गतिविधियों का पता लगाने, निवेश को अनुकूलित करने और ग्राहक अनुभवों को बढ़ाने के लिए विशाल डेटासेट का विश्लेषण करता है।

पर्यावरणीय नियमों का उल्लंघन करने वाले उद्योगों पर की गई कार्यवाही

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर, डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर पर्यावरणीय नियमों का उल्लंघन करने वाले उद्योगों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में पर्यावरण विभाग की टीम ग्राम-धुसेरा, अभनपुर में संचालित मेसर्स विजय इंण्डस्ट्रीज से बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग की जप्ति की कार्यवाही की गई है। उल्लेखनीय है कि आवास एवं पर्यावरण विभाग, छ.ग. शासन द्वारा प्लास्टिक कैरी बैग के निर्माण तथा उपयोग को प्रतिबंधित किया गया है। पर्यावरण विभाग द्वारा लगातार उद्योगों की जांच कर धर-पकड़ का कार्य जारी है। इसी क्रम में ग्राम-धुसेरा, अभनपुर में संचालित मेसर्स विजय इंण्डस्ट्रीज के निरीक्षण में उद्योग द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग का निर्माण किया जाना पाया गया तथा उद्योग से भारी मात्रा में लगभग 131 कि.ग्रा. प्लास्टिक कैरी बैग जप्त किया गया। साथ ही उद्योग को जल एवं वायु अधिनियमों के निहित प्रावधानों के तहत् संचालन बंद करने का निर्देश जारी किया गया तथा विद्युत विभाग को उक्त उद्योग का विद्युत विच्छेदन करने बाबत् भी निर्देशित किया गया। कलेक्टर महोदय द्वारा आगे भी लगातार कार्यवाही जारी रखने तथा किसी भी तरह के प्रतिबंधित प्लास्टिक उत्पादों का उत्पादन करते पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। इसी तरह तान्या चंद्राकर ने मुख्यमंत्री को उनके और उनकी माता की फोटो फ्रेम भेंट की। उन्होंने बताया की वह यूपीएससी की तैयारी कर रही हैं और तक्षशिला में उन्होंने सदस्यता ली है। यहां उपलब्ध डिजिटल रीडिंग जोन, परिसर में वाई-फाई जैसी सुविधाओं से उनके पढ़ाई में बहुत लाभ मिलेगा। उन्होंने अभ्यर्थियों के लिए अत्याधुनिक लाइब्रेरी बनवाने के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद दिया।

प्रबंध संचालक मिश्रा ने किया शहर में संचालित अंडरग्राउंड केबलिंग कार्यों का निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम कमिश्नर और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक श्री अबिनाश मिश्रा ने आज स्मार्ट सिटी मिशन के तहत सी.एस.पी.डी.सी.एल. और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अधिकारियों के साथ शहर में संचालित अंडरग्राउंड केबलिंग प्रोजेक्ट का निरीक्षण कर कार्य प्रगति की जानकारी ली। इस निरीक्षण भ्रमण के दौरान रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी श्री उज्जवल पोरवाल, महाप्रबंधक (ई. एंड टी.) श्री पी.के. पंचायती, अतिरिक्त महाप्रबंधक (तकनीकी) श्री बी.आर. अग्रवाल सहित सी.एस.पी.डी.सी.एल. के अधिकारी मौजूद रहे।

निरीक्षण भ्रमण के दौरान मालवीय रोड, आमापारा, लाखे नगर, ईदगाह भाटा, राजकुमार कॉलेज से त्यात्यापारा चौक से बढ़ई पारा राठौर चौक तक चल रहे विकास कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि समयबद्ध योजना के तहत सभी कार्य पूरे किए जाए एवं कार्य के दौरान नागरिकों को समस्या न हो, इसका विशेष ध्यान रखें।

'मोदी की गारंटी' पर अमल करने फेडरेशन ने विधानसभा अध्यक्ष से लगाई गुहार

- **विधानसभा अध्यक्ष ने प्रतिनिधिमंडल को शीघ्र पहल करने दिया ठोस आश्वासन**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के कर्मचारियों के लिए प्रमुख वादे ÷मोदी की गारंटी÷ पर अमल करने मुख्यमंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारियों को फेडरेशन ने 23 फरवरी को बस्तर से सरगुजा तक प्रभावी रैली निकालकर राज्यव्यापी प्रदर्शन किया था।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रदेश संयोजक कमल वर्मा एवं प्रवक्ता चंद्रशेखर तिवारी ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर बताया कि देर रात छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से प्रतिनिधिमंडल ने भेंटकर मोदी की गारंटी के तहत प्रदेश के शासकीय सेवकों को केंद्र के समान डीए देय तिथि से देने, सातवें वेतनमान के एरियर्स की अंतिम किश्त एवम् वर्ष 2019 से लंबित डीए एरियर्स की राशि को जीपीएफ खाते में समायोजित करने की मांग रखी गई। फेडरेशन द्वारा पूर्व में इन मांगों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा गया था।इन मांगों के समर्थन में डॉ रमन सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र भी प्रेषित किया था।विधानसभा अध्यक्ष ने प्रतिनिधिमंडल को आचार संहिता के पूर्व सीएम एवम् वित्त मंत्री से चर्चा कर आदेश जारी कराने ठोस पहल करने का आश्वासन दिया गया।

उन्होंने आगे बताया कि फेडरेशन हमेशा संवाद के माध्यम से अपने मौलिक अधिकार के लिए पहल करता है।लेकिन विगत ढाई महीने बीत जाने के बाद भी कर्मचारी हित में एक भी निर्णय नहीं होने से प्रदेशभर के कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। सरकार यदि कर्मचारी हित में शीघ्र निर्णय नहीं लेती तो फेडरेशन आने वाले दिनों में इन मांगों को लेकर उग्र आंदोलन करेगा। प्रदेशभर में आगामी आंदोलन को लेकर मीटिंग का दौर जारी है।

फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल में बी.पी.शर्मा,पंकज पांडे, सत्येंद्र देवांगन,उमेश मुदलियार,अजय तिवारी, राकेश शर्मा, बिहारी लाल शर्मा, जी.के.देशमुख,नरेंद्र देशमुख आदि शामिल थे।

ग्राम बंगोली के किसान नायक को मिला 11 लाख 70 हजार रूपये

- **दिया मुख्यमंत्री को धन्यवाद कहा, मिली सहायता से खेती व्यवसाय को देने बढ़ावा और बच्चों को देंगे अच्छी शिक्षा**

रायपुर/नवप्रदेश। कृषक उन्नति योजना के तहत राशि प्राप्त होने से किसानों में उत्साह है और उनके चेहरे खिल उठे है। बंगोली गांव के किसान श्री अनिल नायक की उन्नति की राह आसान होगी। वे कहते है कि योजना के तहत 11 लाख 70 हजार रुपए की राशि प्राप्त हुई है। इस राशि का इस्तेमाल खेती के व्यवसाय को बढ़ाने के लिए करेंगे। करीब 70 एकड़ में धान की खेती करने वाले श्री नायक अब साग-सब्जी और कपास की बड़े पैमाने पर करेंगे। साथ ही गन्ने की खेती भी करेंगे। इससे उनकी आमदनी अधिक होगी। इसके लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सरकार को बहुत - बहुत धन्यवाद करते है। इस योजना से किसानों उन्नति की ओर अग्रसर होंगे। वे कहते है कि अब आधुनिकता के साथ खेती कर सकेंगे। इससे लागत भी कम होगी और समय की भी बचत होगी।

तारक खेत में बोर कराएंगे और डबल फसल उगाएंगे

धमनी गांव के किसान श्री कौशल तारक बताते हैं कि वे 10 एकड़ में धान की खेती करते है। खेत में बोर नहीं होने की वजह से डबल फसल लेने में काफी तकलीफें होती थी। फसल खराब होने की चिंता रहती थी, लेकिन कृषक उन्नति योजना के तहत एकमुश्त राशि मिलने से बेहतर सदुपयोग कर पाएंगे। खेत में प्राथमिकता के साथ बोरवेल कराएंगे और रबी फसल भी उगाएंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। श्री तारक को 1 लाख 75 हजार रूपये की सहायता मिली।

कैलाश ने कहा बच्चों की फीस जमा करने की चिंता हुई दूर

तेंदुआ गांव के किसान श्री कैलाश साहू छत्तीसगढ़ सरकार को धन्यवाद देते हुए कहते है कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होने से किसानों को काफी राहत मिली है। वे कहते है कि योजना के तहत एकमुश्त राशि मिलने से बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलेगी और बेटी नेहा व डिंपल के मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई की फीस जमा करने की चिंता नहीं रहेगी। श्री साहू को 44 हजार 749 रूपये की सहायकता मिली।

राशि का उपयोग उन्नत कृषि अपनाने के लिए करूँगा : संतोष वर्मा

धरसीवा के कृषक श्री संतोष वर्मा जिनको चार लाख तीन हज़ार चार सौ अस्सी रुपये का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया गया और माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव सहाय के बटन दबाते ही उसके खातें में यह राशि अंतरित की गई। श्री वर्मा जी बताते हैं कि पूर्व शासन में भी बोनस के तौर पर राशि प्रदान की जाती थी लेकिन वह राशि अलग-अलग समय पर किस्तों के माध्यम से प्राप्त होती थी। किस्तों में प्राप्त होने के कारण वह राशि घर के किसी छोटे-मोटे उपयोग में खर्च हो जाते थे लेकिन भविष्य निधि के तौर पर उसका कोई उपयोग नहीं कर पाते थे। वर्तमान में मोदी की गारंटी के से हमारे मुख्यमंत्री माननीय श्री विष्णुदेव साय जी के सरकार ने एक मुस्त राशि देने की योजना बनाई और कृषक उन्नति योजना के तहत आज मुझे एक मुस्त में चार लाख तीन हजार चार सौ अस्सी रुपये दिया जा रहा है। इसके लिए मैं माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सरकार का आभार व्यक्त करता हूं। इस राशि का मैं अपने खेती में ही उन्नत तकनीक को अपनाने के लिए उपयोग करूंगा।

सुविचार

दो चीजों को कभी व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए एक अन्न का कण और दूसरा आनंद का क्षण। - अज्ञात

संपादकीय

हरियाणा में नेतृत्व परिर्वतन

ऐन लोकसभा चुनाव के पूर्व भाजपा ने हरियाणा में नेतृत्व परिर्वतन करके सबको चौंका दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिन पहले ही हजारों करोड़ रुपए की योजनाओं की सौगात देने हरियाणा पहुंचे थे। और वहां उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर खट्टर की जमकर तारीफ की थी। उनके साथ अपने पुराने संबंधों को भी याद किया था। किन्तु दूसरे ही दिन मनोहर खट्टर को मुख्यमंत्री पद से हटा दिया गया और उनकी जगह नायब सिंह सैनी को हरियाणा का नया मुख्यमंत्री बना दिया गया। इसी के साथ ही जजपा के साथ भाजपा का गठबंधन भी टूट गया। गौरतलब है कि पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को हरियाणा में स्पष्ट बहुमत नहीं मिल पाया था। इसलिए उसे 10 सीटें जीतने वाली जजपा के साथ मिलकर सरकार बनानी पड़ी थी और दुष्यंत चौटाला को उपमुख्यमंत्री बनाना पड़ा था। किन्तु दुष्यंत चौटाला अब लोकसभा चुनाव में भी हरियाणा की दो सीटें मांग रहे थे। जो भाजपा को मंजूर नहीं था। पिछले लोकसभा चुनाव में भी भाजपा ने हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर शानदार जीत दर्ज की थी। इस बार भी वह सभी 10 सीटों पर चुनाव लड़ने की योजना बना चुकी है। किन्तु दुष्यंत चौटाला ने 2 सीटों की मांग करके पेंच फंसा दिया था। नतीजतन भाजपा ने हरियाणा में नेतृत्व परिर्वतन करके दुष्यंत चौटाला को भी उपमुख्यमंत्री पद से हटा दिया। यही नहीं बल्कि दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व वाले जजपा के 5 विधायकों को भी तोड़ लिया है। वैसे भी भाजपा इस तरह के चौंकाने वाले निर्णय पहले भी कई बार ले चुकी है। उत्तराखंड और गुजरात में भाजपा ऐन चुनाव के पहले मुख्यमंत्रियों को बदल चुकी है। हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों के बाद मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में पुराने नेताओं को किनारे कर भाजपा ने नए चेहरों को मुख्यमंत्री पद पर आसीन कराया है। भाजपा बहुत दूर की सोचकर कोई निर्णय लेती है। हरियाणा में भी लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में पिछले 10 सालों से मुख्यमंत्री पद पर आसीन मनोहर खट्टर के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर चलने का खतरा नजर आ रहा था। यही वजह है कि भाजपा ने हरियाणा में मुख्यमंत्री बदलकर एक तीर से कई निशाने साध लिए हैं। यद्यपि इस फेरबदल के कारण हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल विज नाराज हो गए हैं। यहां तक की उन्होंने शपथग्रहण समारोह से भी दूरी बना ली थी। किन्तु मनोहर लाल खट्टर ने दावा किया है कि अनिल विज की नाराजगी दूर कर ली जाएगी। अनिल विज ने खुद भी यह बयान दिया है कि वे पहले भी भाजपा के साथ थे आज भी हैं और कल भी रहेंगे। भाजपा के लिए अब वे और ज्यादा काम करेंगे। जहां तक मनोहर खट्टर का प्रश्न है तो उन्हें लोकसभा चुनाव लड़ा सकती है और केन्द्र में कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकती है।

कसौटी पर खरी उतरती साय सरकार

अपने तीन माह के अल्पकार्यकाल में ही छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने भाजपा के चुनावी संकल्प पत्र में किए गए वादों को तेजी के साथ अमलीजामा पहनाना शुरू कर दिया है। मोदी की एक और गारंटी को पूरा करते हुए साय सरकार ने कृषक उन्नति योजना के अन्तर्गत छत्तीसगढ़ के लगभग 24 लाख 72 हजार से अधिक कृषकों को 13 हजार 320 करोड़ रुपए की आदान सहायता राशि उनके खातों में जमा करा दी है। इसके पहले भी किसानों के हित में विष्णुदेव साय सरकार ने 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीद कर देश में नया कीर्तिमान रचा था। धान की इतनी कीमत और समर्थन मूल्य देने वाला छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य बन गया है। 2 साल के बकाया बोनस का भी साय सरकार ने भुगतान कर दिया है। इससे छत्तीसगढ़ के किसानों में हर्ष व्याप्त है। अपने चुनावी वादे और मोदी की गारंटी को पूरा कर साय सरकार छत्तीसगढ़ के लोगों की कसौटी पर खरा उतरकर दिखा रही है। यद्यपि मात्र 90 दिनों के कामकाज के आधार पर किसी भी सरकार की उपलब्धियों का आंकलन नहीं किया जा सकता लेकिन साय सरकार ने प्रदेश की बागड़ोर हाथ में लेते ही जिस तेजी के साथ काम शुरू किया है और एक नई कार्य संस्कृति विकसित की है। उसे देखते हुए यही कहा जा सकता है कि साय सरकार छत्तीसगढ़ के चहुंमुखी विकास का मार्ग प्रशस्त करने के लिए कटिबद्ध है। भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र में जितने भी प्रमुख वादे किए गए थे उनमें से अधिकांश वादे मात्र तीन माह के भीतर ही पूरे हो चुके हैं या पूरे होने जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय खुद किसान परिवार से आते हैं इसलिए उनसे छत्तीसगढ़ के किसानों ने ढेरों उम्मीदें बांध रखी हैं। और उन्हें इस बात का पूरा भरोसा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय किसानों की दिक्कतों को बेहतर ढ़ग से समझेंगे और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान कर छत्तीसगढ़ की कृषि को नई दिशा देने के साथ ही कृषकों की दशा को भी सुधारने के लिए अपनी ओर से कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। प्रदेश के किसानों को पूरा विश्वास हो चुका है कि साय सरकार के भागीरथ प्रयासों से बहुत जल्द धान का यह कटोरा अब धन के कटोरे के रूप में तब्दील हो जाएगा।

सीएए को लेकर मुस्लिमों को भ्रमित करता विपक्ष

आशीष वशिष्ठ

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने दिसंबर 2021 में राज्यसभा में बताया था कि वर्ष 2018, 2019, 2020 और 2021 के दौरान पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए कुल 3,117 अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता दी गई। हालांकि आवेदन 8,244 मिले थे। वहीं गृह मंत्रालय की 2021-22 की रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल-दिसंबर 2021 में कुल 1,414 विदेशियों को भारतीय नागरिकता दी गई। पड़ोसी देश पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के जो अल्पसंख्यक जान बचाकर भारत आने में सफल रहे, वे यहां की नागरिकता पाने का इंतजार बरसों से कर रहे हैं। उनकी संख्या अच्छी-खासी है। वे अल्पसंख्यक होने के कारण ही इन तीनों देशों में प्रताड़ित किए गए। उनके पास प्रताड़ना से बचने के लिए भारत आने के अलावा और कोई उपाय नहीं था। विपक्ष को इस मुद्दे पर राजनीति से बाज आना चाहिए। वहीं मुस्लिम समुदाय को भी जमीनी हकीकत को समझना चाहिए। राजनीतिक दलों के बहकावे में आकर कोई ऐसा काम नहीं करना चाहिए जो देश और संविधान के खिलाफ हो। आखिरकार यहां सवाल उन हजारों लोगों की जिंदगियों का है जो भारत की नागरिकता लेकर अमन चैन से अपनी जिंदगी बसर करने की ख्वाहिश रखते हैं।

बीते दिनों नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए देश में लागू हो गया है। इस कानून की प्रतीक्षा लंबे समय से थी। 2019 में मोदी सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम संसद से पास किया था। जनवरी 2020 में राष्ट्रपति की मुहर लगने के साथ यह कानून अस्तित्व में आ गया था। सीएए को लेकर देश भर में विरोध-प्रदर्शन हुआ था। केंद्र सरकार ने देशभर में एनआरसी लागू करने की बात कही थी। एनआरसी के तहत भारत के नागरिकों का वैध दस्तावेज के आधार पर रजिस्ट्रेशन होना था। सीएए के साथ एनआरसी को मुसलमानों की नागरिकता खत्म करने के रूप में देखा गया था। इस कानून को लागू किए जाने को लेकर दो एक तरफखुशी का माहौल है तो दूसरी ओर विरोध के स्वर सुनाई दे रहे हैं। खुशी उन लोगों को है जो बरसों से भारत की नागरिकता पाने का इंतजार कर रहे थे। इस कानून के लागू होने के बाद उनकी दशकों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है। विरोध करने वाली जमात में मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले राजनीतिक दल और स्वयंसेवी संगठन हैं। राजनीतिक दल व संगठन इसे पूर्व की भांति तरह अल्पसंख्यक विरोधी बता रहे हैं, वहीं इसे राजनीतिक दांव भी बता रहे हैं।

सीएए लागू होने के बाद विपक्षी दल इस कानून को लेकर देशवासियों को खासकर मुस्लिम समुदाय को भ्रमित कर रहे हैं। असल में, आजादी के बाद से ही अल्पसंख्यकों विशेषकर मुसलमानों की समूची मानसिकता राजनीतिक दलों और उनके संरक्षक बनने का दावा करने वाले स्वयंसेवी संगठनों के ही समझ के अनुसार चलती रही है। सीएए के खिलाफ उठे देशव्यापी विवाद को भी इसी श्रेणी में रखा जा सकता है। विपक्ष अपने बयानों के माध्यम से मुस्लिम समुदाय को यह संदेश दे रहा है कि इस कानून से उनकी नागरिकता संकट में पड़ जाएगी। सरकार और जिम्मेदार पदों पर आसीन लोग इस कानून से जुड़ी तमाम आशंकाओं को दूर कर रहे हैं। लेकिन, विपक्ष मुस्लिम समुदाय को गलत जानकारी देकर उपद्रव और हिंसक प्रदर्शनों के लिए परोक्ष रूप से उकसाता दिखाई दे रहा है। 2020 में विपक्ष ने परोक्ष रूप से कानून के विरोध में हुए हिंसक प्रदर्शनों और उपद्रव में सहायता की थी। ये खुला तथ्य है। नागरिकता संशोधन नियम लागू होने के बाद अब पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई जो 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में आए थे, उन्हें भारतीय नागरिकता बिना वैध पासपोर्ट और भारत के वीजा के बिना मिल सकती है। दरअसल, ये लोग उन देशों में अल्पसंख्यक हैं। जाने किस त्रास या संकट में उन्हें उन देशों को छोड़ कर आना पड़ा। यहां के नागरिक न होते हुए भी दिक्कतों, मुसीबतों को गले लगाकर यहां जीवन बिताना पड़ रहा है। इसलिए इन सबको नागरिकता देकर यहां यानी भारत में सम्मान दिए जाने के इरादे से यह कानून लाया गया है। ऐसे में अब प्रश्न उठता है कि यह कानून भलाई के रूप में सामने लाया जा रहा है तो विपक्ष इसका विरोध क्यों कर रहा है?

विपक्ष का कहना है कि इस कानून में खासतौर पर मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाया गया है। उनका तर्क है

कि यह संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है जो समानता के अधिकार की बात करता है। इस कानून में इन तीन देशों से आए मुसलमानों को नागरिकता देने से बाहर रखा गया है। कई आलोचकों का मानना है कि इस कानून से मुसलमानों से भेदभाव हो रहा है और ये भारत में समानता की संवैधानिक गारंटी का उल्लंघन करता है। जहां तक विपक्ष के विरोध का सवाल है उसका कहना है कि इस कानून में मुस्लिमों को वंचित क्यों रखा गया? यह समानता के कानून का उपहास उड़ाने की तरह है। सरकार का कहना है कि जिन देशों के शरणार्थियों को नागरिकता देने का प्रावधान किया जा रहा है, वहां मुस्लिम अल्पसंख्यक नहीं, बल्कि बहुसंख्यक हैं। इसलिए उन्हें इस देश में यानी भारत में नागरिकता देने का कोई मतलब नहीं है। वो उनके देश हैं, वे वहां खुशी से रहें। भारत सरकार वंचितों की मदद करना चाहती है, इसलिए इन तीनों देशों के वे गैर मुस्लिम नागरिक जो वर्षों पहले यहां आ गए थे उन्हें सम्मान दिया जा रहा है। इसमें गलत क्या है? लेकिन अब विपक्ष के इस विरोध की सच्चाई और इसके पीछे छिपी कुत्सित इरादे देशवासियों को समझ आने लगे हैं।

यह कानून किसी की नागरिकता का हनन नहीं कर रहा बल्कि वंचितों को कानूनन अधिकार दे रहा है। यह अधिनियम किसी को बुलाकर भी नागरिकता नहीं दे रहा बल्कि जिन्होंने 31 दिसंबर 2014 तक भारत में प्रवेश कर लिया वे ही भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर सकेंगे। भारत के मुस्लिमों या किसी भी धर्म और समुदाय के लोगों की नागरिकता को इस कानून से कोई खतरा नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा गृह मंत्री अमितषाह समेत तमाम बड़े मंत्री और जिम्मेदार लोग इस बात को कई बार कह चुके हैं कि सीएए नागरिकता देने का कानून है, किसी की नागरिकता छीनने का नहीं।

असल में, मोदी सरकार के दस सालों के कार्यकाल में देष में बड़े परिवर्तन और काम हुए हैं। देश की जनता का भरोसा मोदी की गारंटी पर है। दस साल के कार्यकाल के बाद भी पीएम मोदी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। मोदी सरकार की लोकप्रियता और देषवासियों का उसके प्रति विष्वास से विपक्ष में बेचैनी का माहौल है। ऐसे में कुंठित और मुद्दा विहीन विपक्ष जात पात की राजनीति और मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति को आगे बढ़ाने के लिए हमेषा किसी मुद्दे की तलाष में रहता है। चार साल पहले सीएए कानून बनने के बाद पर्दे के पीछे रहकर विपक्ष दलों ने मुस्लिम समुदाय को भ्रमित कर भड़काया था। नतीजतन देष में अषांति और भय का माहौल बना। हिंसक प्रदर्षनों में जान माल का नुकसान हुआ। आज भी विपक्ष चार साल पहले वाला माहौल बनाना चाहता है। पष्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बार-बार कह रही हैं कि वे पष्चिम बंगाल में सीएए को लागू नहीं होने देंगी। हालांकि संसद के पारित कानून को लागू न करने देना अवैधानिक ही माना जाएगा। आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल सीएए के मुद्दे पर लगातार विभाजनकारी बयानबाजी कर रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के अलावा कांग्रेस, सपा, राजद, वाम दल और मुस्लिम तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति करने वाले राजनीतिक दलों के पेट में मरोड़ उठ रहा है।

देश में शरणार्थियों की संख्या की बात करें एक रिपोर्ट के अनुसार 199,931 हैं। यह आंकड़ा 2014 तक का है। 2022 की बात करें तो 242, 835.00 देश में शरणार्थी हैं। लेकिन जो 2014 तक भारत आए थे सिर्फ उन्हें ही नागरिकता देने का प्रावधान है।

आज का इतिहास

1914 में 14 मार्च के दिन ही तुर्की और सर्बिया ने शांति समझौते पर साइन किए थे। 1931 में आज ही के दिन भारत की पहली बोलती फिल्म आलमआरा का मुंबई में प्रदर्शन हुआ था। 1955 में 14 मार्च के दिन ही राजकुमार महेंद्रनेपाल के राजा बने थे। 1965 में आज ही के दिन इजरायली मंत्रिमंडल ने पश्चिमी जर्मनी के साथ राजनयिक संबंध बहाल करने पर सहमति दी थी। 1976 में 14 मार्च के दिन ही अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया था। 1988 में आज ही के दिन गणित प्रेमियों के लिए खास दिन 'पाई डे' पहली बार मनाया गया था। 1993 में 14 मार्च के दिन ही ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज रिकी पोंटिंग ने 18 वर्ष की आयु में तस्मानिया के लिए खेलते हुए दो शतक बनाए थे। 1998 में आज ही के दिन सोनिया गांधी पहली बार कांग्रेस अध्यक्ष बनी थीं। 1999 में 14 मार्च के दिन ही स्पेन के कार्लोस मोया विश्व का नंबर एक टेनिस खिलाड़ी बने थे। 2004 में आज ही के दिन चीन में निजी संपत्ति को क़ानूनी मान्यता देने के लिए संविधान में संशोधन हुआ था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

अपने दिल की हर धड़कन

अपने दिल की हर धड़कन में तुम्हें बसाया करती हूं, गीत ,ग़ज़ल , छंदों में अक्सर तुमको गाया करती हूं से प्रेम हुआ है मुझको सुध बुध अपना मैं भूल गई कोई पूछे गर नाम मेरा मैं तेरा बताया करती हूं ।

अनुराधा सिंह

स्वयं इतना कभी अभिमान

स्वयं इतना कभी अभिमान न हो। आँसू का कोई भी अपमान न हो।। मैं नहीं रहा कभी श्राप बन कर। तुम भी वैसे, कोई वरदान न हो।। किस काम के वो रिश्ते जहाँ पर। एक दूजे के वास्ते सम्मान न हो।। सोच लेना गुनाह करने से पहले। जगह बता, जहाँ भगवान न हो।। सच तो केवल वही सच होता है। कमल जैसे सच ही भगवान हो।। आज का दिन हम सबके लिए मंगलमय हो।

कमलकांत डोंगरे

खास पाती

इतना ही बस सोचकर जाने दिया

इतना ही बस सोचकर जाने दिया लौट आएगा अगर जाने दिया क़ैद में रक्खा नहीं रिश्ता कोई जिसको जाना था जिधर जाने दिया यूँ रिहाई डर से हम तो पा गए जो बिखरना था बिखर जाने दिया टूट जाएगा त'अल्लुक़ ख़ुद से ही ये सुख़न का शौक़ गर जाने दिया।

पुष्प सैनी 'पुष्प'

रूह तलक जिस पर हम अपना सब

रूह तलक जिस पर हम अपना सब अधिकार समझ बैठे कितना कच्चा रिश्ता था हम जिसको प्यार समझ बैठे एक ज़रा सी आँधी आयी तिनका-तिनका बिखर गया आज समझ आया है हमको हम बेकार समझ बैठे उसको दिल की धड़कन माना दर्दों ग़म में शामिल कर ज़ह्र दिया है उसने लेकिन हम उपचार समझ बैठे कितनी बातें भोली - भाली वो करता था घंटों तक धोखा देने वाले को ही हम लाचार समझ बैठे उसको उसकी गलती का बस अहसास कराया था इसको ही वो अपने दिल पर मेरा वार समझ बैठे सच को सुनना सच को कहना सबके बसकी बात नहीं अर्थ ग़लत मेरी बातों का वो हर बार समझ बैठे।

मित्र ग़ाज़ियाबादी

साहस नहीं होता शत्रु से लड़ने का जिनमें

साहस नहीं होता शत्रु से लड़ने का जिनमें —-बुरे वक्त में अकसर वे अपनो का साथ छोड़ देते हैं मुश्किल आई है तो चली भी जायेगी एक दिन , यह सब जानते हैं फिर भी आदमी की इस फ़ितरत को क्या नाम दें जो डरकर उसी शत्रु से नाता जोड़ लेते हैं । **रामकिशोर उपाध्याय**

एक दिन विलीन हो जाएगा समन्दर भी

एक दिन विलीन हो जाएगा समन्दर भी नदियों की तरह, स्त्रियों ने समन्दर सोख लिया है अपनी आँखों में, एक दिन चिड़िया छोड़ देगी चहकना नन्ही मासूम बेटियों की तरह, उन्होंने देखा है हर गली में भेड़ियों को घुमते हुए, एक दिन बादल बरसना छोड़ देंगे उन्हें ज्ञात हो गया है, धरती पर अब उन्हें नर्म स्पर्श फूलों का मिलेगा नहीं...और वो चोटिल होंगे रेत से टकराकर... **शिल्पी अग्रवाल**

साथिया साथ आ बस जरा दूर तक

साथिया साथ आ बस जरा दूर तक उन झुके बादलों के नगर से चलें । फूल सी खिलखिलाती हुई रात में चांदनी की सलोनी डगर से चलें । मखमली सी हवाएं ,जरा डोलतीं पंख उड़ने को अपने लता खोलतीं हम सजाकर सजीले सजीले सपन आओ अब तितलियों के दर से चलें उन झुके बादलों के..उड़ चलें कल्पना में कहीं दो- घड़ी प्यार की दो घड़ी हैं , सदी से बड़ी ज़िन्दगी खुद बुलाती ज़रा पास आ मांझिया सबनमी सी उस सहर चलें उन झुके बादलों के... यहां गुमसुम हवाएं बहकने लगें प्रेम के फूल खिल के, महकने लगें जिस नगर में रुके चांदनी रात को साथिया आज हम उस शहर से चलें उन झुके बादलों के.. **अजय सिंह भदौरिया**

तेरे मेरे इश्क का अंदाज ही कुछ ओर सा

तेरे मेरे इश्क का अंदाज ही कुछ ओर सा था वो चांद की रोशनी भी ओर ही थी वो मुलाकातों का मुकम्मल होना भी तय ही था वो हालात ए अहसास का होना भी तय ही था तेरे मेरे इश्क का अंदाज ही कुछ ओर सा था.... **सोनू कुमार आकाश**

प्रेरक प्रसंग

संयम से सफलता

नैपोलियन बोनापार्ट तब विद्यार्थी था उसने रहने के लिए एक नाई का मकान किराए पर ले रखा था। नाई की एक सुंदर युवती कन्या भी थी। वह किसी प्रकार नैपोलियन को अपने जाल में फँसना चाहती थी, अतएव उसके सामने सदैव काम कुचेष्टाएँ करती रहती। नैपोलियन यह सब देखता तो पर उन बातों की उपेक्षा करके चुपचाप अपनी पढ़ाई में लगा रहता।बात जहाँ की तहाँ समाप्त हो गई। कुछ दिन पीछे नेपोलियन सेना में चला गया। बाल्यकाल में संयमित जीवन बिताने के कारण शारीरिक शक्ति और बुद्धि कौशल का उसमें अभाव नहीं था; इसीलिए वह 25 वर्ष की अल्पायु में ही सेनापति बना दिया गया। एक बार वह किसी काम से अपने उसी विद्यालय में गया, जहाँ उसने शिक्षा पाई थी। प्रसंगवश वह उस युवती से भी मिला और पूछा- इस मकान में कभी एक विद्यार्थी रहता था, तुम उसे छेड़ती रहती थीं, है याद उसकी। युवती ने रूखेपन से कहा-था, एक नीरस, किताबी कीड़ा। नैपोलियन ने कहा- सचमुच बहन ! पर यदि वह वासना के आकर्षण में फँस जाता, तो आज सेनापति के रूप में तुम्हारे सामने उपस्थित न होता ?

QUIZ TIME

1) स्क्वायर किलोमीटर एरिया ऑब्जर्वेटरी क्या है?

2) पुर्तगाली यात्री नूनीज, विजयनगर में किसके शासन काल में आया था?

3) कौन गुलरुखी के उपनाम से कविताएं लिखा करता था?

4) जनवरी 2024 को मलेरिया के खिलाफ दुनिया का पहला नियमित टीका कार्यक्रम किस देश में शुरू किया गया था?

5) भारत की पहली महिला महावत का क्या नाम है जिन्हे पद्मश्री 2024 से सम्मानित किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) रेडियो दूरबीन प्रणाली (2) अच्युतराय (3) सिकन्दर लोदी (4) कैमरून (5) पारबती बरुआ

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:41, सूर्यास्त : 06:31, चन्द्रोदय : 08:15, चन्द्रास्त :21:56, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : वसंत, शक सम्वतः : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः : 2080 (पिंगल), मास : फाल्गुन, पक्ष : शुक्ल, तिथि : पञ्चमी, नक्षत्र : भरणी, योग : वैधृति, प्रथम करण : वणिज (14:40 तक), द्वितीय करण : विष्टि (25:25 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कुम्भ, चंद्र : मेष, मंगल : मकर (उदित, पूर्व, मार्गी),बुध : मीन (उदित, पश्चिम, मार्गी), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : कुम्भ (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (अस्त, पश्चिम, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अमृत काल : 11:50 से 13:18, रवियोग : 06:29 से 18:24, विजय मुहूर्त : 14:26 से 15:13, गोधूलि मुहूर्त : 18:21 से 18:46, सायाह्न सन्ध्या : 18:24 से 19:36, निशिता मुहूर्त : 24:02 से 24:50, राहुकाल : 13:30 से 15:00, राहुवास : दक्षिण-पश्चिम, यमगण्ड : 07:58 से 09:28, होमाहुति : बुध, दिशाशूल : उत्तर, अग्निवास : आकाश, भद्रावास : स्वर्ग (14:40 से 25:25), चन्द्रवास : पूर्व।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन आपको शुभ फलों की प्राप्ति होगी दिन के आरंभ में मन मे आध्यात्मिक भाव रहेगा भजन पूजन में समय देंगे।

वृषः आज का दिन आपको हानिकर रहेगा। पूर्व में बनाई योजनाए आर्थिक अथवा अन्य कारणों से आरम्भ नही हो सकेंगी।

मिथुनः आज का दिन आपके लिये लाभदायक रहेगा। कार्य व्यवसाय अच्छा चलने से धन लाभ के कई अवसर मिलेंगे।

कर्कः आज के दिन आपकी लाभा-लाभ वाली स्थिति रहेगी। कार्य क्षेत्र पर विरोधी नतमस्तक होंगे। पारिवारिक मामले हो या सार्वजनिक आज आप सभी जगह अपनी व्यवहार कुशलता से आसानी से कार्य बना लेंगे।

सिंहः आज के दिन आप पिछले कुछ दिनों की अपेक्षा मानसिक रूप से हल्कापन अनुभव करेंगे। धन लाभ कम परन्तु समय से होगा। सन्तानो के व्यवहार में उदंडता आएगी।

कन्याः आज का दिन स्वास्थ्य के लिए हानिकर है दिन के आरम्भ में शरीर मे दर्द, अकड़न की शिकायत रहेगी।

तुलाः आज का दिन आपको अधिकांश कार्यो में विजय दिलाने वाला रहेगा। दिन के आरंभिक भाग में आकस्मिक धन लाभ होने से उत्साह बढेगा कार्यो को अधिक समर्पण के साथ करेंगे।

वृश्चिकः आज के दिन आप अपनी एवं परिवार की महात्त्वकांक्षाओ को पूर्ण करने का पूरा प्रयास करेंगे।

धनुः आज के दिन आपकी बुद्धि विवेक जाग्रत होने से प्रत्येक कार्य सोच समझ कर ही करेंगे। संध्या के समय आवश्यकता अनुसार धन लाभ हो जाएगा।

मकरः आज के दिन आपको अधिकांश कार्यो में दौड़-धूप के बाद ही सफलता मिलेगी। नौकरी करने वाले लोग आज ज्यादा परेशान रहेंगे।

कुंभः आज का दिन पिछले कुछ दिनों की अपेक्षा बेहतर रहेगा। घूमने-फिरने के अवसर भी मिलेंगे।

मीनः आज दिन के आरम्भ में आप प्रत्येक कार्यो से मन चुरायेंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -362

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

ऊपर से नीचे

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 361का हल

न्यूज गैलरी

अटल विहार का शुभारंभ

भिलाई। अटल विहार आवासीय योजना अंतर्गत सेलूद जिला दुर्ग का शुभारंभ 13 मार्च को नवा रायपुर में सुनील सोनी सांसद की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि ओपी चौधरी मंत्री आवास पर्यावरण एवं वाणिज्यिक कर वित्त छ.ग. शासन, विशिष्ट अतिथि गुरू खुशवंत साहेब विधायक आरंग, राम प्रताप सिंह पूर्व संगठन मंत्री, कृष्ण कुमार वर्मा मण्डल अध्यक्ष, सुजीत कुमार गिदौड़े सरपंच ग्राम पंचायत नवागांव खपरी, अध्यक्ष तथा आयुक्त छ.ग. गृह निर्माण मण्डल तथा मण्डल के अधिकारियों, कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

पुराने मामले में राजेंद्र बरी

दुर्ग। 14 साल पूर्व दर्ज किए गए एक मामले में लगातार सुनवाई के बाद न्यायालय ने कांग्रेसी नेता राजेंद्र साहू, जानिसार अख्तर, रीति देशलहरा सहित अन्य नेताओं को बाइज्जत बरी किया है। जानकारी के मुताबिक वर्ष 2009 में छत्तीसगढ़िया बेरोजगारों की भर्ती की मांग को लेकर जेपी सीमेंट के सामने वर्तमान में कांग्रेस से लोकसभा प्रत्याशी तत्कालीन छग स्वाभिमान मंच के नेता राजेंद्र साहू ने धरना प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने बल का प्रयोग करते हुए स्थिति को नियंत्रण में किया था, वहीं लगभग 10 लोगों के खिलाफ सुपेला थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। सभी के खिलाफ धारा 147,186, 332, 353 के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया था।

कार्रवाई की दी चेतावनी

दुर्ग। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर बुधवार को एसडीएम पाटन दीपक कुमार निकुंज और तहसीलदार पाटन उत्तम कुमार ध्रुव अचानक तहसील परिसर में स्थित लोक सेवा केन्द्र पहुंचे। यहां पर सबसे पहले लोक सेवा केन्द्र में आए हितग्राहियों से चर्चा किया। इसके बाद लोक सेवा केन्द्र की व्यवस्था का जायजा लिया। एसडीएम दीपक कुमार निकुंज ने लोक सेवा केंद्र के संचालक को निर्देशित किया की यहां पर आने वाले लोगों का काम समय पर पूरा करे। अनावश्यक बैठाकर न रखे, इसके अलावा निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क लेने की शिकायत मिलने पर कठोर कार्रवाई की चेतानवी भी दी।

उपाध्यक्ष विशाल ने लिखा सीएम को पत्र, राशि देने की मांग

दुर्ग। जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विशाल देशमुख ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र प्रेषित कर प्रदेश के सब्जी उत्पादक एवं मिलेट उत्पादक किसानों को कृषि उन्नति योजना के अन्तर्गत प्रोत्साहन राशि देने की मांग की है। श्री देशमुख ने अपने पत्र में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 12 मार्च 2024 को धान उत्पादक किसानों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई लेकिन सब्जी, मिलेट उत्पादकों एवं उद्यानिकी कृषकों को प्रोत्साहन राशि प्रदाय नहीं की गई। इससे उक्त उत्पादक किसान अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे हैं एवं उनमें रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि पूर्व में केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के योजनान्तर्गत अनेक किसानों द्वारा फसल चक परिवर्तन कर धान के खेतों को परिवर्तन कर दलहन तिलहन, सब्जी उत्पादन, उद्यानिकी एवं मिलेट उत्पादन का कार्य किया गया। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा किसानों को राजीव गांधी न्याय योजनान्तर्गत प्रोत्साहन राशि प्रदाय की जा रही थी।

वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से मुख्यमंत्री ने विभागों की समीक्षा की

- **विकसित भारत की तरह विकसित छत्तीसगढ़ एवं विकसित जिला बनाना**
- **विगत 3 माह में सरकार द्वारा किए गए कार्यों की गतिविधियों पर चर्चा**

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के विभागवार अधिकारियों से संबंधित विभागों में चल रही गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, खाद्य विभाग, उच्च शिक्षा विभाग व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से वर्तमान में चल रही योजनाओं से संबंधित गतिविधियों की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री साय ने विभागीय अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि विगत 3 महीनों में प्रदेश की सरकार ने छत्तीसगढ़ के हर जिले को विकसित बनाने का पूरा प्रयास किया है और भविष्य में भी इसी प्रकार कार्य किया जाए। जिला प्रशासन की तरफ से इस ओर पूर्ण समर्थन दिया जाए। हम सभी लोक सेवक है, हमें लोक सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना है। विकसित भारत की तरह विकसित छत्तीसगढ़ एवं विकसित जिला बनाना है। उन्होंने सभी विभागों को अपने-अपने विभाग से संबंधित समस्त कार्यों के प्रति पूर्ण रूप से जिम्मेदारी से कार्य करने कहा। उन्होने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि जिले के डीएमएफ फंड का दुरूपयोग न हो। इससे ग्राम पंचायतों

को लाभ मिले। ग्रामीणों व किसानों को अनावश्यक रूप से दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़े। सभी कार्यालयों में अधिकारीगण समय पर उपस्थित हो। हर घर में बिजली की तरह ही जल जीवन योजना के अंतर्गत जल की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले की सड़क व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। बारिश के पहले जिले के समस्त सड़कों के गड्ढे भरे जाए। अस्पतालों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। शिक्षा विभाग सुनिश्चित करे कि सभी शिक्षक निरंतर उपस्थित रहे। सभी स्कूलों में न्योता भोजन कार्यक्रम का प्रयोजन हो, जिससे स्कूली छात्र-छात्राओं को अतिरिक्त पौष्टिक आहार मिले। मनरेगा अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों का तत्काल भुगतान हो।

स्वीकृत कार्य समय सीमा के भीतर पूर्ण हो। मुख्यमंत्री श्री साय ने पीएम आवास योजना से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा की और कहा कि आवास का कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। निगम व नगर पंचायत की टुकड़ियां बनाई जाए एवं समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने की योजना बनाकर कार्य किया जाए। उन्होंने खाद्य विभाग द्वारा जल्द से जल्द राशन कार्ड का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को राशि का भुगतान, कृषक उन्नति कार्यक्रम व बकाया बोनस राशि के सभी लाभार्थियों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। जिला प्रशासन ध्यान दे कि समय पर मिलिंग हो जाए, बारिश में धान खराब न हो। मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में कानून व्यवस्था दुरूस्त की जाए। लोगों में कानून का डर बना रहे ताकि अवैध व अनैतिक कार्य न हो। नागरिकों को नए बनने वाले कानूनों की जानकारी होना भी सुनिश्चित करें।

कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र से मिलने पहुंचे सैकड़ों कार्यकर्ता

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जमीनी कार्यकर्ता को टिकट मिलने पर कांग्रेस के हर विंग के संगठन में एवं हर कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। पार्टी ने दुर्ग से राजेंद्र साहू को अपना उम्मीदवार बनाया है। ग्राम तारालीम, बेरला के सरपंच रवि परगनिया के नेतृत्व में बेरला ब्लाक के सैकड़ो कार्यकर्ता आज दुर्ग कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन पहुंचे। जहां दुर्ग लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू को उम्मीदवार बनाए जाने पर सभी लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दिए। कार्यकर्ताओं ने कहा कि राजेंद्र साहू जो एक सामान्य किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं जिन्होंने अपने राजनीति जीवन की शुरुआत ही कांग्रेस के छात्र विंग हस्द्ध से जुड़कर लगातार पार्टी संगठन में सच्चे सिपाही के रूप में जुड़कर आम जनों सभी वर्ग के हित में सक्रियता से आवाज उठाते आए हैं। जिस कारण किसान परिवार

के बेटे को कांग्रेस पार्टी से लोकसभा टिकट देकर पार्टी ने जमीनी और निष्ठावान कार्यकर्ताओं का मान बढ़ाया है। हम पूरे दुर्ग जिला कांग्रेस परिवार के एक एक सिपाही इस फैसले के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व व प्रदेश कांग्रेस के सभी शीर्ष नेताओं का धन्यवाद आभार प्रकट करते हैं। राजेंद्र साहू जो संगठन में विभिन्न पदों में रहकर पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में मेहनत करते आए हैं। ग्राम तारालीम, बेरला के सरपंच रवि परघनिया, ने बताया की राजेन्द्र साहू को दुर्ग लोकसभा से प्रत्याशी घोषित होने पर कांग्रेस के हमारे साथी एवं सभी समाज के युवा कार्यकर्ता में आपके नाम की घोषणा से काफी उत्साहित हैं। साथ ही संगठन के द्वारा चुनाव में जो भी जिम्मेदारी उन्हें प्रदान की जाएगी उसे पूरी ईमानदारी के साथ पूर्ण कर कांग्रेस प्रत्याशी को इस चुनावी रण में पार्टी के सच्चे सिपाही के तरह चुनाव मैदान में हर संभव अपना शत प्रतिशत सहयोग प्रदान करेंगे लोकसभा में श्री साहू स्वयं एक सक्रिय जमीनी कार्यकर्ता के रूप में 30 वर्षो पार्टी संगठन में कार्य करने का लंबा अनुभव होने के साथ ही हर तबके में हर वर्ग से सब लोगों को साथ लेकर चलने जमीनी जनाधार वाले नेता के रूप में पार्टी और समाज के लोगों आम जनता उन्हें बेदाग स्वच्छ छवि वाले नेता के रूप में पहचाने जाते हैं इसका भरपूर फायदा को आगामी लोकसभा चुनाव में विजय बनाने में सीधा लाभ होने वाला हैं। इस कार्यक्रम में रवि परघनिया, सरपंच के साथ साथ तारालिम, सूरजपुरा करामाल, नवागांव, सरदा के कांग्रेसी एवं युवा कांग्रेस के समस्त ऊर्जावान साथी सुंदरलाल साहू, जितेंद्र धीवर, सुशील साहू, राधेश्याम परगनिहा, कमल धीवर, बिसौहा यादव, नारद यादव, पोशु रात्रे,भागीरथी साहू, किशुन वर्मा, हरि साहू, घनश्याम धीवर, जेठूरामचन्द्र साहू, मंतराम धीवर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कोर्सेवाड़ा ने किया लोकार्पण व भूमिपूजन

नव प्रदेश संवाददाता

जामुल। नगर पालिका परिषद क्षेत्र में विकास कार्य लगातार जारी है। क्षेत्रीय विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य में विभिन्न कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया गया। 15वें वित्त आयोग मद से 48 लाख की लागत से बीटी रोड का भूमिपूजन एवं वार्ड 14 अकलोरडीह चौक में टीप्लांटेशन 39 लाख एवं वार्ड 10 में नहर पार से शीतला पुल तक 13 लाख के लागत से ट्यूबलर पोल प्रकाश व्यवस्था का लोकार्पण किया गया। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि हमारे नगर में हर क्षेत्र से कार्य हो रहा है। इसके लिए मैं हमारे विधायक को धन्यवाद देता हूं और आशा करता हूं कि उनका आशीर्वाद एवं सहयोग हमेशा मिलता रहेगा। विधायक श्री कोर्सेवाड़ा ने कहा कि आप लोग शीघ्र ही विकास कार्य का प्रस्ताव बनाये विकास कार्य के लिए राशि की कोई कमी नहीं होगी और आपके नगर पालिका में ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य होगा।

लोकसभा की तैयारी में बैठक

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी नें आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों की बैठक में अधिकारियों को सौंपे गये दायित्व के अनुसार प्रारंभिक तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता के सुव्यवस्थित प्रबंधन, निर्वाचन व्यय अनुविक्षण, ईवीएम तथा शिकायत सेल,यातायात व्यवस्था, डाकमत पत्र होम वोटिंग, रूटचार्ट वाहन व्यवस्था, विडियोग्राफी सीसीटीवी कैमरा, एमसीएमसी समिति गठन, कर्मचारी कल्याण, ब्रेनलिपि मुद्रण, निर्वाचन प्रशिक्षण, समाग्री वितरण एवं वापसी केन्द्रों मे व्यवस्था और प्रेक्षकगणो के लिये जानकारियां तैयार करने के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने सर्व कार्यालय, विभाग प्रमुख अधिकारियों को अवगत कराया है कि निर्वाचन कार्यक्रम घोषणा के साथ ही आचार संहिता प्रभावशिल हो जाएगी।आचार संहिता प्रभावशिल होते ही सभी शासकीय, निगम मंडल, आयोग, राज्य सरकार के सार्वजनिक उपक्रम की अधिकारिक वेबसाइट्स से सभी तस्वीर हटाए जाएंगे।

जगमगाया वेंडिंग जोन

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम क्षेत्रांतर्गत मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत विद्युतीकरण सौंदर्यकरण कार्य वेंडिंग जोन में स्ट्रीट लाइट पोल इन स्थानों में लगाया जैसे राजेन्द्र पार्क के सामने, दादा दादी-नाना नानी पार्क के सामने, बीआईटी कालेज के सामने, रायपुर नाका ब्रिज के नीचे,पोटिया चौक हॉस्पिटल के सामने कुल लागत राशि 3249489 का स्ट्रीट लाइट का शुभारंभ किया गया। विधायक गजेंद्र यादव व महापौर धीरज बाकलीवाल ने बटन दबाकर स्ट्रीट लाइट का शुभारंभ किया। शुभारंभ कार्यक्रम में आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, विद्युत विभाग प्रभारी भोला महोबिया, वित्त विभाग प्रभारी दीपक साहू, नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा, अनूप चंदानिया,पार्षद भास्कर कुंडले, ज्ञानदास बंजारे, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, सुरेश केवलानी, करण यादव एवं बाल मुकुंद मौजूद रहें। बटन दबाते ही दूधिया रोशनी से जगमगाया स्ट्रीट वेंडिंग जोन।

260 मीटर रेल पैनल की बीएसपी ने की आपूर्ति

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के साबरमती (गुजरात) स्थित फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट (एफबीडब्ल्यूपी) से अब तक 260 मीटर वेल्डेड रेल पैनल के दस रेक भारतीय रेलवे को भेजे जा चुके हैं। 6 नवंबर 2023 को 260 मीटर वेल्डेड रेल पैनल का पहला रेक एफबीडब्ल्यूपी से भेजा गया था। भारतीय रेलवे को 10 रैक डिस्पैच किया जा चुका है तथा ग्यारहवीं रेक लोडिंग के लिए तैयार है। लगभग 940 टन वजन के 60 नग 260 मीटर रेल पैनल की लोडिंग एक रेक पर की जाती हैं। 260 मीटर लंबे वेल्डेड रेल पैनलों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए दिसंबर 2022 में भारतीय रेलवे के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बाद सेल-बीएसपी ने पश्चिमी रेलवे के साबरमती वेल्डिंग प्लांट का अधिग्रहण किया। एफबीडब्ल्यूपी, साबरमती में वेल्डिंग के लिए इनपुट रेल की आपूर्ति इस्पात संयंत्र के रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल से 26 मीटर लंबाई में की जा रही है। साबरमती में एफबीडब्ल्यूपी की सुविधाओं का उपयोग करके भिलाई इस्पात संयंत्र से लांग रेल पैनल आपूर्ति में बढ़ोत्तरी हुई है। प्लांट की कमिशनिंग, वेल्डिंग मापदंडों के मानकीकरण और एफबीडब्ल्यूपी साबरमती प्लांट को शुरू करने के लिए बीएसपी और आरडीसीआईएस-रांची तथा सेल के सीएमओ ने मिलकर काम किया। सभी प्रारंभिक चुनौतियों पर काबू पाने के पश्चात से वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ हुआ। इस्पात संयंत्र की ओर से साबरमती वेल्डिंग प्लांट का नेतृत्व कर रहे महाप्रबंधक और कॉन्ट्रैक्ट ऑपरेटिंग अथॉरिटी श्री एम के साहू तथा इस प्लांट के लिए बीएसपी नोडल ऑफिसर एवं मुख्य महाप्रबंधक यूआरएम अनीश सेनगुप्ता के मार्गदर्शन में टीम द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री उमेश तिवारी | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202403100400195/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री उमेश तिवारी आ. श्री आनंद तिवारी निवासी थानखम्हरिया तह. साजा जिला बेमेतरा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उरला प.ह.न. 16 तह. व जिला दुर्ग	672/6	0.047 हें 5100 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री देवेन्द्र कुमार मौर्य | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202401100400194/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री देवेन्द्र कुमार मौर्य आ. श्री रामनारायण मौर्य निवासी म.न. 168 आर्यनगर कोहका भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 45 तह. व जिला दुर्ग	1008/3	0.0365 हें 3925 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202403100400183/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दीपक कुकरेजा अन्य 01 आ./पिता रामचन्द्र कुकरेजा निवासी आमदी नगर वार्ड दुर्ग के द्वारा अपने स्वामि की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.नं. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 175/87 रकबा 0.0060 हे. 5000 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतू डायवर्सन के लिए धारा 59 (2) के तह पुननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्धोषणा प्रकाशन से 07 दिवस) तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्धोषणा आज दिनांक 11/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202403100400184/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दीपक कुकरेजा आ./पिता रामचन्द्र कुकरेजा निवासी आमदी नगर वार्ड दुर्ग के द्वारा अपने स्वामि की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.नं. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 175/82, 175/88 रकबा 0.0470, 0.0175 हे. 2515 वर्गफीट (व्यावसायिक) प्रयोजन हेतू डायवर्सन के लिए धारा 59 (2) के तह पुननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्धोषणा प्रकाशन से 07 दिवस) तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्धोषणा आज दिनांक 11/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 20240210430014 5 /अ-02/ सन्- 2023-24
ग्राम दादर, प.ह.न. 10 तह. भिलाई-3

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती दुलेश्वरी सपहा पति जितेन्द्र कुमार सपहा जाति ढीमर निवासी चरोदा भिलाई द्वारा ग्राम दादर प.ह.न. 10 रा.नि.मं. जामुल तहसील भिलाई-03 जिला दुर्ग (छ.ग.) अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नं. 1055/4 रकबा 0.015 हे. भू. रा. 0.01 रुपए को आवासीय प्रयोजन के लिए छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-1, खसरा एवं नक्शा की नकल तथा ऋण पुस्तिका व पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 07.03.2024 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निधारण करने पर जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण दिनांक 07.03.2024 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 21.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला दुर्ग(छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202402100400502 /अ-6/ वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अनुविभागीय अधिकारी रा0 महोदय के रा.प्र.कमांकः- 202402100400502/अ-6-अ/वर्ष 2023-24 आवेदिका पुष्पा सिंह पति स्व. अनिल सिंह उम्र- 52 वर्ष निवासी ग्राम मचान्दुर व अन्य - 01 तहसील व जिला दुर्ग द्वारा मौजा-मचान्दुर प.ह.नं. 12 स्थित भूमि खसरा नंबर 1208/1 रकबा 0.9840 हे. जो कि आवेदिका के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है एवं कैफियत कॉल में ÷निजी तालाब / मवेशियों को पानी पिलाते हैं÷ अभिलिखित है जबकि कोई अपने मवेशियों को तालाब में पानी नहीं पिलाते है हल्का पटवारी ने त्रुटिपूर्ण रूप से कैफियत कॉलम में दर्ज किया है का लेख करते हुए उक्त शब्द को विलोपित कर रिकॉर्ड अघतन् किये जाने बाबत् आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों को संलग्न कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गय है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.03.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.03.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार-01 दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार अण्डा तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00035 भरदा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 20232411316728

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00035 के अंतर्गत ग्राम भरदा के वर्तमान भूमिस्वामी गजराबाई पिता/पति उदयराम पता ग्राम भरदा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 644(0.1000), 646(0.3700) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सौम्या भरदीय पिता/पति लीलाधर भरदीय पता ग्राम भरदा तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26.03.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04.03.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 03 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00026 बिरेझर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 20232411217340

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00026 के अंतर्गत ग्राम बिरेझर के वर्तमान भूमिस्वामी अंकुर ताम्रकार पिता/पति स्व. दशरथ लाल ताम्रकार पता म.न. 454-30 होटल मान मोतीपारा वार्ड 30 दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1896(0.3500),1865/2(0.1900), 1907/2(0.1200), 1879(0.2300), 1855 (0.0500),1864/2(0.2900),1898/2 (0.5800),1864/1(0.2900),1897 (0.3300),1895/2(0.0400),1870 (0.0500),1908(0.4000),1865/1 (0.1200),1903(0.2100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता करुणा कश्यप पिता/पति मुकेश कश्यप पता प्लाट नं. 35 जवाहर नगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21.03.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 03 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01.03.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430103900040

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी गोविंद राव पिता/पति जनक राव पता आमापारा दुर्ग, सुरजबाई पिता/पति जनक राव पता आमापारा दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1296/7(0.0110) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता श्रीमती कौशिल्या वैध पिता/पति स्व. गोविंद राव वैध पता मोहननगर दुर्ग, भुनेश्वर, लक्ष्मी, संतोषी, आशा, रेखा, राखि, गायत्री स्व. गोविंद राव वैध पता मोहननगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26.03.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01.03.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 03 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00026 बिरेझर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 20232411217339

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00026 के अंतर्गत ग्राम बिरेझर के वर्तमान भूमिस्वामी अंकुर ताम्रकार पिता/पति स्व. दशरथ लाल ताम्रकार पता म.न. 454-30 होटल मान मोतीपारा वार्ड 30 दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1880 (0.1000), 1876/1(0.0300), 1901(0.1000), 1883(0.2900), 1882 (0.0400),1902(0.1200), 1885(0.0300), 1888(0.1200), 1886(0.0300), 1892 (0.1700), 1890(0.1200),1891 (0.1800), 1887(0.1800), 1893(0.2700),1881/1 (0.0500),1877(0.0600), 1884 (0.0400), 1881/2(0.0500), 1900(0.1200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता करुणा कश्यप पिता/पति मुकेश कश्यप पता प्लाट नं. 35 जवाहर नगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21.03.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 03 पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01.03.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 03 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00026 बिरेझर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 20232411217341

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00026 के अंतर्गत ग्राम बिरेझर के वर्तमान भूमिस्वामी अंकुर ताम्रकार पिता/ पति स्व. दशरथ लाल ताम्रकार पता म.न. 454-30 होटल मान मोतीपारा वार्ड 30 दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1867 (0.0300), 1899(0.0700), 1878(0.1500), 1898/1 (0.1900), 1868(0.0300), 1874/1 (0.2300), 1869(0.0600), 1874/2 (0.0200), 1872(0.2100), 1866 (0.2200), 1875/2 (0.0500), 1907/1 (0.0600), 1876/2 (0.0300), 1895/1 (0.0500), 1875/1 (0.1100), 1873 (0.5000) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता करुणा कश्यप पिता/पति मुकेश कश्यप पता प्लाट नं. 35 जवाहर नगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21.03.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 03 पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01.03.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202402104300075 /अ-02/ सन्- 2023-24
ग्राम जामुल, प.ह.न. 01 तह. भिलाई-3

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुनैना देवी पति शिव शंकर रजक, निवासी- बस्तीपारा निकुम अण्डा, द्वारा ग्राम - जामुल, प.ह.नं 01, रा.नि.मं. जामुल, तहसील भिलाई 03, जिला दुर्ग (छ.ग.) अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ख.नं. 970/68 रकबा 0.007 हे. भू-राजस्व 0.02 रूपये को आवासीय प्रयोजन के लिये छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-1, खसरा एवं नक्शा की नकल तथा ऋण पुस्तिका व पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 01.03.2024 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुर्ननिर्धारण करने पर जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण नियत दिनांक 01.03.2024 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला दुर्ग(छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार भिलाई नगर तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भुनेश्वर केसरा पिता स्व. भीखम सिंह निवासी कोहका भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 96, 4599 रकबा 0.0060, 0.040 हे. भूमि भीखम सिंह पिता मोतीराम के नाम पर भूमिस्वामी के रुप में दर्ज है, उक्त आवेदित भूमि के भूमिस्वामी की मृत्यु होने से मृतक भूमिस्वामी के द्वारा मृत्यु पूर्व अपने जीवनकाल में पंजीकृत वसीयनामा निष्पादित किया था, भूमिस्वामी की मृत्यु होने पर आवेदित भूमि को पंजीकृत वसीयनामा के आधार पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 28.03.2024 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202402100400178/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सती ठाकुर पिता/पति केशव सिंह ठाकुर निवासी भिलाई नगर जिला दुर्ग के द्वारा अपने स्वामि की भूमि ग्राम - सिकोला प.ह.नं.08 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 54/23 रकबा 0.014 हे. , 1500 वर्गफीट ,(आवासीय) प्रयोजन हेतू डायवर्सन के लिए धारा 59 (2) के तह पुननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्धोषणा प्रकाशन से 07 दिवस) तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्धोषणा आज दिनांक 12/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202402100400435/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री हीरानंद पारप्यानी पिता लक्ष्मण दास पारप्यानी निवासी सुपेला भिलाई जिला दुर्ग के द्वारा अपने स्वामि की भूमि ग्राम - रिसाली प.ह.नं.49 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 318/34 , 318/35 रकबा 0.014 हे. 0.014 हे., 3120 वर्गफीट, 289.96 वर्गमीटर (व्यावसायिक) प्रयोजन हेतू डायवर्सन के लिए धारा 59 (2) के तह पुननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्धोषणा प्रकाशन से 07 दिवस) तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्धोषणा आज दिनांक 21/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, Bindu, father of Shri TAMRADHWAJ, age 42 years, caste- Teli, resident M.No. 36/ G, Bajrang Para Kodka Ward 8, Bhilai Supela Teh. And I am a resident of District Durg (Chhattisgarh) 490023. I swear that I have given up my old name and have changed it to BINDU PYARELAL SAHU, my husband Shri Pyarelal Sahu. Therefore, from today onwards, I should be known by my new name Bindu Pyarelal Sahu, husband Shri Pyarelal Sahu, in all government, semi-government and other documents.

Bindu Pyarelal Sahu
Resident M.No. 36/ G Bajrang Para Kohka Ward 8. Bhilai Supela Teh. And District Durg (Chhattisgarh) 490023

गस्त के दौरान 34 लीटर शराब जप्त

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। बुधवार 13 मार्च को गस्त के दौरान कुल 34 लीटर शराब जब्त की गई है। जिसमे सर्किल बलौदाबाजार क्षेत्र के ग्राम सरखोर में आबकारी विभाग की टीम द्वारा की गई कार्रवाई में 150 पाव गोल्डन गोवा विदेशी मदिरा कुल 27 लीटर मदिरा जप्त की गई। इसी प्रकार वृत-कसडोल क्षेत्र के कटगी मुख्य मार्ग से सर्वा सरवानी रोड मार्ग में आबकारी विभाग की टीम द्वारा की गई कार्यवाही में एक प्लास्टिक थैले में 40 पाव देशी मदिरा प्लेन प्रत्येक में 180 एम.एल. क्षमता वाली शीशी में कुल लगभग 7.200 बल्क लीटर मदिरा जप्त की गई। आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 59(क) का प्रकरण आबकारी वृत बलौदाबाजार एवं कसडोल में कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक जलेश सिंह, मोतिन बंजारे, आबकारी मुख्य आरक्षक सूर्यकांत वर्मा, लेखराम देशमुख नगर सैनिक दुर्गा ध्रुव, दुर्गेशवरी कुर्रे का विशेष योगदान रहा।

मर्यादाओं का पालन करने के कारण मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए : इंद्र साव

नवधा रामायण में शरीक हुए विधायक साव

भाटापारा/नवप्रदेश। स्थानीय हथनीपारा वार्ड में चल रहे नवधा रामायण में क्षेत्र वासी विधायक इंद्र साव शामिल हुए। इस कार्यक्रम में आए सभी भक्त जनों को भगवान श्री राम से जुड़ी बातों को बताया।

नवधा रामायण का समापन 10 मार्च को हुआ। गौरतलब है कि हथनी पारा वार्ड में स्थित नवधा मंडप पर विगत 63 वर्षों से लगातार नवधा रामायण का आयोजन किया जाता रहा है। परंपरानुसार इस वर्ष भी यहां नवधा रामायण का परायण चल रहा था। जिसका समापन 10 मार्च को हुआ।

इस अवसर विधायक इंद्र साव ने कहा कि यह उनके लिए सौभाग्य की बात है कि पूर्व में पार्षद के रूप में इस आयोजन में शरीक हुआ करता था और अब विधायक के रूप में इसमें शामिल हुआ हूं। मर्यादा पुरुषोत्तम राम ना केवल स्वयं ही मर्यादाओं का पालन करते थे बल्कि उनकी प्रजा भी उस वक्त राम का ही अनुसरण करती थी। तभी तो आज भी हमारे देश के लोग राम राज्य की परिकल्पना करते हैं। उन्हें रामायण की एक घटना याद आती है, रावण जब मृत्यु शैय्या पर पड़े थे तब राम ने लक्ष्मण को उनके पास नीति-शास्त्र की शिक्षा ग्रहण करने भेजा। तब रावण ने राम की विजय का भेद बतलाते हुए कहा राम न तो हमसे अधिक विद्वान हैं, न धनी ही हैं। सैन्य शक्ति में भी हमारा और राम का कोई मुकाबला नहीं है। जहां तक कुल का प्रश्न है द्विज होने के नाते इस क्षेत्र में मैं उनसे श्रेष्ठ हूं।

राम में केवल एक विशेषता है चरित्र की , जो मुझमें नहीं है। चरित्र की कमी के कारण मुझे जीवन के हर क्षेत्र में पराजय का मुंह देखना पड़ा। दूसरी ओर इसी चरित्र बल पर जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलताएं राम का चरण चुंबन करती है।

इस अवसर पर पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, समिति के अध्यक्ष सुकृत साहू, नारायण साहू, अशोक ध्रुव, गोपाल शर्मा, सचिन्द्र शर्मा, दीपक निर्मलकर, मुकेश साहू, रामचन्द्र साहू, डॉ. के.के. साहू, सत्यजीत शैंडे सहित भारी संख्या में धर्म प्रेमी उपस्थित थे।

जो सबको साथ लेकर चले वह समाज : शर्मा

भाटापारा/नवप्रदेश। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने नगर में बने श्री बागेश्वर कसौधन वैश्य समाज भवन का लोकार्पण-बाउंड्री वाल का भूमिपूजन और साहू समाज के भवन का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि समाज के विकास में सबकी भागीदारी होती है। समाज में सामाजिक समरसता आती है। समाज वह है जो सबको साथ लेकर चलें, इससे सबके कल्याण का रास्ता निकालता है। संगठित समाज ही आगे बढ़ता है, और संगठित तभी होता है, जब एक अच्छी विकासपरक सोच का व्यक्ति समाज का नेतृत्वकर्ता करता है।

समाज को जब लगने लगता है कि नेतृत्वकर्ता एक बेहतर दिशा में काम करते हुए समाज का उज्जवल भविष्य तय कर रहा है तो विश्वास के वातावरण में एक मजबूत सामाजिक व्यवस्था देखने को मिलती है।

साइकिल यात्रा कर हसदेव बचाओ पर्यावरण बचाओ का दिया संदेश

नगरी/नवप्रदेश। योगेश मरकाम ने 7 दिसंबर 2023 को हसदेव बचाओ पर्यावरण बचाओ का संदेश देने साइकिल यात्रा पर निकले। साइकिल से छत्तीसगढ़ के 33 जिलों की 3100 कि.मी की साइकिल यात्रा कर बुधवार 13 मार्च को धमतरी पहुंचे। सभी जिलों में उनका शानदार स्वागत किया गया। योगेश मरकाम ने कहा कि लाइफ में कुछ कर गुजरने की तमन्ना समाज और क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाना, पर्यावरण को संरक्षित रखना और इस मुहिम में यूथ को आगे आना होगा। जल जंगल और जमीन को सुरक्षित रखने युवाओं को आगे आना होगा। इस मुहिम में उनके माता पिता,बहनों, उनके क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य मनोज साक्षी और माइक्रो आर्टिस्ट भानुप्रताप कुंजाम का सहयोग मिला। गौरतलब है कि धमतरी जिले के आखिरी छोर में बसे ग्राम लिखमा के 24 वर्ष के युवक योगेश मरकाम ने साकिल से भारत का भ्रमण कर नगरी पहुंचा। उसकी साइकिल यात्रा का उद्देश्य ग्रीन इंडिया क्लीन इंडिया का संदेश देना था। लोगों को स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति जागरूक करना था। उसने अपने यात्रा की शुरुआत 26 मार्च 2022 को की थी। युवक ने होटल मैनेजमेंट का कोर्स किया है। कुछ समय उसने नर्सिंग का काम किया। कुछ कर गुजरने का जुनून कुछ संदेश देने के उद्देश्य से भारत यात्रा की शुरुआत की।

यादव समाज भगवान कृष्ण के उपदेशों का अनुसरण करे : शर्मा

यादव भवन का किया गया लोकार्पण

भाटापारा/नवप्रदेश। सिंगारपुर में नवनिर्मित झेरिया यादव सामाजिक भवन का लोकार्पण शिवरतन शर्मा पूर्व विधायक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी ने किया। परिक्षेत्र अध्यक्ष मन्नूलाल यादव सहित क्षेत्र सभी सामाजिक जनों ने शिवरतन शर्मा का आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि कैसे यादवों के पूर्वज भगवान कृष्ण ने अन्याय के विरुद्ध संघर्ष कर धर्म की स्थापना की थी। समस्त यादव समाज को भगवान श्री कृष्ण के उपदेशों का अनुसरण कर समाज में व्याप्त बुराइयों को त्याग करना चाहिए । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मन्नूलाल यादव ने कहा कि आज हमें उन विषयों पर विचार करना चाहिए जिससे समाज का चहुंमुखी विकास हो। इसके विशिष्ट अतिथि सुरेश यदु अधिवक्ता, सुनील यदु आदि थे। इस अवसर पर शिवलाल यादव संरक्षक, तिहारु यादव उपाध्यक्ष, शोभित यादव सचिव, नरेन्द्र यादव कोषाध्यक्ष, मनहरण यादव महामंत्री, रामकुमार यादव लेखापाल, सदाराम यादव उप लेखापाल, शिवशंकर यादव नगर अध्यक्ष, ओम यादव अध्यक्ष युवप्रकोष्ठ सलाहकार दुलार यादव भुला यादव जगेसर यादव बेदराम यादव लल्लू यादव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के यादव गण उपस्थित थे।

केसरवानी समाज के पदाधिकारियों ने ली शपथ

भाटापारा/नवप्रदेश। केसरवानी मंगल भवन में केसरवानी समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने शपथ ली। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं और समाज के प्रतिभावान बच्चे नमन केसरवानी सी ए पिता आशीष केसरवानी, अमय गुप्ता सी ए पिता अजय गुप्ता और अमन केसरवानी पिता नरेश केसरवानी का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ संरक्षक मोतीलाल केसरवानी संरक्षक गरीबा लाल केसरवानी मोहन केसरवानी नगर सभा अध्यक्ष प्रदीप केसरवानी महामंत्री प्रवीण केशरवानी कोषाध्यक्ष दीपक केसरवानी राजा विशेष आमंत्रित सदस्य चंद्र मोहन केसरवानी वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद केशरवानी अजय गुप्ता उपाध्यक्ष विनोद केसरवानी कानूनी सलाहकार अशोक केसरवानी अधिवक्ता विजय केसरवानी अधिवक्ता राम नारायण केसरवानी प्रेम प्रकाश केसरवानी , रामकिशन केसरवानी ,राम किशन केसरवानी , नारायण केसरवानी प्रभु लाल केसरवानी राजकुमार केसरवानी संतोष केसरवानी विजय केसरवानी नरेश केसरवानी नवीन केसरवानी राहुल केशरवानी प्रांजल केसरवानी पंकज केसरवानी महिला सभा अध्यक्ष श्रीमती बबीता केसरवानी श्रीमती रजनी केसरवानी श्रीमती सोनाली केसरवानी श्रीमती पदमा केशरवानी सपना केसरवानी रीता केसरवानी श्रीमती अंजू केसरवानी और केसरवानी नगर सभा महिला सभा एवं तरूण युवा सभा के लोग उपस्थित थे।

अखंड ब्राह्मण समाज का व्यंजन मेला

समस्त ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने दी भागीदारी

भाटापारा/नवप्रदेश। अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति द्वारा कान्यकुब्ज भवन पुष्प मंगलम में व्यंजन मेले का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में सभी ब्राह्मण समाज के लोग एवं भाटापारा वासी शामिल हुए। इस अवसर पर बिलासपुर और रायपुर अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति के प्रांतीय पदाधिकारियों में प्रदेश अध्यक्ष योगेश तिवारी

प्रदेश अध्यक्षा चित्रा तिवारी प्रांतीय उपाध्यक्ष उषा मिश्रा पीठ परिषद राष्ट्रीय उपाध्यक्ष झमन शास्त्री , वीरेंद्र शर्मा , भूतपूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बसंत भृगु भाटापारा पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा और पदाधिकारी शामिल हुए। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के पुरूष अध्यक्ष अटल बिहारी त्रिवेदी , सरयू पारी ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुनील दुबे, गौड़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष हर गोपाल गोपाल शर्मा एवं लालसोट ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री परशुराम और अन्नपूर्णा माँ की पूजा एवं दीप प्रज्वलन के साथ की। डॉ सीमा अवस्थी, चंद्र किरण शर्मा, श्वेता मिश्रा एवं शिवानी शर्मा के मंच संचालन ने आकर्षक ढंग से कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान किया। दीप प्रज्वलन के समय काशी विद्यापीठ में अध्यनरत बालक हर्ष मिश्रा ने मंत्रोच्चारण द्वारा द्वारा सभी देवी देवताओं का आव्हान कर सबके कल्याण की कामना की। ज्योति पांडे द्वारा भगवान गणेश की वंदना की गई। तत्पश्चात क्षमा मिश्रा ने अतिथियों के अभिवादन में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। महिला वर्ग से कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की अध्यक्षा शशि दुबे, लालसोट ब्राह्मण समाज की अध्यक्षा सुशीला तिवारी, गौड़ ब्राह्मण समाज की अध्यक्षा चंद्र किरण शर्मा, सरयू पारी ब्राह्मण समाज की अध्यक्षा निशा शर्मा ने अपने पूरे पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों के साथ मिलकर कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने में पूर्ण सहयोग प्रदान किया। अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति भाटापारा की जिला अध्यक्षा स्वर्णलता त्रिवेदी, मार्गदर्शिका सीमा शिवरतन शर्मा , अंजू भृगु ,भूतपूर्व अध्यक्षा आशा शर्मा , सुषमा मिश्रा , कोषाध्यक्ष सीमा तिवारी उपाध्यक्ष वंदना शैली , सचिव लक्ष्मी पांडे सहसचिव मीता शर्मा , भावना शुक्ला सरिता रानी शर्मा एवं ममता दीवान समस्त पदाधिकारीयों व कार्यकारिणी सदस्यों ने मिलकर कार्यक्रम की रूपरेखा देने में और कार्य रूप में परिणित करने में अपना अप्रतिम योगदान प्रदान किया।

प्रथम पृष्ठ का शेष

छाती ठोककर जाइए, 11 ...

हर घर में बीजेपी का झंडा लगाने का संकल्प लेकर जाना है।

कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव ने कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, कांग्रेस सरकार ने पांच सालों में जो कार्य पूरे नहीं किए, उन्हें हमने तीन महीने में वो काम करके दिखाया है। पीएम आवास और महतारी वंदन योजना का वादा पूरा किया गया है। किसानों को भी बकाया बोनस दिया है। धान के अंतर की राशि देने का वादा भी पूरा हो गया है। 24 लाख करोड़ हितग्राहियों के खाते में डाले गए हैं। सीजीपीएससी में घोटाला करने वालों की जांच के लिए आयोग को गठित किया गया है।

रिमोट कंट्रोल सरकार ...

वंदन में माताओं, बहनों से धोखा, 25 प्रतिशत माताओं के खाते में पैसा गया, शेष घूम रही है। 18 लाख आवास देने की बात कहा लेकिन एक भी आवासहीन के खाते में पैसा नहीं आया। सरकार 18 लाख नाम सार्वजनिक करें, जिनके मकान स्वीकृत किये है। नक्सली घटनायें बढ़ गयी सरकार ने तीन माह में कोई घोषित नक्सल नीति नहीं बनाया। रोज नक्सली हत्यायें कर रहे सरकार बयान देने तक सीमित है। आदिवासियों के प्रति अत्याचार और अपराध में बढ़ोतरी हो गयी। रेत के दाम तीन गुना बढ़ गये भाजपाई सत्ताधीशों और रेत माफियाओं के बीच सांठगांठ हो गयी है। पटवारी परीक्षा में गड़बड़ी किया, बेरोजगारों के साथ अन्याय। किसान आत्महत्या कर रहे राजनांदगांव, बस्तर, बिलासपुर हर जगह से किसानों की आत्महत्या की खबरे आ रहा किसानों के धान का पैसा न्याय योजना की चौथी किस्त खा गये सरकार ने मक्का, गन्ना गौण अन्नो का समर्थन मूल्य पर खरीदी बंद कर दिया। युवाओं को मिलने वाला बेरोजगारी भत्ता बंद कर दिया । धान कीमत 3100 एकमुश्त नगद देने का वायदा भी अधूरा ही पूरा किया आज भी पूरे किसानों को पैसा नहीं मिला है। सरकार ने व्यापारियों से भयादोहन शुरू कर दिया जीएसटी के छापे मारे जा रहे, व्यापारियों को डराया जा रहा, वसूली किया जा रहा। जमीनों के खसरा लॉक कराया जा रहा, नामांतरण बंटाकन रजिस्ट्री रोक कर जमीन व्यापारियों से वसूली किया जा रहा।तीन माह में 13000 करोड़ का कर्ज ले लिया सरकार का वित्तीय प्रबंधन फेल। गौ तस्करी की घटनायें शुरू हो गयी।

हमें कांग्रेस से सर्टिफिकेट...

है, इसमें भी जनता के सर्टिफिकेट के लिए हम काम कर रहे हैं। कांग्रेस के सर्टिफिक्रेट के लिए काम नहीं कर रहे हैं। अभी भी हमें जनता सर्टिफिक्रेट देगी, ये कितने घटिया और बदमाश लोग हैं इनको जानता पिछले 5 सालों में समझ चुकी है। अभी हमारी सरकार को 100 दिन पूरे नहीं हुए और उसके पहले किसानों के खातों में पैसा डाला जा चुका है। महतारी वंदन योजना प्रारंभ हो चुकी है। 2 साल का बोनस दिया जा चुका है। आवास देने की तैयारी पूरी हो चुकी है। पीएससी में सीबीआई जांच की घोषणा हो चुकी है। कांग्रेस को समझ नहीं आ रहा है वह करे क्या।

सावधान.. बीपी-शुगर ...

डीएलएफ कैपिटल ग्रीन्स, गुडग़ांव का साउथ सीटी, दिल्ली का यमुना विहार शामिल था।

दिल्ली पुलिस की एक टीम ने रैकेट के सबसे महत्वपूर्ण ठिकाने डीएलएफ कैपिटल ग्रीन्स पर छापा मारा। पुलिस के मुताबिक विफ्ल जैन यहां कैंसर की नकली दवाएं बनाता था। पुलिस के मुताबिक उन्होंने डीएलएफग्रीन्स में दो ईडब्ल्यूएस फ्लैट किराए पर लिए थे। यहां वह कैंसर की दवा की खाली बोतलों को नकली दवाओं से भर देता था, जबकि उसका साथी सूरज दोबारा भरी हुई बोतलों को अच्छी तरह से पैक करके रखता था ताकि किसी को शक न हो।

पुलिस ने यहां से ऐसी 140 बोतलें जप्त कीं। इस पर ओपडेटा, कीट्रूडा, डेक्सट्रोज, फ्लुकोनाज़ोल जैसे ब्रांड नाम लिखे थे। इस ब्रांड की बोतलों को इकट्ठी कर नकली कैंसर इंजेक्शनों से भर दिया जाता था। जांच में पता चला कि इसमें एंटीफंगल दवा है। पुलिस ने यहां से 50 हजार नकद, 1000 अमेरिकी डॉलर, 3 बोतल सील करने की मशीन, एक हिट गन मशीन और 197 खाली बोतलें जप्त की हैं। साथ ही पैकेजिंग से संबंधित सामान भी जप्त कर लिया गया है।

जजों के तबादले, न्यायिक ...

टोप्पो को सेट्रल प्रोजेक्ट कार्डिनेटर ई कोर्ट मिशन मोड प्रोजेक्ट और आनंद प्रकाश दीक्षित को ज्यूडिशियल अकादमी का एडिश्नल डायरेक्टर बनाया गया है। वहीं कई स्पेशल जज, प्रिंसपल जज, जिला एवं सेसन जजों का भी तबादला हुआ है।

सहायक कलेक्टर के ...

के लिए चारों अफ्सरों को सहायक कलेक्टर के पद पर पदस्थ किया गया है। इनमें से अनुपमा आनंद रायपुर, एस भार्गव दुर्ग, तन्मय खन्ना बिलासपुर, दुर्गाप्रसाद अधिकारी जांजगीर-चांपा शामल हैं।

सरगुजा संभाग में नक्सलियों ...

फिर नक्सलियों ने दस्तक दी है।

जशपुर पुलिस को नक्सलियों के मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने स्वचालित हथियार के साथ 6 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार माओवादियों में नक्सल एरिया कमांडर भी शामिल है। बताया जा रहा है कि ये नक्सली झारखंड से छत्तीसगढ़ में घुसे थे।

एके-47, जिंदा कारतूस, नक्सली ड्रेस बरामद

जशपुर जिले में पुलिस ने आज स्वचालित हथियार के साथ झारखंड के आधा दर्जन खुंखार नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने आज बताया कि इन आरोपियों के कब्जे से एक नग एके-47, जिंदा कारतूस, नक्सली ड्रेस एवं अन्य सामग्री भी बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि इन नक्सलियों की सूचना मिलने पर झारखंड, जशपुर व बलरामपुर जिले की पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की थी।

इस कार्रवाई में बाद 6 हार्डकोर नक्सलियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गिरफ्तार एरिया कमांडर पर हमले, मुठभेड़ जैसे 31 अपराध दर्ज हैं। यहां गिरफ्तार नक्सलियों ने पुलिस को बताया कि झारखंड से भाग कर वे जशपुर जिले में शरण लेने आए थे। फिलहाल पुलिस ने इन नक्सलियों को लेकर पूरे सरगुजा संभाग में सघन जांच अभियान शुरू कर दिया है।

न्यायालय तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील पाटन प.ह.न. 00031 घुमा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण-आर.डी. 202324430309700001

तहसील पाटन प.ह.न. 00031 ग्राम धूमा के वर्तमान भूमि स्वामियों में से प्रतिमा पिता/पति-संतराम पता, ममता पिता/पति संतराम पता, हेमिनबाई पिता/पति संतराम, गणपत पिता/पति मंगलदास, विनोद पिता/पति संतराम, राजकुमार पिता/पति मंगलदास, उर्मीला पुत्री/पति मंगलदास, पवन पिता/पति-संतराम, राजेश्वरी पत्नी/पति मंगलदास, राजेंद्र पुत्र/पति-मंगलदास पता द्वारा धारित भूमि - खसरा नंबर 399 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता (0.5100), 629(0.1100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता प्रतिमा पिता/ पति संतरामपता, हेमिनबाई पिता/पति-संतराम, विनोद पिता/पति संतराम पता-धूमा, पवन पिता/पत्नी-संतराम, ममता पिता/पति-संतराम के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में पंजी हेतु विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 01/04/2024 को प्रातः 11 बजे न्यायालय न्यायालय तहसीलदार पाटन में होगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/03/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

शपथकर्ता रामकुमार पिता स्व. ढालूराम उम्र 33 वर्ष, निवासी ग्राम व पोस्ट-पाउवारा, थाना-उतई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) का हूँ जो कि निम्न लिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। मेरे समस्त आवश्यक दस्तावेजों जैसे मेरे आधार कार्ड, शैक्षणिक दस्तावेजों इत्यादि में मेरा नाम रामकुमार पिता ढालूराम दर्ज है जो कि मेरा सहीं एवं वास्तविक नाम है। मेरे कुछ अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम कुमार पिता ढालूराम दर्ज है। मैंने अपना नाम परिवर्तित कर रामकुमार पिता स्व. ढालूराम, रख लिया है अब मैं भविष्य में रामकुमार पिता स्व. ढालूराम, के नाम से ही जाना, पहचाना जाउंगा एवं हस्ताक्षर आदि करूंगा। मैं अपने समस्त आवश्यक दस्तावेजों में अपना सहीं एवं वास्तविक नाम रामकुमार पिता ढालूराम दर्ज कराना चाहता हूं। रामकुमार पिता ढालूराम एवं कुमार पिता ढालूराम वे दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे स्वयं का ही नाम है।। अतः शपथपत्र अपने समस्त आवश्यक अभिलेखों में अपना सहीं एवं वास्तविक नाम रामकुमार पिता ढालूराम दर्ज कराने तथा राजपत्र में प्रकाशन हेतु श्रीमान सक्षमअधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
रामकुमार

न्यायालय तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र202309100600065
/अ-6अ/ वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम देमार प.ह.नं. 33 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाषित किया जाता है कि आवेदिका कल्याणी पति अमोलदास निवासी भिलाई-3 तहसील भिलाई-3, जिला दुर्ग द्वारा ग्राम देमार प.ह.नं. 33 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंब 1296, 1361/1 रकबा 0.20, 0.26 हे. भूमि ऋष्ा पुस्तिका में दर्ज है। आवेदिका के द्वारा खसरा नंबर 1296 रकबा 0.20 हे. भूमि को पंजीकृत बैनामा के माध्यम से विक्रेता कन्हैयालाल पिता शिवकुमार से कय एवं खसरा नंबर 1316/1 रकबा 0.26 हे. भूमि को विकेता बैनूराम पिता पल्टू के नाम पर ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में त्रुटिवश दर्ज है जो कि गलत है। अतः आवेदिका अपने भूमि खसरा नंबर 1296, 1316/1 रकबा 0.20 हे0, 0. 26 हे0 भूमि को आनलाईन राजस्व अभिलेख में अपने नाम दर्ज किये जाने बाबत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदिका कल्याणी पति अमोलदास निवासी भिलाई-3 तहसील भिलाई-3, जिला दुर्ग द्वारा प्रस्तुत उपरोक्तानुसार राजस्व अभिलेख की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 27.03.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.03.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग-1 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र-202402101400048
/अ-27/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रेखराज पिता स्व. दयाराम विरुद्ध युवराज पिता उत्तम कुमार वगैरह जाति सतनामी पता- ग्राम व पोष्ट खोपली तह0 व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदक एवं अनावेदकगणों के सामिलात खाते में हक भूमिस्वामी जमीन वाके मौजा खोपली प.ह.नं. 56 स्थित भूमि खसरा नंबर 2309, 2310, 2340, 2350, 2355, 2366 रकबा 0.2900, 0.6300, 0.1000, 0.1200, 0.0900, 0.1200 हे. कुल रकबा 1.3500 हे. लगान 8.55 रू. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उपरोक्त वर्णित भूमि सामिलात खाते में होने से उन्हे भूमि संबंधी कार्यों को संपादित करने में परेशानियों हो रही है जिससे वे खाता विभाजन करवाना चाहते है। उपरोक्त वर्णित भूमि की दो बराबर-बराबर भागों में खाता विभाजन किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15.03.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 21.02.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील पाटन प.ह.न. 00031 घुमा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण-आर.डी. 202324430309700002

तहसील पाटन प.ह.न. 00031 ग्राम धूमा के वर्तमान भूमि स्वामियों में से हेमिन पिता/पति-संतराम पता, उर्मिला पिता/पति मंगलदास पता, गणपत पिता/पति मंगलदास, विनोद पिता/पति मंगलदास, राजकुमार पिता/पति मंगलदास, पवन पिता/पति-संतराम, राजेश्वरी पत्नी/पति मंगलदास, राजेंद्र पुत्र/पति-मंगलदास, ममता पिता/पति संतराम पता घुमा, प्रतिमा पिता/पति संतराम ग्राम घुमा द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 223(0.8000) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता प्रतिमा पिता/पति संतराम पता, हेमिनबाई पिता/पति-संतराम, विनोद पिता/पति संतराम पता-धूमा, पवन पिता/पत्नी-संतराम, ममता पिता/पति-संतराम के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में पंजी हेतु विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 01/04/2024 को प्रातः 11 बजे न्यायालय न्यायालय तहसीलदार पाटन में होगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/03/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-2, सिरपुर भवन परिसर रायपुर (छ.ग.)
(निविदा आमंत्रण सूचना)

क्रमांक-1334/NIT-39/2023-24/नि.लि. दिनांक 11/03/2024

1. निविदा प्रपत्र जमा करने हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :- 27.03.2024 सायं 5.30 बजे तक
2. ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 02.04.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि :- 03.04.2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
5. निविदा प्रपत्र की कीमत प्रत्येक हेतु (रू. में) :- रूपये 750.00
6. निविदा प्रपत्र का प्रकार :- प्रपत्र "A"
7. निविदाकारों की श्रेणी :- द-पंजीयन के अंतर्गत 'द' से 'अ' श्रेणी तक
8. कार्य पूर्ण करने की अवधि :- 01 माह वर्षा ऋतु सहित ।

एन आई टी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम No of Calls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू.में) बैंक साल्वेंसी (रू. में)
1	2	3
39 T0134	S/R MOW & ORDINARY MAINTENANCE WORK AT JAIL SECTION, UNDER CONST. SUB DIVISION NO.-2 RAIPUR (प्रथम आमंत्रण)	5.00 5,000.00 75,000.00
39 T0135	S/R MOW & ORDINARY MAINTENANCE WORK AT VIP BUNGLOW UNDER CONST. SUB DIVISION NO.-2 RAIPUR (प्रथम आमंत्रण)	5.00 5,000.00 75,000.00

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-08488/2

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-2
रायपुर (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

भ्रष्टाचार के भेंट चढ़े सड़कों के ठेकेदारों के विरुद्ध होगी कड़ी कार्यवाही : भीम सिंग

■ प्रधानमंत्री ग्राम सड़कों का हो रहा है सघन निरीक्षण

कवर्धा/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री, गृह एवं पंचायत मंत्री श्री विजय शर्मा के निर्देश के बाद गुणवत्ताहीन बने सड़को का सतत मॉनिटरिंग प्रारभ हो चुका है। जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत पूर्व वर्षां में निर्मित सड़को का परीक्षण करने विभाग के उच्च अधिकारीयों का लगातार दौरा एवं निरीक्षण जिले में चल रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को छत्तीसगढ़ ग्रामीण विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री भीम सिंग ने ईएनसी के कटारे, श्री बी एस पटेल अधीक्षण अभियंता के साथ आधा दर्जन से अधिक पीएमवाय सडको का निरिक्षण किया।

छत्तीसगढ़ ग्रामीण विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री भीम सिंग ने सड़को में रखरखाव (संधारण) कार्य सही समय में न होने के चलते अनेक कमिया पायी, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यपालन अभियन्ता जे के मेश्राम को स्पष्ट निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि शासन के पैसे का दुरूपयोग बर्दास्त नही किया जाएगा। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जिन सड़को में नियमानुसार संधारण अवधि में संधारण कर सड़कां का मरम्मत नही किया गया है, उन ठेकेदारों पर कार्यवाही करें। गाईड लाइंन के अनुसार संधारण करने आदेशित किया जाए तथा नियमों का पालन नही करने वाले ठेकेदारों का शेष भुगतान पर भी प्रतिबंध लगाया जाए।

जिले के प्रधानमंत्री सड़क का निरीक्षण करने पहुंचे मुख्य कार्यपालन अधिकारी भीम सिंग ने मेन रोड से रैयतापारा 7.50 किमी, मेसर्स अनिल बिल्डकान द्वारा निर्मित सडक का डामरीकरण एवं सीमेंट कार्य क्षतिग्रस्त पाया गया, जिसे सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने सुधार नही किए जाने पर संधारण अवधी 06 माह बढ़ाने का निर्देश दिए तथा तत्काल कार्य नहीं करने पर डिफेक्ट लायबिलीटी प्रस्ताव बनाने कहा गया। उन्होंने रैतापारा से अधियार खोर 02 किमी सड़क मेसर्स विनोद अग्रवाल के कार्यों में व्यापक कमी एवं समयावधी में संधारण कार्य नही किए जाने से नाराज मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने उक्त पॅकेज में संधारण की राशि रोकने का निर्देश दिए है। इसी प्रकार कुंडा से रेंगाबोड लम्बाई 04.40 किमी रेंगाबोड से दुल्लापुर लम्बाई 02.13 किमी सड़क मेसर्स विनोद अग्रवाल द्वारा निर्मित सडक में डामरीकरण एवं डब्ल्यूबीएम् कार्य क्षतिग्रस्त पाया गया। उन्होंने कहा कि ठेकेदार द्वारा गुणवत्तापूर्ण निर्माण एवं संधारण कार्य नही किए जाने के कारण सडक क्षतिग्रस्त हो गया है। उन्होंने उक्त सड़क में ठेकेदार को तत्काल सुधार कार्य करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि नियमानुसार कार्य नही करने पर पॅकेज के सभी 18 सड़कों का डिफेक्ट लायबिलीटी आवश्यक प्रस्ताव के साथ प्रस्तुत करने उपस्थित कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किया है।

छत्तीसगढ़ ग्रामीण विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री भीम सिंग ने सतत निरीक्षण करते हुए मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के मेनरोड़ से नवापारा पेंड्री सड़क का नवीनीकरण कार्य मेसर्स बलराम चन्द्रवंशी द्वारा निर्मित सड़क जांच किया गया।

न्यूज गैलरी

डॉ. राजरत्न आंबेडकर का चरोदा भिलाई व रायपुर में आगमन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। दि बुध्दिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया अर्थात् भारतीय बौद्ध महासभा के संस्थापक बाबा साहब डॉ. बीआर आंबेडकर के प्रपौत्र ट्रस्टी चेयरमैन, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजरत्न अशोक आंबेडकर साहब जी का 15 मार्च 2024 को सांस्कृतिक भवन चरोदा-भिलाई एवं 16 मार्च 2024 को अग्रवाल मेरिज पैलेस महादेव घाट रोड रायपुरा हॉस्पिटल के पास रायपुर बौध्द धम्म सम्मेलन में आगमन हो रहा है, जिसमें बौध्दों की स्वतंत्र आर्थिक व्यवस्था निर्माण करने व संस्था की सदस्यता ग्रहण करने के संबंध में सविस्तार मार्गदर्शन करेंगे। जिसका संपूर्ण लाभ लेने हेतु समस्त बौद्ध उपासक-उपासिका एवं बौध्द अनुयायी से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने के लिए दि बुध्दिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया छग के राज्य अध्यक्ष एमडी वाल्दे, कार्याध्यक्ष सीएम वाल्दे, महासचिव एन. टेम्भुरकर व सर्व राज्य कमेटी ने अपील की है। इस धम्म सम्मेलन में विशेष अतिथि दिनेश हनुमंते राज्य अध्यक्ष दि बुध्दिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया महाराष्ट्र उपस्थित रहेंगे

भाजपा की बैठक कल

नगरी/नवप्रदेश। -लोकसभा चुनाव के संबंध में सिहावा विधानसभा प्रबंधन समिति की आवश्यक बैठक शुक्रवार 15 मार्च को दोपहर 3 बजे साहू सदन नगरी रखी गई है। यशवंत जैन सह प्रभारी बस्तर कलस्टर बैठक लेंगे। इसमें विशेष रूप से हलधर साहू जिला सह प्रभारी प्रकाश बैस भाजपा जिला अध्यक्ष कमलचंद्र भंजदेव प्रभारी सिहावा पिंकी शाह किसान मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री श्रवण मरकाम पूर्व विधायक उपस्थित रहेंगे।

बैठक में नगरी, बेलरगांव कुकरेल मगरलोड मंडल के पदाधिकारी एवं मण्डल प्रभारी, विधानसभा के समस्त शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ पालक, समस्त मोर्चा के अध्यक्ष महामंत्री, विधानसभा एवं समस्त मंडल के मीडिया/ सोशल मीडिया प्रभारी एवं समस्त ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता अपेक्षित हैं।अति महत्वपूर्ण बैठक मे आप सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

दोहे, फाग गीत और डंडा नृत्य के साथ किसानों ने किया सरकार की योजनाओं का स्वागत

कवर्धा/नवप्रदेश। किसानों को आर्थिक रूप में सशक्त और संबल बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई कृषक उन्नति योजना की शुरूआत होने पर इस योजना का कबीरधाम जिले के किसानों ने बहुत अनोखे और अलग अंदाज में स्वागत और अभिनंदन किया गया। किसानों को धान की अंतर की राशि एक मुश्त मिलने पर जिले के गांवों में अलग-अलग तस्वीर सामने आई। जिले के जोराताल गांव में छत्तीसगढ़ की मूल संस्कृति फागुन महिने में गुनगुनाने फाग-गीत और नंगाड़े की धुन से किसान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का अभिंदन करते हुए कृषक उन्नति योजना का स्वागत किया गया। इसी तरह सहसपुर लोहारा के दैहाडहीह में किसानों ने डंडा नृत्य और ग्राम कांपा के किसानों ने राउत नाच की धुन के साथ थिरकते नजर आए।

जिले के 21 हजार 492 किसानों के खातों में पहुंची राशि

नगरी/नवप्रदेश। विकासखंड नगरी के ग्राम पंचायत रतावा में आयोजित कृषि विकास योजना के तहत जिला स्तरीय जैविक कृषि मेला कृषि उन्नति योजनाअंतर्गत उपार्जित धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य से अंतर की राशि का भुगतान किया गया।

सीएम साय ने कहा कि कृषक उन्नति योजना में समर्थन मूल्य और राज्य सरकार द्वारा घोषित किए गए उपार्जन मूल्य की अंतर की राशि किसानों को देने का निर्णय लिया है। इसके तहत किसानों को समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान में प्रति क्विंटल 917 रूपए के मान से अंतर की राशि दी गई है। अंतर की राशि भुगतान के बाद किसानों को धान की प्रति क्विंटल 3100 रूपए की कीमत मिलेगी। उन्होंने कहा कि किसानों को धान के प्रति क्विंटल के मान से भुगतान की गई है, यह राशि देश में सर्वाधिक है।प्रदेश सरकार द्वारा इस साल के बजट में 10 हजार करोड़ उन्होंने किसानों को नगदी फसलों को लेने का आग्रह किया। जिले धमतरी ग्राम पंचायत रतावा में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि गण पूर्व विधायक श्रवण मरकाम पूर्व विधायक विकी शाह सरपंच रतावा गिरजा देवी देव जनपद पंचायत सदस्य उमेश देव राजेन्द्र गोलछा अकबर कश्यप ग्राम पंचायत के पंच गण एव किसान अधिक से अधिक लोगों उपस्थित थे।

23वीं वार्षिक आमसभा में कई निर्णय

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित कवर्धा की 23वीं वार्षिक आमसभा वनमंडल के सभाकक्ष में जिला यूनियन कवर्धा अध्यक्ष श्री दुखीराम धुर्वे की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। वार्षिक आमसभा बैठक में अध्यक्ष श्री धुर्वे ने बताया कि गत वर्ष 32,347.170 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण किया गया था। जिसकी पारिश्रमिक राशि 28 हजार 589 संग्राहकों को 12 करोड़ 93 लाख 88 हजार 680 रूपए का भुगतान किया गया है। इस वर्ष शासन द्वारा निर्धारित राशि 5,500 रूपए प्रति मानक बोरा दर निर्धारित करने के फलस्वरूप तेंदूपत्ता संग्राहकों को राशि 22 करोड़ रूपए का तेन्दूपत्ता पारिश्रमिक राशि प्राप्त होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त गत वर्ष 02 वर्षों 2021 एवं 2022 सीजन के कुल 51 हजार 478 संग्राहकों को राशि 7 करोड़ 59 लाख 40 हजार 767 रूपए का भुगतान किया गया है।

वनमंडलाधिकारी श्री चुड़ामणि सिंह ने जिला यूनियन कवर्धा अंतर्गत संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गत वर्ष जिला यूनियन कवर्धा अंतर्गत वर्ष 2022-23 में 09 प्रजातियों का क्रय 42 हॉट बाजार के माध्यम से कुल मात्रा 14,304.74 क्विंटल का संग्रहण किया गया। जिसकी संग्रहण पारिश्रमिक राशि 4 करोड़ 75 लाख 3 हजार 190 रूपए संग्राहकों को भुगतान किया गया है। वन मंडलाधिकारी श्री सिंह ने बताया कि शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा अनुदान योजनांतर्गत कुल 117 ग्रामीणों को राशि 1 करोड़ 80 लाख 5 हजार रूपए का भुगतान एवं सामूहिक सुरक्षा अनुदान योजनांतर्गत कुल 98 ग्रामीणों को राशि 11 लाख 76 हजार रूपए का भुगतान संघ मुख्यालय रायपुर द्वारा सीधे दावेदार के खाते में हस्तांतरण किया गया है।

वन मंडलाधिकारी श्री सिंह ने बताया कि इसके अतिरिक्त वर्ष 2022-23 में मेघावी 38 छात्र-छात्राओं को 1 लाख 14 हजार रूपए, व्यवसायिक कोर्स में अध्ययन करने के लिए 06 छात्र-छात्राओं को 45 हजार रूपए तथा गैर व्यवसायिक कोर्स करने के लिए 28 छात्र-छात्राओं को 1 लाख 32 हजार रूपए तथा 722 छात्र-छात्राओं को 1 करेड़ 80 लाख 50 हजार रूपए वितरित की गई है।

कमला कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अभिनंदन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव में 9 मार्च 2024 को प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के मार्गदर्शन एवं महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. हरप्रीत कौर गरचा की प्रेरणा से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया।

अंतर्राष्टीय स्तर पर मनाये जाने वाले महिला दिवस 2024 का थीम इंस्पायर इन्क्लूजन रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मधुरिमा शेखर शास्त्री, पूर्व प्राचार्य-शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय सत्र-1970 से 1984, सम्मानीय अतिथि के रूप में डॉ. हेमलता मोहबे पूर्व प्राचार्य-शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय सत्र 1995 से 2002, विशिष्ठ अतिथि के रूप में डॉ. बीएन मेश्राम प्राचार्य-शासकीय बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव एवं डॉ. सुमन सिंह बघेल प्राचार्य-शासकीय शिवनाथ विज्ञान एवं कला महाविद्यालय राजनांदगांव को आंमत्रित किया गया था। कार्यक्रम का सुचारू रूप से संचालन डॉ. निवेदिता ए. लाल द्वारा किया गया तथा उन्होंने बतलाया कि यह दिन महिलाओं की आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, सामाजिक उपलब्धियों के उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। इस अवसर पर संस्था प्रमुख डॉ. आलोक मिश्रा ने कविता के माध्यम से बताया कि कैसे नारी हर रिश्तें को संजोकर जीवन के विभिन्न पहलुओं में रंग भर देती है। साथ उन्होंने छात्राओं को उत्तरोत्तर प्रगति करने की प्रेरणा दी। डॉ. नीता एस. नायर ने अतिथियों का परिचय कराया तथा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल के क्षेत्र में महिलाओं की उपलब्धियों को बताया। डॉ. मधुरिमा शास्त्री ने कहा कि मोबाइल व टेक्नोलिजी ने परिवार की प्राथमिकताओं को प्रभावित किया है, केवल महिला ही है, जो परिवार की डोर थाम कर अपने कार्यक्षेत्र के साथ तालमेल बैठा सकती है व दोनों ही क्षेत्रों में बेहतर कर सकती है। डॉ. हेमलता मोहबे ने कहा कि आज महिलायें आत्मनिर्भर बन गई है। हर क्षेत्र वह मिसाल कायम कर रही है। नारी सशक्तिकरण से ही राष्ट्र की उन्नति संभव है, किन्तु हमें उन नारियों को नहीं भूलना चाहिए।

जो घर संभालती है। सभी के उत्थान के लिए प्रयास करना चाहिए।

कृषक उन्नति योजना अंतर्गत बेरला में आदान सहायता राशि का वितरण

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की कृषकों को समृद्ध और उन्नत बनाने के मकसद से धान की समर्थन मूल्य के अलावा आदान राशि मिला कर 3100 रुपये प्रति क्विंटल धान का दर तय कर प्रधान मंत्री नरेंद मोदी जी की गारंटी को पूरा करने का संकल्प लिया था। आज प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को आदान राशि का खातों में हस्तांतरित किया गया। इसी कड़ी में कृषि विभाग बेरला के द्वारा सामुदायिक भवन बेरला में विधायक बेमेतरा दीपेश साहू के मुख्य आतिथ्य, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गारंटी के तहत सभी घोषणाओं पर प्रदेश सरकार आगे बढ़ रही है। सभी कृषकों को विधौक द्वारा आदान राशि प्राप्त होने पर बधाई प्रेषित किया। पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को गारंटी पूरी होने की गारंटी बताते हुए महतारी वंदन योजना के तहत समस्त महिलाओं को प्रतिमाह मिलने वाले 1000 रुपये की बात कही, धान के बोनस की बात करते हुए प्रदेश सरकार के कार्यो की सराहना की। उन्होंने बताया कि बेरला ब्लॉक अंतर्गत समर्थन मूल्य के अतिरिक्त आज आदान राशि के रूप में 211 करोड़ रुपये की राशि सीधे किसानों के खातों में डाली जा रही हैं।

न्यायालय तहसीलदार भिलाई नगर तहसील व जिला दुर्ग
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ-8/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भुनेश्वर केसरा पिता स्व. भीखम सिंह निवासी कोहका भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 96, 4599 रकबा 0.0060, 0.040 हे. भूमि भीखम सिंह पिता मोतीराम के नाम पर भूमिस्वामी के रूप में दर्ज है। उक्त अवेदित भूमि के भूमिस्वामी की मृत्यु होने से मृतक भूमिस्वामी के द्वारा मृत्यु पूर्व अपने जीवकाल में पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया था, भूमिस्वामी की मृत्यु होने पर आवेदित भूमि को पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई दिनांक 28.03.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.03.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार, उप तहसील भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-03, जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202402104300075, /अ-2/ वर्ष 2024

ग्राम- जामुल, प.ह.नं 01, तहसील भिलाई 03

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुनैना देवी पति शिव शंकर रजक, निवासी बस्तीपारा निकुम अण्डा, द्वारा ग्राम जामुल, प.ह.नं 01, रा.नि.मं. जामुल, तहसील भिलाई 03, जिला दुर्ग (छ.ग.) अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ख.नं. 970/68 रकबा 0.007 हे. भू-राजस्व 0.02 रूपये को आवासीय प्रयोजन के लिये छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-1, खसरा एवं नक्शा की नकल तथा ऋण पुस्तिका व पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 01.03.2024 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने पर जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण नियत दिनांक 01.03.2024 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.), भिलाई-03

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा

पं.नं. 202403100400183/ अ-2/2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका दीपक कुकरेजा अन्य 01 आ./पति रामचन्द्र कुकरेजा निवासी - आमदी नगर वार्ड दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम- सिकोला प.ह.नं. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 175/87 रकबा 0.0060 हे. 5000 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.), दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा

पं.नं. 202403100400184/ अ-2/2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका दीपक कुकरेजा आ./पति रामचन्द्र कुकरेजा निवासी - आमदी नगर वार्ड दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम- सिकोला प.ह.नं. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 175/82, 175/88 रकबा 0.0470, 0.0175 हे. 2515 वर्गफीट (व्यवसायिक) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.), दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा पत्र

पक्षकार का नाम - श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट रजि.नं. 202403100400194

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री देवेन्द्र कुमार मौर्य आ. श्री रामनारायण मौर्य, निवासी म.नं. 168 आर्यनगर कोहका भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
ग्राम- कोहका प.ह.न 45 तह. व जिला दुर्ग	1008/3	0.0365हे. 3925 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति-दावा तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.), दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. ब-121 वर्ष 2024-25, ग्राम धरमपुरा, प.ह.नं. 14

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राकेश कुमार यादव आ. गणेश यादव निवासी ग्राम धरमपुरा प.ह.नं. 14 तहसील धमधा, जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा अपने पिता गणेश यादव आ. मानलाल की मृत्यु दिनांक 23/02/2014 को स्थान धरमपुरा तहसील धमधा में हुआ है। मृत्यु का पंजीयन किसी भी स्थान या जिले में पंजीयन नहीं होने से संबंधित विभाग में मृत्यु का पंजीयन करने स्थानीय रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण म.प्र. (सह पठित छ.ग. राज्य) नियम 1973 के नियम 10(3) के अंतर्गत निर्देश/आदेश देने हेतु आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, अनुपब्धता प्रमाण पत्र, सरपंच प्रमाण पत्र, मृतक का आधार कार्ड की छायाप्रति आवेदन में संलग्न कर इस न्यायालय में पेश किया गया है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त संबंध में कोई आपत्ति/दावा हो तो स्वयं अथवा विधिक अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 13/03/2024 को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 29/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 29/02/2024

पेशी दिनांक 13/03/2024

सील — तहसीलदार, धमधा (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 5
मामले की श्रेणी : राजस्व

संदर्भः जिला- दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00054 पुरई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्र. आरडी202324430110300010

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00054 के अंतर्गत ग्राम पुरई के वर्तमान भूमिस्वामी अर्पणा प्रकाश पिता/पति-वीरेन्द्र प्रकाश वर्मा पता- ब्लाक न. 10 एम. पुराना रसियन ब्लाक सड़क न.38 सेक्टर- 06 भिलाई तह. जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1011/25 (0.0139) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता अनुपम प्रकाश पिता/ पति-वीरेन्द्र प्रकाश वर्मा पता के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22/03/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 5 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो. तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29/02/2024 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार, तहसीलदार दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202402100800106, ब-121 वर्ष 2024-25, ग्राम देवरी, प.ह.नं. 19

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेघनाथ साहू आ. बाहरू निवासी ग्राम देवरी तहसील धमधा जिला दुर्ग द्वारा अपनी दादी खेदिया बाई पति बेदूराम यादव की दिनांक 11/12/2020 को स्थान देवरी में मृत्यु हो जाने से, मृत्यु का पंजीयन किसी भी स्थान या जिले में पंजीयन नहीं होने से संबंधित विभाग को मृत्यु का पंजीयन कराने, संबंधित विभाग को निर्देश दिए जाने हेतु आवेदन के साथ शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आवेदन में संलग्न कर इस न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त संबंध में कोई आपत्ति/दावा हो तो स्वयं अथवा विधिक अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 15/03/2024 को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 29/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 29/02/2024

पेशी दिनांक 15/03/2024

सील — तहसीलदार, धमधा (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी : राजस्व

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. 00040 कसारीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्र. आरडी 20232443010410100073

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00040 के अंतर्गत ग्राम कसारीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी प्रतिला दास पिता/पति अरविंद दास पता-त्रिमूर्ति नगर रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमां. 198/5 (0.0320) में प्रस्तावित भूमिस्वामी / क्रेता धनराज जैन पिता/पति पन्नालाल जैन पता जय श्री आयल मिल के पीछे गवलीपारा दुर्ग तह. व जिला छ.ग., महेन्द्र कोठारी पता- स्व. मीठालाल जी कोठारी पता- मकान क्र. ए/10 खण्डेलवाल कालोनी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27.03.2024 को सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनंक 11/03/2024 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार, तहसील दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. अ-6/2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक कबीरूद्दीन ख्वाजा पिता अमिरुद्दीन ख्वाजा निवासी ग्राम सुभाष नगर दुर्ग तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 88/284 रकबा 0.019 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/वसीयतकर्ता नजीरुद्दीन ख्वाजा उर्फ एन.डी. ख्वाजा के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 21/11/23 को वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर वसीयतनामा के आधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20/3/24 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 1/3/24 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 01/03/2024

सुनवाई दिनांक 20/03/2024

सील — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 2
मामले की श्रेणी- राजस्व

संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. 00017 सिकोला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्र. सीजी 2023-24-112-1-7679

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00017 के अंतर्गत ग्राम सिकोला के वर्तमान भूमिस्वामी REEMA MESHRAM पिता/पति RAVINDRA KUMAR MESHRAM पता MAKAN NO. 286-B, SADAK NO.03 SMRITINAGAR BHILAI TAH. AND DIST. DURG CG के द्वारा धारित भूमि खसरा क्र. 296/245 (0.0092) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता नन पिता/पति नन पता- नन के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 01/04/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 2 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आमुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/3/2024 को जारी किया जाता है।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार, तहसील- धमधा

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 20240310150024/अ-74 वर्ष 2023-24 पक्षकार परदेशी पिता धनवा निवासी ग्राम झीट तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम झीट प.ह.नं. 15 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है आवेदक परदेशी राम पिता धनवा निवासी झाट तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा ग्राम झीट प.ह.नं.15 रा.नि.मं. जामगांव एम. तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 1584 रकबा 0.55 हे. उक्त भूमि पर मूल ऋण पुस्तिका घर में साफ सफाई के दौरान कहीं गुम हो जाने के कारण आवेदक को काफी कठिवाईयां का सामना करना पड़ रहा है। उक्त भूमि का द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदान करने हेतु आवेदन पेश किया गया है के आधार पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 01/04/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 07/03/2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी।

सील — नायब तहसीलदार, पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार धमधा, जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202402100800108/ब-121 वर्ष 2023-24 ग्राम- परसुली प.ह.नं. 11

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमेश पटेल आ. फिरतूराम पटेल निवासी ग्राम परसुली प.ह.नं. 11 तहसील धमधा जिला दुर्ग द्वारा अपने पुत्र सुनील पटेल का जन्म दिनांक 18/04/2006 को स्थान परसुली में जन्म हुआ है। जन्म का पंजीयन किसी भी जिले या स्थान में दर्ज नहीं होने से संबंधित विभाग में जन्म का पंजीयन स्थानीय रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण म.प्र. सह पठित छ.ग. राज्य नियम 1973 के नियम 10 3 के अंतर्गत निर्देश/आदेश देने हेतु आवेदन के साथ शपथ पत्र, सरपंच प्रमाण पत्र, अप्राप्यता प्रमाण पत्र, स्थानांतरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति, पंचनाम, आधार कार्ड स्वयं के आदेश 18 नियम 04 के तहत शपथपूर्वक कथन तथा ग्राम कोटवार का आदेश 18 नियम 04 के तहत शपथपूर्वक कथन आवेदन में संलग्न कर निवेदन पेश किया गया है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त संबंध में कोई आपत्ति, दावा हो तो स्वयं अथवा विधिय अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 15/03/2024 को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 29/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 29/02/2024

पेशी दिनांक 15/03/2024

सील — तहसीलदार, धमधा (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

ब-121 वर्ष 2024-25, ग्राम गोबरा, प.ह.नं. 20

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवचंद साहू पिता भुवनराम साहू निवासी ग्राम गोबरा प.ह.नं. 20 तहसील धमधा, जिला दुर्ग द्वारा अपने दादा समयलाल पिता बुधू का दिनांक 13/09/2014 को स्थान ग्राम गोबरा में मृत्यु हो गया है। मृत्यु का पंजीयन किसी भी स्थान या जिले में पंजीयन नहीं होने से संबंधित विभाग में मृत्यु का पंजीयन करने स्थानीय रसिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण म.प्र. (सह पठित छ.ग. राज्य) नियम 1973 के नियम 10(3) के अंतर्गत निर्देश देने हेतु आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, सरपंच प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति आवेदन में संलग्न कर इस न्यायालय में पेश किया गया है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त संबंध में कोई आपत्ति/दावा हो तो स्वयं अथवा विधिक अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 13/03/2024 को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 29/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 29/02/2024

पेशी दिनांक 13/03/2024

सील — तहसीलदार, धमधा (छ.ग.)

शपथ-पत्र
// समक्ष : श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय पाटन दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.) //

मै शपथकर्ता जितेन्द्र कुमार सोनवेर (JEETENDRA KUMAR SONBER) पिता श्री जी. एल. सोनबेर (G.L.SONBER) उम्र-44 वर्ष, जाति-तेली, निवासी-ग्राम-केसरा, मकान नं. 367 सोनारपारा-2, केसरा, तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ :-

1. यह कि, मेरा नाम व पता ऊपर दर्शित अनुसार है। **2.** यह कि, मेरे नाम पर पूर्व में आधार कार्ड बना है। जिसमें मेरा नाम आचार्य जीवप्रियानंद अवधूत पिता श्री श्री आनन्द मूर्ति जी के नाम पर जारी किया गया है, जिसका नं. 7961 6102 5848 है। जो कि त्रुटिपूर्ण हैं। **3.** यह कि, मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं भारत निर्वाचन (परिचय पत्र) में मेरा नाम जितेन्द्र कुमार सोनबेर पिता जी.एल. सोनबेर दर्ज है। जो सही व सत्य है। **4.** यह कि, उक्त शपथ पत्र आचार्य जीवप्रियानंद अवधूत के स्थान पर जितेन्द्र कुमार सोनबेर पिता जी.एल. सोनबेर गजट में दर्ज कर प्रकाशन करवाना चाहता हूँ, जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

सत्यापनः- मै उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि इस शपथ-पत्र की कुल कंडिका क्र. 01 से 04 तक की सभी कथन मेरे स्वयं के निजी ज्ञान एवं विश्वास के सत्य एवं सही है अतः आज दिनांक 11/03/2024 को स्थान दुर्ग में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूँ ।

सत्यापनकर्ता

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी : राजस्व

संदर्भ : जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. 00040 कसारीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी 20202324430104100070

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00040 के अंतर्गत ग्राम कसारीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी त्रिलोचन पिता/पति बिरजू मेहतर पता- सा दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 9/15 (0.0070) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता प्रभा, सुकेश, नागेश पिता/पति स्व. त्रिलोचन पता-गंजपारा दुर्ग, रोहणी बाई, सावित्री बाई पिता/पति स्व. त्रिलोचन पता-गंजपारा दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौत होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22/03/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/03/2024 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

कोचिए से 4 लीटर कच्ची शराब जप्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। थाना बेरला स्टाफ को 11 मार्च को सूचना मिला की ग्राम सरदा निवासी मनीष बारले अपने घर के बाहर गली में अवैध रूप से गुड से निर्मित कच्ची शराब रख कर बिक्री कर रहा हैं की सूचना के अधार थाना बेरला स्टाफ व गवाहो के साथ मौके पर रेड कार्यवाही किया गया।

मामले पर थाना बेरला में अवैध रूप से गुड से निर्मित कच्ची शराब रख कर बिक्री करने का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 आरोपी मनीष बारले पिता समलिया बारले उम्र 32 साल साकिन सरदा थाना बेरला जिला बेमेतरा के विरूद्ध 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं। जप्त 4 लीटर गुड से निर्मित कच्ची शराब कीमती 800 रूपये एवं बिक्री रकम 200 रूपये जुमला किमती करीबन 1000 रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना बेरला प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले, प्रधान आरक्षक सुखेलाल बंजारे, आरक्षक दिनेश निषाद, एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

अपराजित छत्तीसगढ़ हॉकी टीम का क्वाटर फाइनल में प्रवेश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राउरकेला में प्रथम अखिल भारतीय सब जूनियर बालिका ग्रास रूट हॉकी प्रतियोगिता 11 मार्च से विश्व के सबसे बड़े बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने अपने तीसरे मैच मे सिमडेगा को 2 के मुकाबले 8 गोलों से पराजित करते हुए प्रतियोगिता के मटर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली है।

विपक्षी टीम के खिलाफ खेले गए इस संघर्षपूर्ण मैच मे पहले मटर में वसुंधरा ने गोल करते हुए1-0 की बढ़त बनाई थी, वहीं उसके बाद पल्लवी ने गोल कर स्कोर 2-0 पर ला दिया, जिसके जवाब में विपक्षी टीम ने भी गोल करते हुए 2-2 गोल की बराबरी कर ली थी।

मैच मध्यांतर पश्चात खेल मे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने अपने खेल में बदलाव करते कोच मृणाल चौबे की नई नीति को अपनाया और मैच के तीसरे व चौथे मटर में सुरेखा, केसर, ख्वाइश एवं सिमरन ने एक एक गोल किये तथा गीताश्री के 2 गोल से छत्तीसगढ़ की टीम ने सुबड़ेगा को 8-2 से पराजित किया।

टीम के कोच अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे ने बताया कि टीम के जीत में रक्षा पंक्ति के खिलाड़ी श्रेया, परिधि, माउली, राशि, तहजीब, गीतू, श्यामली, सुधा एवं प्रियांशी का भी उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा, जिसके बदौलत इसके पूर्व छत्तीसगढ़ ने अपने पूल में हाई प्रपोर्मेन्स सेंटर कुटरा को 3-2 गोलों से व वेस्ट बंगाल कोलकाता को 10-0 गोलों से पराजित किया था।

सरकार की योजनाओं के लाभार्थी संपर्क अभियान में घर-घर पहुंचे कमल

राजनंदगांव/नवप्रदेश। केंद्र सरकार व राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से घर-घर संपर्क कर उनका फीड बैक लेने हेतु लाभार्थी संपर्क कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। जिसमें लाभार्थी जनसंपर्क अभियान को लेकर प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में कमल सोनी लाभार्थी संपर्क अभियान को लेकर राजनांदगांव जिले में केंद्र सरकार के द्वारा किये गये जनहित के कार्यों को लेकर पार्टी के कार्यकर्तागण अपने अपने मंडलों के बूथ स्तर पर लाभार्थियों व उनके परिवार से सतत संपर्क कर फीड बैक लेने में जुट गये है। प्रवासी कार्यकर्ता कमल सोनी ने कहा कि इस कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता व पदाधिकारियों को प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में वार्डों में जाकर लाभार्थियों से सतत संपर्क करना है।

पति का नाम राजनीतिक स्वार्थ के लिए ले रहे भूपेश- विभा

■ सीएम समेत कलेक्टर से की शिकायत

खैरागढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल का नाम जब से राजनांदगांव प्रत्याशी के रूप में सामने आया है तब से लगातार बघेल लोकसभा क्षेत्र राजनांदगांव के प्रवास पर हैं. गुरुवार 14 मार्च को भी भूपेश बघेल खैरागढ़ जिले के प्रवास पर रहेंगे. वे खैरागढ़ जिले में कार्यकर्ताओं की बैठकें लेंगे और विभिन्न धर्म स्थलों पर माथा भी टेकेंगे. इसके बाद पूर्व सीएम खैरागढ़ के दिवंगत राजा देवव्रत सिंह की प्रतिमा का अनावरण भी करने वाले हैं, लेकिन पूर्व विधायक स्व. देवव्रत सिंह की मूर्ति अनावरण का विषय आते ही खैरागढ़ राजपरिवार की तरफ से नया विवाद सामने आया है.

स्व. देवव्रत की पत्नी रानी विभा सिंह ने मूर्ति अनावरण कार्यक्रम पर रोक लगाने खैरागढ़ कलेक्टर से लिखित शिकायत की है. रानी विभा सिंह का आरोप है कि पूर्व सीएम भूपेश बघेल केवल राजनीतिक स्वार्थ के लिए उनके पति के नाम का इस्तेमाल कर रहे हैं. स्वर्गीय राजा

देवव्रत सिंह की प्रतिमा व गार्डन की आड़ में राजनीति कर रहे हैं. जब भूपेश बघेल की छत्तीसगढ़ में सरकार थी तो इन्होंने स्वर्गीय राजा साहब का सिर्फ और सिर्फ अपमान करते हुए तिरस्कार किया, जिसके चलते राजा साहब जेसीसीजे जॉइन कर खैरागढ़ विधानसभा के विधायक बन गए.

रानी विभा ने कहा, विधायक रहते देवव्रत सिंह के आकस्मिक निधन के बाद कांग्रेस पार्टी ने खैरागढ़ विधानसभा उपचुनाव में फिर से राजनैतिक लाभ के लिए उनके निधन के बाद नाम और मूर्ति का हवाला देकर जनभावनाओं को लुभाने का वादा किया, जिसमें वो सफल हो गए, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने राजा साहब के परिवार वालों से कोई पूछ परख नहीं किया. सामने लोकसभा चुनाव है, जहां राजनांदगांव से स्वयं भूपेश बघेल कांग्रेस पार्टी से लोकसभा प्रत्याशी हैं. अब उनकी पार्टी पुनः हमारे दिवंगत पति के मूर्ति की अनावरण के आड़ में भोली भाली जनता को फिर धोखा देने का खेल खेलने वाले हैं.

यहां तक हम उनकी धर्मपत्नी हैं. उसके बावजूद हमें भी नहीं पूछा गया है, जो निंदनीय है. इसकी शिकायत छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों से लिखित में की है।

किराए के मकान में चलाया जा रहा स्कूल!

बुनियादी सुविधाओं का अभाव, शौचालय तक नहीं

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला के विकासखंड कोटा परिक्षेत्र के अंतर्गत बुनियादी सुविधाओं को दरकिनार कर स्कूल संचालित करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले को लेकर लिखित शिकायत की गई है, जिस विभाग के उच्च अधिकारी जांच करने की बात कर रहे हैं।

किसी भी देश के विकास में शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा ग्रहण करने वाला स्थान मनुष्य के जीवन को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक जीवन जीने की कला सीखाती है। वहीं इन दिनों शिक्षा का मंदिर कहे जाने वाला स्कूल कुछ लोगों के लिए व्यापार का साधन बन चुका है। अधिकांश देखा जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों पर स्कूल का संचालक अधिक मुनाफा कमाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। वही चंद स्वार्थी लोग शिक्षा नीति की धज्जियां उड़ा कर मुनाफाखोरी की चाहत मे बच्चों के भविष्य एवं सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। कुछ ऐसा ही मामला बिलासपुर जिला के विकासखंड शिक्षा अधिकारी कोटा परिक्षेत्र पर देखने को मिल रहा है जिसमें कि शिकायतकर्ता ने मामले को लेकर 16 फरवरी 2024 लिखित शिकायत किया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि राम सिंह यादव पिता शिवरतन सिंह यादव जिला बांदा उत्तर प्रदेश का रहने वाला है, जो कि विगत 2 वर्ष पूर्व से विकासखंड कोटा ग्राम बिटकुली चौक पर एक मकान को किराए पर लेकर स्कूल संचालन कर रहा है। वही दूसरा स्कूल ग्राम आमागोहन (खोंगसरा) में किराए के भवन में स्कूल संचालन किया जा रहा है। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि उक्त स्थान पर नियमानुसार मानक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं है।

कुआं हो सकता है जानलेवा

विकासखंड कोटा के अंतर्गत आने वाले ग्राम बिटकुली चौक पर सरस्वती विद्यापीठ नाम से स्कूल संचालन किया जा रहा है। उस स्कूल पर बच्चों के साथ दुर्घटना होने की संभावनाएं है दरअसल जहां पर स्कूल का संचालन किया जा रहा है। उसके पीछे कांटा तार से घिरा हुआ लगभग 2000 वर्ग फुट खाली स्थान है. वहा पर एक कुँआ मौके पर स्थित है, जो पूरी तरह खुला हुआ है, जिसमें कि नाबालिग बच्चों के साथ बड़ी घटना होने की संभावना है।

15 सौ मानदेय पर शिक्षक

विकासखंड कोटा के अंतर्गत ग्राम बिटकुली पर संचालित स्कूल पर मीडिया ने जानकारी लिया तब पता चला कि के. जी. वन से लेकर कक्षा आठवीं तक के बच्चों को पढ़ाया जाता है, जहां पर मात्र तीन शिक्षक इस कार्य को करते हैं. मौके पर मौजूद एक शिक्षक ने बताया कि उन्हें पढ़ाने के एवज में स्कूल संचालक के द्वारा 15 सौ रुपए प्रतिमाह वेतन देते हैं। वही माह के अगर चार रविवार छुट्टी के दिन को छोड़ दिया जाए तो शिक्षक अपनी सेवा 26 दिन देते हैं इस हिसाब से एक दिन पढ़ाने के एवज में स्कूल संचालक शिक्षक को लगभग मात्र 57.692 रुपय भुगतान करता है।

जिले के अग्निवीर में चयनित 14 युवा देश सेवा में देंगे अपना योगदान

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में भारतीय थलसेना द्वारा अग्निवीर भर्ती में चयनित जिले के युवाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। भारतीय थलसेना द्वारा अग्निवीर में जिले के 14 युवा देश की सेवा करेंगे। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि अग्निवीर बनकर आप सभी को देश सेवा करने का गौरव प्राप्त हुआ है। इससे कबीरधाम जिला गौरान्वित हुआ है।

उन्होंने कहा कि अग्निवीर में भर्ती युवा जिले के लिए प्रेरणा है। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने कहा कि देश की रक्षा में योगदान देना गर्व का विषय है। इसमें सभी अपना श्रेष्ठ दे और आगे बढने के लिए प्रयास करें। उन्होंने कहा कि अग्निवीर अन्य युवओं के लिए प्रेरणा है इससे बाकि युवा देश की सेवा के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि देश सेवा करने के बहुत सारे अवसर होते हैं। इनमें से सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करना और सुरक्षा के साथ मजबूत बनाना भी है। उन्होंने कहा कि जिले से 14 युवाओं का चयन होना गौरव की बात है। इससे गांव

सहित जिला और देश का नाम रोशन हुआ है। अग्निवीर बनने के बाद आपको अपनी मेहनत का फल मिला है। अग्निवीर बनकर देश की सेवा करने से आपका आत्मविश्वास बढेगा। जिला रोजगार अधिकारी श्री प्रमोद जैन ने बताया कि जिले के 14 युवाओं का चयन अग्निवीर में हुआ है। इसमें ग्राम दशरंगपुर निवासी श्री राजू साहू, अमलीडीह निवासी तोरण सिंह, दशरंगपुर खुर्द के देवेन्द्र कुमार, ग्राम धमकी निवासी जय सिंह ठाकुर, नवागांव गजरी निवासी विक्रम, चिमरा निवासी दीपचंद साहू, खैरवार निवासी करण निर्मलकर, कुआंमालगी निवासी कमलेश्वर, नाउडीह निवासी अजय कुमार, नेउरगांव खुर्द निवासी विकास कुमार, राजानवागांव निवासी हिमाशु मानिकपुरी, अमलीडीह निवासी हितेश सिंह, धरमपुरा से टाप सिंह चयनित।

शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने राजपत्रित अधिकारियों को दिया गया मार्गदर्शन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव के सभागृह में लोकसभा निर्वाचन 2024 सुरक्षित, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराने हेतु जिले के पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा की उपस्थिति में जिला निर्वाचन कार्यालय से आये मास्टर ट्रेनर कैलाश शर्मा, देवेन्द्र सिंह ठाकुर एवं भूपेश साहू द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा कहा गया कि निष्पक्ष चुनाव कराना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। लोग बिना किसी भय, प्रलोभन के मतदान कर सके, इस हेतु उचित वातावरण बनाये रखने में पुलिस की महत्वपूर्ण भमिका होती है। पुलिस

अधिकारियों को मतदान के पहले, मतदान के दिन और मतदान के बाद की कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता को लेकर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा आदर्श आचार संहिता लागू होने पर पुलिस के कर्तव्य और उनके कार्यों की जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों को चुनाव आयोग के द्वारा जारी दिशा-निर्देश के संबंध में भी जानकारी दी गई। प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारियों को अपने उत्तरदायित्व की जानकारी हो इसी उद्देश्य के साथ इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

चुनाव के लिए गृहमंत्री शर्मा ने कार्यकर्ताओं को किया चार्ज

■ योजनाओं को लेकर अफसरों की भी लगाई क्लास

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं राजनांदगांव जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा आज राजनंदगांव पहुंचे. यहां उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक ली. वहीं कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रशासनिक योजनाओं की समीक्षा करने अफसरों की बैठक भी ली. उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने राजनांदगांव के जिला भाजपा कार्यालय में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न मोर्चा के साथ बैठक की. इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को चार्ज किया. उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनांदगांव लोकसभा से चुनाव लड़ने के मामले को लेकर कहा कि भूपेश बघेल अपने दुर्ग क्षेत्र से भाग कर राजनांदगांव में चुनाव लड़ रहे हैं.

भाजपा आईटी सेल द्वारा कांग्रेस के खिलाफ कार्टूनवार को लेकर मंत्री शर्मा ने कहा कि कार्टून पुरानी घटनाओं के आधार पर कल्पना के तहत बनाया गया है. वहीं सीएए के मामले को लेकर उन्होंने कहा कि यह नागरिकता देने का बिल है. इसमें बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के अल्पसंख्यकों को नागरिकता दी

जाएगी. इस बिल का स्वागत होना चाहिए. वहीं उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने पर नक्सली घटना बढ़ने के आरोप का जवाब देते हुए कहा कि नक्सली घटना में भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या क्यों हो रही है. नक्सलियों की वजह से कोई भी हताहत होता है तो यह दुख का विषय है. अपने निर्वाचन के बाद पहली बार राजनांदगांव पहुंचे छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा ने यहां कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं को लेकर अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली और इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर कई दिशा निर्देश भी दिए. इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने मुझे राजनांदगांव का प्रभारी मंत्री भी बनाया है, जिसके तहत मैं यहां शासन की योजनाओं की समीक्षा बैठक ले रहा हूं. उन्होंने कहा कि 3 महीने में ही हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी पूरी करने का काम किया है।

प्रशासनिक व्यवस्था के तहत राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों के बीच कार्य विभाजन

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कबीरधाम जिले में प्रशासनिक व्यवस्था के तहत राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के मध्य पूर्व में जारी कार्य विभाजन आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए नए कार्य विभाजन किया है।

आदेश के तहत राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर अपर कलेक्टर श्री अविनाश भोई को कलेक्टर की अनुपस्थिति में सामान्य प्रशासनिक नियंत्रण एवं चालू कार्य, अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, तहसील स.लोहारा, बोड़ला, पण्डरिया के राजस्व अपील, पुनरीक्षण एवं पुनर्विलोकन प्रकरणों का पंजीयन एवं निराकरण (धारा-165, धारा-247 के प्रकरणों को छोड़कर), पंचायती राज अधिनियम के तहत जनपद पंचायत निर्वाचन से संबंधित चुनाव याचिका एवं पंचायती राज अधिनियम के अंतर्गत अपील पुनरीक्षण का पंजीयन एवं निर्वर्तन (सम्पूर्ण कबीरधाम जिला), सूचना के अधिकार अधिनियम-2005 के तहत समस्त अपील/ पुनरीक्षण (सम्पूर्ण कबीरधाम जिला), पंचायती राज अधिनियम की धारा 91 के तहत आँगन-बाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका की नियुक्ति के विरूद्ध समस्त अपील/ पुनरीक्षण (सम्पूर्ण जिला कबीरधाम), विभागीय जांच अधिकारी, जिला विवाह अधिकारी, लोकसभा/विधानसभा/राज्यसभा प्रश्नों की जानकारी भेजना, नागरिकता एवं पासपोर्ट संबंधी कार्य, जिला अल्प बचत अधिकारी, निवेशकों के हित संरक्षण पर कार्यवाही, नगर सेना, वारिसान प्रमाण पत्र तथा खनिज अधिनियम से संबंधित प्रकरणों का निराकरण करेंगे।

14 किलो गांजा सहित आरोपी किए गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। थाना/ चौकी प्रभारियों के द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यो में लिप्त लोगो के खिलाफ सख्त प्रभावी कार्यवाही के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 12 मार्च को थाना सिटी कोतवाली

बेमेतरा स्टाफ को मुखबीर से सुचना मिला कि ग्राम रांका निवासी संतोष सिंह चौहान पिता स्वं. पंचू चौहान उम्र 43 साल साकिन रांका अपने गाय कोठा में एक प्लास्टिक के बोरी में अवैध रूप से गांजा जैसा मादक पदार्थ बिक्री करने हेतु रखा हैं की सूचना पर सायबर सेल टीम एवं थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा स्टाफ व गवाहो के साथ घटना स्थल पहुचकर घेराबंदी कर मौके पर रेड कार्यवाही किया गया। जहां आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा जुमला वजनी 14 किलो कीमती करीबन 1.40 लाख रूपये को जप्त किया गया हैं। जिसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 आरोपी के विरूद्ध 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत विधिवत अग्रिम कार्यावाही की जा रही हैं। उक्त आरोपी के विरूद्ध पूर्व में अवैध गांजा मामले में कार्यवाही की जा चुकि है।

कोचिये से 18 पौवा शराब जप्त

थाना बेमेतरा में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 आरोपी गौकरण साहू पिता दिलेश्वर साहू उम्र 36 साल साकिन जेवरी थाना व जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। कोचिये से कुल 18 पौवा देशी मशाला शराब किमती 1980 रूपये व बिक्री नगदी रकम 150 रूपये कुल जुमला 2130 रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यावाही किया गया हैं।

मुसवाडीह में चार दिवसीय संत समागम मेला और चौंका आरती प्रारंभ, 16 तक चलेगा

साजा/नवप्रदेश । श्री सदगुरू कबीर साहेब के परम स्नेही संत मनिहार दीवान साहेब के तपोस्थली धर्म नगरी ग्राम मुसवाडीह (साजा) में कबीर पंथ का विशाल मेला प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी होने जा रहा हैं। चार दिन तक चलने वाला यह मेला 13 मार्च से शुरू होकर 16 मार्च फाल्गुन शुक्ल सप्तमी तक चलेगी। यह मेला योगी पुरुष, सत्य स्नेही, संत मनिहार दीवान साहेब के स्मृति में हर वर्ष लगने वाला मेला हैं।

जिसमें छग के सभी क्षेत्रों से भक्तजन व अनुयायी पधारते हैं। साथ ही छग के बाहर अन्य प्रदेशों से भी काफी तादाद में अपनी मनोकामना लेकर श्रद्धालुजन आते हैं और अपनी कामना पूरी करते हैं। इस पावन अवसर पर चार दिन तक भजन सत्संग एवं भोजन भंडारा अनवरत चलेगी। 13 मार्च को संत रामू साहेब (मिरमिटी) के द्वारा

आध्यात्मिक प्रवचन होगी जो तीन दिन तक चलेगा। 14 मार्च को नवोदित वंशाचार्य हुजूर उदितमुनिनाम साहेब दामाखेड़ा का प्रथम आगमन के पावन अवसर पर विशाल शोभायात्रा, दर्शन लाभ एवं भेंट बंदगी लाभ होगा। 15 मार्च को छोटी माता साहिबा सुलक्षणा देवी का आगमन शोभायात्रा के साथ होगीं, साथ ही आशीष वचन प्रवचन लाभ प्राप्त होगा। संध्या वेला में गुलाल उत्सव का भी आयोजन किया जाएगा। वहीं 16 मार्च को विशाल मेला शोभायात्रा से शुरू हो होगा।

होटल संचालक ने कराया न्योता भोज

साजा/नवप्रदेश। नगर के सीबीएसई प्राथमिक शाला कन्या साजा में न्योता भोज का आयोजन आशीर्वाद होटल के संचालक तारकेश्वर मानिकपुरी एवं महिला समुह के बबलू साहू द्वारा कराया गया। इस दौरान बच्चों को खीर पुरी छोले भटूरे अचार पापड़ सलाद एवं फल के रूप में केला अंगूर मिष्ठान के रूप में जलेबी एवं पेड़ा जैसे पौष्टिक आहार दिया गया।

न्योता भोज में अतिथि के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी निलेश चंद्रवंशी, विकासखंड स्रोत समन्वयक बीडी बघेल, संकुल प्राचार्य मरकाम, संकुल समन्वयक होरीलाल मिर्जा तथा पूरे संकुल के शिक्षकगण उपस्थित थे। उक्त अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक के रूप में राजू सेन, पारस वैष्णव, राधे वर्मा पार्षद एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहें। उक्त अवसर पर संस्था प्रमुख त्रिभुवन वैष्णव ने दान कर्ताओं को सादर धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि आने वाले समय में आप सभी लोगों का सहयोग इस विद्यालय को मिलता रहें।

किसान आत्मनिर्भर के साथ होंगे आर्थिक रूप से सुदृढ़ : दीपेश

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी कृषक उन्नति योजना का राज्य स्तरीय शुभारंभ बालोद स्थित सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में हजारों किसानों एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में किया गया। इस कार्यक्रम में राज्य के लगभग 24 लाख 72 हजार किसानों को इस योजना के तहत 13 हजार 320 करोड़ रूपए की आदान सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की गई। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कृषक

उन्नति योजनान्तर्गत किसानों को खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से धान का उपार्जन किया गया है। समर्थन मूल्य से अन्तर की राशि का अन्तरण कृषक उन्नति योजना के तहत किया गया। बेमेतरा जिलें में कृषक उन्नति योजना के तहत आदान सहायता राशि वितरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि उपज मंडी प्रांगण में किया गया साथ ही विकासखण्ड मुख्यालयों में भी कार्यक्रम आयोजित की गई थी। कार्यक्रम में भारी संख्या में आमजन उपस्थित थे, जो सीधे वर्चुअल रुप से बालोद में आयोजित कार्यक्रम से जुड़े। जिला बेमेतरा के लगभग 1.54 लाख किसानों के खाते में 856 करोड़ रुपए राशि का अंतरण मुख्यमंत्री श्री साय ने जिला बालोद से वर्चुअल रूप से की। बेमेतरा जिलें के किसानों ने 934687 मेट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया था। ज़िले के विकासखंड नवागढ़ के 38767 किसानों को 201.15 करोड़ रुपये, बेमेतरा के 38519 किसानों को 217.22 करोड़, विकासखंड बेरला 38184 किसानों के खाते में 211.86 करोड़ रुपये जमा हुये।

निर्माण कार्यों के लिए 29 लाख स्वीकृत

कवर्धा/नवप्रदेश। सांसद श्री संतोष पाण्डेय की अनुशंसा पर कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे द्वारा जिले के निर्माण कार्य के लिए 28 लाख 98 हजार 900 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। निर्माण कार्य के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत बोड़ला, सहसपुर लोहारा, कवर्धा और कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग कवर्धा को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है।

स्वीकृत कार्यों में कबीरधाम जिले के बोड़ला नगर पंचायत के वार्ड 13 में चबुतरा निर्माण कार्य के लिए 01 लाख रूपए, सहसपुर लोहारा के वार्ड 09 में सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 5 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं।

इसी तरह रामनगर कवर्धा के वार्ड 01 शिवाजी कॉलोनी मे सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए 8 लाख रूपए और बोड़ला में सामुदायिक भवन परिसर वार्ड 10 में आहाता निर्माण कार्य के लिए 14 लाख 98 हजार 900 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है।

शंका-कुशंकाओं से दूर आप जान लें नागरिकता संशोधन अधिनियम के लाभ

■ **सीएए के लागू होने से पुनर्वास और नागरिकता देने के बीच में आने वाली कानूनी बाधाएं दूर हो जाएंगी**

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले केंद्र सरकार ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2024 की अधिसूचना जारी कर दी है। लंबे इंतजार के बाद इस अधिनियम के देश में लागू होने के बाद समर्थन के साथ कहीं-कहीं विरोध के स्वर भी फूट रहे हैं। वहीं इसे लेकर सरकारी सूत्रों का कहना है कि सीएए के लागू होने से पुनर्वास और नागरिकता देने के बीच में आने वाली कानूनी बाधाएं दूर हो जाएंगी। इससे दशकों से पीड़ा झेल रहे शरणार्थियों को एक सम्मानजनक जीवन देने में मदद मिलेगी। पर उधर, पश्चिम बंगाल, केरल, मेघालय त्रिपुरा और असम में सीएए को लेकर विरोध शुरू हो गया है।

संसद के दोनों सदनों से चार साल पहले पास हुआ नागरिकता संशोधन अधिनियम , 2019 ते तहत उन शरणार्थियों को भारत की नागरिकता देने का प्रावधान है, जिन्होंने पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफ़ग़ानिस्तान में धार्मिक उत्पीड़न झेलने के बाद 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में शरण ली। सरकार अब उन शरणार्थियों को देश की नागरिकता देने जा रही है. सरकार ने उन ÷प्रमुख मुद्दों÷ के बारे में बताया है, जिन्हें सीएए लागू कर हल किया जा सकता है।

शरणार्थियों को मिलेगा सम्मानजनक जीवन- सरकारी सूत्रों का कहना है कि सीएए के लागू होने से पुनर्वास और नागरिकता देने के बीच में आने वाली कानूनी बाधाएं दूर हो जाएंगी। वहीं दशकों से पीड़ा झेल रहे शरणार्थियों को एक सम्मानजनक जीवन देने में मदद मिलेगी। नागरिकता के अधिकार मिलने से शरणार्थियों की सांस्कृतिक, भाषाई और सामाजिक पहचान की रक्षा होगी और आर्थिक, वाणिज्यिक, फ्री मूवमेंट और संपत्ति खरीद का अधिकार सुनिश्चित होगा। विपक्ष की तीखी आलोचना के बीच केंद्र ने साफ तौर पर कहा कि सीएए से किसी भी भारतीय की नागरिकता नहीं छिनेगी, चाहे वह किसी भी धर्म का क्यों न हो।÷ करोना महामारी की वजह से इस कानून को लागू करने में देरी हुई है।

वोटों के ध्रुवीकरण का आरोप- इधर सीएए के मामले में कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने सरकार के इस कदम की आलोचना की है। विपक्ष का आरोप है कि लोकसभा चुनावों की तारीखों के ऐलान से कुछ दिन पहले सीएए लागू कर खासकर पश्चिम बंगाल और असम में, वोटों के ध्रुवीकरण की कोशिश की जा रही है।

अफवाहें और गलत सूचनाएं सच नहीं हैं- सरकारी

तौर पर संबंधित जिम्मेदारों का कहना है कि सीएए को लेकर कुछ राजनीतिक पार्टियां व जिम्मेदार लोग देश में जनता के बीच गलत संदेश दे रहे हैं।

जैसे गलत सूचनाओं में ये है मिथक.. सीएए का लक्ष्य भारतीय मुसलमानों से नागरिकता छीनना है।

सीएए भारतीय मुसलमानों के खिलाफ है।

नागरिकता साबित करने दस्तावेज़ इकट्ठा करने होंगे, नहीं तो निर्वासित कर दिया जाएगा

ये है सरकारी तौर पर तथ्य..

सीएए किसी भी धर्म के मौजूदा भारतीय नागरिक को प्रभावित नहीं करता है।

यह 2014 तक भारत में बसे प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने के बारे में है, न कि नागरिकता छीनने के बारे में।

इसका मुसलमानों सहित किसी भी धर्म के भारतीय से कोई सरोकार नहीं है।

इसलिए, इसके देश के मुसलमानों के खिलाफ होने का सवाल ही नहीं है।

किसी राष्ट्रव्यापी एनआरसी की घोषणा की जाएगी।

नियम और दिशानिर्देश ऐसे बनाए जाएंगे कि किसी भी भारतीय नागरिक को उत्पीड़न का सामना नहीं करना पड़ेगा।

इस अधिनियम से किसी भी धर्म या क्षेत्र के नागरिक पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

इन देशों के शरणार्थियों को मिलेगा लाभ - इस कानून के लागू होने से तीन पड़ोसी देश पाकिस्तान, अफ़ग़ानिस्तान और बांग्लादेश से आए गैर-मुस्लिम शरणार्थी (हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई) अब भारतीय नागरिक बन सकेंगे। इसके लिए इन लोगों को सरकारी गाइडलाइन का पालन करना होगा और नागरिकता के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। हालांकि, कुछ जरूरी शर्तें भी रहेंगी। जैसे सीएए नियमों के तहत आवेदन करने से पहले भारत में एक साल तक लगातार रहना अनिवार्य है।

सीएए दिसंबर 2019 में संसद में पारित हो गया था. चार साल से ज्यादा समय बाद इसके नियमों को अधिसूचित किया गया है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीएए के लिए फॉर्म जारी कर दिया है. इसमे सभी जरूरी दस्तावेजों और नियमों की जानकारी दी गई है.

सीएए को लेकर जानिए 10 सवालों के जवाब

1. किन लोगों को मिलेगी नागरिकता?

ऐसे शरणार्थियों को नागरिकता दी जाएगी, जो 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में आकर बस गए हैं। आवेदकों को वो साल बताना होगा, जब उन्होंने यात्रा दस्तावेज के बिना भारत में प्रवेश किया था। भारत में आने का दिन, भारत में आने के लिए वीजा या इमिग्रेशन स्टैंप समेत अन्य जानकारियां देनी होंगी।

2. सीएए का सिस्टम कैसे काम करेगा?

वेब पोर्टल किया गया है. सारी प्रक्रिया ऑनलाइन है। ऑनलाइन आवेदन करने होंगे. सबसे पहले आवेदन जिला कमेटी के पास जाएगा, फिर वो एंपावर्ड कमेटी को भेजेगी। अधिकार प्राप्त कमेटी नागरिकता पर फैसला लेगी. इसके प्रमुख डायरेक्टर (सेंसस ऑपरेशंस) होंगे। 7 अन्य सदस्य भी होंगे। इसमें आईबी, फॉरेन, रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिस, पोस्ट ऑफिस और राज्य सूचना अधिकारी शामिल होंगे।

3. सीएए में नागरिकता के लिए क्या दस्तावेज जरूरी?

भारत की नागरिकता हासिल करने के लिए ऑनलाइन फॉर्म में शेड्यूल- 1ए के तहत 9 तरह के दस्तावेज मांगे गए हैं. जबकि शेड्यूल-1बी के तहत 20 तरह के दस्तावेज और शेड्यूल- 1सी के तहत शपथ पत्र यानी एफिडेविट देना होगा। बताना होगा कि वे इन तीनों देशों के गैर मुस्लिम शरणार्थी हैं। यानी वहां के निवासी हैं। इसके लिए वहां के पासपोर्ट, जन्म प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, दस्तावेज आदि पेश करना है।

4. अगर दस्तावेज नहीं हैं तो क्या करें?

फॉर्म भरने के लिए दस्तावेज होना जरूरी नहीं किया गया है। यदि किसी के पास कोई दस्तावेज नहीं हैं तो वो उसका कारण बता सकता है। अगर कोई डॉक्यूमेंट्स है तो जानकारी देनी होगी। इसके अलावा अगर किसी राज्य में बसे हुए हैं या बसना चाहते हैं तो वहां के नियमों के हिसाब से मूल निवासी का प्रमाण पत्र हासिल कर सकते हैं।

5. फॉर्म में क्या-क्या भरना होगा?

ऑनलाइन फॉर्म में आपको अपने माता-पिता या पति का नाम, भारत में कब से रह रहे हैं। और कहां, कौन से देश से आए हैं, वहां कहां रह रहे थे। भारत में आने के बाद क्या काम कर रहे हैं. किस धर्म से संबंध रखते हैं।

6. शादीशुदा और गैर-शादीशुदा के लिए अलग फॉर्म है?

वेब पोर्टल पर इसके लिए अलग से फॉर्म है। यदि भारत आने के बाद किसी भारतीय से शादी की है तो उसके बारे में भी जानकारी देनी होगी। बच्चों के लिए भी अलग से फॉर्म दिया गया है।

7. आपराधिक रिकॉर्ड होने की स्थिति में क्या होगा?

अगर कोई आपराधिक रिकॉर्ड है तो इसकी जानकारी देनी होगी। अगर सरकार को लगेगा कि ऐसे किसी शख्स को नागरिकता देने से खतरा हो सकता है तो उसका फॉर्म कैंसिल किया जा सकता है।

8. क्या किसी की नागरिकता छिन सकती है?

नहीं, किसी की नागरिकता छीनने का प्रावधान नहीं है। यानी किसी की नागरिकता पर कोई संकट नहीं है। गृह मंत्री अमित शाह ने भी एक बयान में कहा था कि सीएए किसी की नागरिकता छीनने का कानून नहीं है। सीएए के तहत पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 से पहले आए गैर मुस्लिम छह समुदायों को नागरिकता देने का प्रावधान किया है।

9. नागरिकता का सर्टिफिकेट कैसे हासिल करें?

फॉर्म में सारी जानकारी देने के बाद सत्यता की पुष्टि करनी होगी और हस्ताक्षर करने होंगे। कोई झूठ या धोखाधड़ी की स्थिति में फॉर्म कैंसिल किया जा सकता है। सरकार के सत्यापन और संतुष्टि के बाद डिजिटल सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा। आवेदक अगर हार्ड कॉपी चाहेगा तो वो भी उपलब्ध कराई जाएगी। प्रमाणपत्र डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा या अधिकार प्राप्त समिति के अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित होगा। देशीयकरण द्वारा नागरिकता प्राप्त करने वाले लोगों को समिति द्वारा देशीयकरण का एक डिजिटल प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

10. नागरिकता के लिए क्या कोई शर्तें रहेंगी?

भारतीय नागरिकता पाने के इच्छुक लोगों को आवेदन करने की तारीख से पहले देश में कम से कम 12 महीने तक रहना अनिवार्य है, तभी आवेदन करने के लिए पात्र होंगे। इन 12 महीनों से ठीक पहले के आठ वर्षों के दौरान भी आवेदकों द्वारा देश में कम से कम छह साल बिताया गया हो, तभी उन्हें भारत की नागरिकता प्राप्त करने के लिए पात्र माना जाएगा।

लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट पर विशेष नजर रखेगी एसएसटी की तैनात टीम

■ **आचार संहिता लगने से पहले कलेक्टर एसपी ने ली बैठक**

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव से पहले चुनावी खर्चो से जुड़ी एजेंसी और विभागों को लेकर रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार सिंह और एसपी संतोष सिंह ने बुधवार को बैठक ली । बैठक में पड़ोसी जिलों की सीमा सहित रेलवे स्टेशन-एयरपोर्ट पर विशेष नजर रखेंने के निर्देश दिए गए है।

कलेक्टर ने कहा है रायपुर लोकसभा का चुनाव प्रदेश में राजधानी होने के कारण महत्वपूर्ण और संवेदनशील है। रायपुर से होने वाली कार्रवाई का असर आस-पास के जिलों के साथ-साथ पूरे प्रदेश पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा कि अंतर जिला सीमा पर एसएसटी की विशेष निगरानी रखी जाए और संदेहास्पद लेन-देन पर जांच कर कार्यवाही करें।

रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट पर विशेष रूप से नजर रखें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने पर तुरंत एक्शन ले। कलेक्टर ने कहा कि चुनाव का काम टीम वर्क है, हर अधिकारी अपने दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन करें।

वही एस पी संतोष सिंह ने कहा कि चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू होते साथ ही धारा 144 लागू हो जाती जिसका सबको पालन करना होता है। उन्होने कहा कि एंजेसी शराब , कैश,और महंगे मैंटल की आवाजाही, पर नजर रखें। एस पी ने कहा कि वैध दस्तावेज ना होने पर कार्यवाही करते हुए जिम्मेदार विभाग को सूचित करें। यदि कोई कार्यवाही की जा रही है तो पुलिस विभाग की टीम का सहयोग अवश्य लें।

72 घंटे के अंदर देनी होगी पाम्पलेट-पोस्टरों की जानकारी

बुधवार कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के जिले के अगल अगल प्रकाशकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक ली । बैठक में लोकसभा चुनाव के दौरान छापी जाने वाली राजनैतिक प्रचार-प्रसार सामग्रियों के बारे में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। बैठक में मास्टर ट्रेनर्स ने बताया कि किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री जैसे हैंडबिल, पम्पलेट, पोस्टर, बैनर, फ्लैक्स आदि को छापने के लिए संबंधित व्यक्ति द्वारा मुद्रक को घोषणा पत्र भरकर ही आर्डर दिया जायेगा। मास्टर ट्रेनर ने मुद्रकों सलाह दी है कि बिना घोषणा पत्र वाले प्रिंटिंग आर्डर वे ना लें। बैठक में आगे बताया गया कि प्रचार सामग्री छापने के 72 घंटे के अंदर मुद्रित सामग्री के तीन सेट और प्रकाशक की घोषणा को जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी मुद्रकों की होगी। इस दौरान लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 क के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर दंडात्मक कार्यवाही भी की जायेगी।

राज्य खेल अलंकरण समारोह आज, 411 खिलाड़ी होंगे पुरस्कृत

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 14 मार्च को राज्य खेल अलंकरण समारोह में राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों को पुरस्कृत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। कार्यक्रम के अतिविशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा होंगे। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य खेल अलंकरण समारोह का आयोजन पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में सुबह 11 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक राजेश मूणत, पुरन्दर मिश्रा, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, इन्द्रकुमार साहू, गुरू खुशवंत साहेब होंगे।

2019-20 के लिए ये सम्मान- कार्यक्रम में राज्य शासन द्वारा वर्ष 2019-20 के लिए शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार के लिए 06, शहीद कौशल यादव पुरस्कार के लिए 06, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार के लिए 02, शहीद पंकज विक्रम सम्मान 27, शहीद विनोद चौबे सम्मान के लिए 05 एवं मुख्यमंत्री ट्राफी के लिए 25 खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।

2020-21 के लिए ये सम्मानः इसी प्रकार वर्ष 2020-21 के लिए शहीद राजीव पांडेय पुरस्कार के लिए 11, शहीद कौशल यादव पुरस्कार के लिए 03, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार के लिए 01, शहीद पंकज विक्रम सम्मान 16, शहीद विनोद चौबे सम्मान के लिए 05 एवं मुख्यमंत्री ट्राफी के लिए 26 चयनित खिलाड़ियों को ट्राफी देकर सम्मानित किया जाएगा।

411 खिलाड़ियों को मिलेगा अवार्डः कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त खिलाड़ियों को अलंकरण से सम्मानित करते हुए 269 खिलाड़ियों को वर्ष 2019-20 के लिए पुरस्कार राशि 30.36 लाख रुपए तथा 2020-21 के लिए 142 खिलाड़ियों को 19 लाख 32 हजार रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी।

पिकअप में गैस कटर और सिलेंडर लेकर पहुंचे थे बिजली खंभा चोर, 5 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में चोरों ने सड़क से बिजली का खंभा पार कर दिया. चोर इस वारदात को अंजाम देने के लिए पूरी तैयारी के साथ पहुंचे थे। फिर उन्होंने खंभे को काटकर गाड़ी में लाद कर मौके से भाग गए। मामला डीडी नगर थाना क्षेत्र की है। घटना के अगले दिन बिजली विभाग के इंजीनियर की नजर खंभे पर पड़ी, तो वो दंग हो गए। खंभे का सिर्फ एक टुकड़ा बचा हुआ था। जिसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई। इस मामले में 5 चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

गैस कटर और सिलेंडर लेकर आए थे : चोरों ने इस घटना को अंजाम देने के लिए पहले से प्लानिंग की थी। वो 9 मार्च की रात 3 बजे नेशनल हाईवे के करीब सरोना इलाके में पहुंचे। वे गैस कटर और ऑक्सीजन का 2 सिलेंडर लेकर पिकअप गाड़ी में आये थे। उन्होंने 40 फीट लंबे खंभे को 5 टुकड़ों में काट दिया। फिर इस भारी-भरकम खंभे को 5 लोगों ने मिलकर गाड़ी में लोड कर लिया।

सीसीटीवी से पकड़ाए आरोपी

इस घटना की एफआईआर दर्ज होने के बाद डीडी नगर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई। आसपास लोगों से पूछताछ की गई। इस रूट के सीसीटीवी कैमरा को खंगाला गया। फुटेज में आरोपियों के गाड़ी का नंबर सामने आया। जिसके आधार पर पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। ये आरोपी खमतराई इलाके के श्रीराम यादव, शिवमंगल सिंह, राज नारायण सिंह, करण निषाद और अनिल निषाद है।

बंटने लगे नए राशन कार्ड, रंग, तस्वीरों के साथ बदल गया स्वरुप

नया राशन कार्ड में पीएम मोदी और सीएम साय की तस्वीर

रायपुर/नवप्रदेश। अब से नए कलेवर में राशन कार्ड दिखाई देगा। नए कार्ड में पीएम मोदी और सीएम साय की तस्वीर नजर आ रही है। साथ ही इसका रंग, रूप और डिजाइन भी अलग दिखाई दे रहा है। छत्तीसगढ़ में राशन कार्ड का रंग और रूप बदलता हुई दिखाई दे रहा है। अब नए कलेवर में राशन कार्ड नजर आएगा। राशन कार्ड की नई तस्वीर सामने आई है। जिसमें पीएम के साथ सीएम और खाद्य मंत्री दिख रहे हैं। इससे पहले पूर्व सीएम भूपेश बघेल और पूर्व खाद्ध मंत्री अमरजीत भगत का तस्वीर बनी हुई थी। वहीं अगर राशन कार्ड के डिजाइन में कुछ अंतर देखा जा सकता है...

बता दें, 40 हजार नए राशन कार्डो का वितरण होगा। नए राशन कार्ड में 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' लिखा हुआ है। कांग्रेस सरकार में खाद्य सुरक्षा का नारा 'खाद्य सुरक्षा का नारा छोटा परिवार हमारा' लिखा गया था। साथ ही पिछली सरकार में तिरंगे के रंग कार्ड छपा हुआ था।

राशन कार्ड लेने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

राजधानी रायपुर के अलग-अलग जॉन ऑफिस में नए राशन कार्ड का वितरण किया जा रहा है। रायपुर के जॉन 3 में नए राशन कार्ड लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हुए हैं। राशनकार्ड नवीनीकरण के बाद आज से कार्ड का वितरण शुरू हो गया है।

अपनी फोटो लगवाने के लिए बनाए गए कार्ड- कांग्रेस

कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने राशन कार्ड के बदलाव को लेकर कहा था कि, भाजपा अपने प्रचार के लिए जनता को लाइन में खड़े करने की तैयारी कर रही है। राशन कार्ड जब पुराने हो जाएं या फट जाएं तब बदल दिए जाते हैं। लेकिन इन्हें बने तो अभी दो साल हुए हैं। सभी लोगों को राशन कार्ड बनावाए हुए ज्यादा वक्त नहीं हुआ है। अब उन्हें फिर से राशन कार्ड बनवाने के लिए लाइनों में खड़ा होना पड़ेगा।

छत्तीसगढ़ में 16 से बदलेगा मौसम

रायपुर/नवप्रदेश। इस सप्ताह के अंत में लोगों को तपती गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार 16 मार्च से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलेगा और विभिन्न क्षेत्रों में वर्षा होने की संभावना है। मंगलवार को मौसम शुष्क रहेगा। इस वर्ष पश्चिमी विक्षोभ का ज्यादा प्रभाव होने के कारण ठंड के दिनों में ठंड नहीं पड़ी। सोमवार को रायपुर सहित प्रदेश का मौसम शुष्क रहा।

दोपहर की तेज धूप चुभने लगी है, हालांकि सोमवार को कुछ क्षेत्रों में आंशिक रूप से बादल भी छाए रहे। होली के पहले अधिकतम तापमान में और बढ़ोतरी की संभावना है। करीब 15 वर्षो बाद ऐसा हुआ है कि दिसंबर और जनवरी में एक भी दिन मध्य छत्तीसगढ़ में शीतलहर के हालात नहीं रहे।

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ द्रोणिका के रूप में 5.8 किमी ऊंचाई पर 60 डिग्री पूर्व व 30 डिग्री उत्तर में है। इसके चलते अधिकतम और न्यूनतम तापमान में क्रमिक रूप से बढ़ोतरी की संभावना है।

इस वर्ष अप्रैल और मई भी तपाने वाले हैं। मौसम विज्ञानियों के अनुसार इस वर्ष तापमान सामान्य से ज्यादा रहेगा, हालांकि एक बात अच्छी है कि गर्मी ज्यादा पड़ने से बारिश भी अच्छी होने की उम्मीद है।

मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों में अधिकतम व न्यूनतम तापमान में क्रमिक रूप से बढ़ोतरी शुरू होगी।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी : राजस्व
संदर्भ : जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.न.-00040 कसारीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्र. आरडी202324430104100074

ईश्तहार

तहसील दुर्ग प.ह.नं. ग्राम कसारीडीह के 00040 पर वर्तमान जमींदार धीरजभाई पिता/पति-लालजीभाई पता-कसारीडीह, ज्योत्सना पत्नी-पति-धीरजभाई पता-कसारिडीह खसरा नंबर 494/2(0.0410) में है, जो भूमिस्वामी/ क्रेता सुंदरलाल कोचर द्वारा प्रस्तावित है। पुत्र-श्री रतनचंद जैन पता-मकान नं. शीतलमार्ग, वार्ड क्रमांक 19, कवर्धा, तहसील, जिला वर्धा, श्रीमती लता कोचर सुपुत्री सुन्दरलाल जैन, पता, मकान नं. 33, शीतलमार्ग, वार्ड क्रमांक 19 कवर्धा तहसील जिला कवर्धा का नामांतरण /अभिलेख सुधार/ पंजीकरण/ त्रुटि उपरांत खाता विभाजन हेतु अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में लंबित है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27/03/2024 को प्रातः 11 बजे न्यायालय न्यायालय तहसीलदार दुर्ग में होगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/03/2024 को जारी किया जाता है।

सील
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-4903223
email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनान्तर्गत सूर्या अपार्टमेंट, कटोरा तालाब, रायपुर में स्थित फ्लैट क्र.-ए-44, श्री प्रसन्न कोठारी पिता स्व. मांगीलाल कोठारी, के नाम पर इस कार्यालय के नामांतरण आदेश क्रमांक 198 दिनांक 27.06.2002 के माध्यम से नामांतरित किया गया है। वर्तमान में नामांतरी श्री प्रसन्न कोठारी पिता स्व. मांगीलाल कोठारी की मृत्यु दिनांक 11.12.2015 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती रूक्मिणी कोठारी पति स्व. प्रसन्न कोठारी के द्वारा अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु निर्धारित आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, अन्य वारिसानों का सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उपरोक्त फ्लैट को नामांतरी श्री प्रसन्न कोठारी पिता स्व. मांगीलाल कोठारी, की मृत्यु होने के उपरांत उनकी पत्नी श्रीमती रूक्मिणी कोठारी पति स्व. प्रसन्न कोठारी के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः उक्त फ्लैट के नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल कालोनी कबीर नगर रायपुर में निर्मित EWS योजना में से भवन/भूखंड क्र. EWS-699 श्री प्रीतराम साहू पिता श्री एस.आर. साहू को स्ववित्तीय/एकमुश्त/ आफर आधार पर आबंटित/नामांतरित किया गया है। उनके द्वारा दि. 15/09/05 को लीजडीड/सेलडीड/ विक्रय विलेख पंजीकृत करा लिया गया है। मूल आबंटी द्वारा उक्त भवन श्रीमती जसवीर कौर पति श्री तरसेम सिंग के पक्ष में दिनांक 09/12/2011 को विक्रय कर दिया।

तदउपरांत क्रेता द्वारा उक्त भवन/ भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/ भूखण्ड क्रेता श्रीमती जसवीर कौर पति श्री तरसेम सिंग के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशित की तिथि से 15 दिन के अंदर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./14/अ-20(3)/वर्ष 2023-2

आवेदिका श्रीमती जेस्सी संजय पिता चेरीयन कुन्जु कुन्जु पत्नि स्व. संजय वलिया कांबूकल मैथ्यू निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई जिला दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई हुडको भिलाई में स्थित नजूल भूमि खसरा नं. 1/2, 2/2 का टु. भूखण्ड नं. एम.आई. जी.1/1084 क्षेत्रफल 150 वर्गमीटर भूमि आवेदिका के पिता सी कुन्जु कुन्जु को भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई द्वारा आबंटित है। आबंटिती की मृत्यु दिनांक 16.01.2013 को हो चुकी है। मृतक आबंटिती के 02 पुत्र एवं 01 पुत्री है। आबंटिती सी.कुन्जु कुन्जू द्वारा अपने जीवनकाल में दिनांक 06.12.12 को अपनी पुत्री आवेदिका श्रीमती जेस्सी संजय के पक्ष में अपंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया है। आवेदिका द्वारा उक्त अपंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर मृतक आबंटिती का नाम प्रश्नाधीन भूखण्ड से विलोपित कर स्वयं का नाम दर्ज करते हुए नवीन पट्टा निष्पादन करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27.03.2024 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.03.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील
नजूल जांच अधिकारी,
दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार निपनिया जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202403211900020
अ-0 वर्ष 2023-24
ग्राम- पाटन प.ह.नं. 31

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक उमेश कुमार ध्रुव पिता लैनू राम ध्रुव जाति गोड़ निवासी ग्राम धनगांव तहसील लवन जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. के द्वारा ग्राम पाटन प.ह.नं. 31 रा.नि.मं. करहीबाजार तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा स्थित भूमि खसरा नं. 8, 113, 173, 291/1 शा. 291/2, 293/1, 316, 384, 521, 866, 592, 596, 1046, 1097, 1157, 1137, 1346, 1194, 1403 रकबा क्रमशः 0.3930, 0.0610, 0.4090, 0.0240, 0.0080, 0.0120, 0.3440, 0.2020, 0.0610, 0.1050, 0.0770, 0.1700, 0.2350, 0. 3440, 1.2380, 0.4900, 0.4130, 0.5910 हे. कुल खसरा नंबर 18 योग करबा 5.1770 हे. होने के कारण सहखातेदार कुजदाई पति लैनुराम ध्रुव की मृत्यु दिनांक 04/03/2017 को होने के कारण सहखातेदार मृतक के नाम को विलोपित कर उनके विधिक वारिसान के नाम पर नामांतरण दर्ज किए जाने एवं शेष खातेदार के नाम को यथावत रखे जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 3/4/24 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति नियत पेशी दिनांक 3/4/24 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 11/3/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया।

सील
नायब तहसीलदार
निपनिया

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202403103000017
ब-121/बी-121/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिकागण- श्रीमति किर्ती बाई साहू पति स्व. केसरी साहू पता-ढौर तह. व एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि संयुक्त खातेदार के नाम पर मौजा-ढौर प.ह.नं. 12 स्थित भूमि खसरा नंबर 1796, 1798, 1801, 1806, 2384 रकबा क्रमशः 0.1100, 0.0500, 0.1800, 0.2500, 0.0100 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। सास अमरीका बाई पति इतवारी के नाम पर लिपिकीय त्रुटि राजस्व अभिलेख में दर्ज हो गया है सास का सही व वास्तविक नाम श्रीमती अमरीका बाई साहू पति जगदीश साहू दर्ज करना चाहती है। जेठपुत्री का नाम छुटी हुई रितु साहू पिता स्व. उदयकरण साहू का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज कराना चाहती है। सास अमरीका बाई पति ईतवारी के स्थान पर अमरीका बाई साहू पति जगदीश साहू के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज करने तथा सहखातेदार का नाम यथावत् रखे जाने, रितु साहू पिता स्व. उदयकरण साहू का नाम राजस्व अभिलेख मे दर्ज किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27/3/24 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12/3/24 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील
अति. तहसीलदार,
दुर्ग

न्यूज गैलरी

भाई पर प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को दस साल की सजा

खैरागढ/नवप्रदेश । भाई के ऊपर प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को अपर सत्र न्यायालय द्वारा दस साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है । साल भर पूर्व छूईखदान ब्लाक के पंडरिया मे भूपेन्द्र जंघेल पर उसके भाई आरोपी तजेश्वर जंघेल ने जमीन संबंधी बंटवारे विवाद सहित पूर्व की रंजिश के चलते धार दार हथियार चाकू से गला पेट, कोथे मे गंभीर हमला कर दिया था । गंभीर घायल भूपेन्द्र को आनन फानन मे छूईखदान अस्पताल मे प्राथमिक इलाज के बाद निजी अस्पताल रिफर किया गया था । छूईखदान पुलिस ने मामले मे त्वरित कार्यवाही कर मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश किया था । अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रकुमार कश्यप ने मामले मे गवाहो के बयान और न्यायालय मे प्रस्तुत अभियोग पत्र के बाद मामले को प्रमाणित पाते आरोपी को दोषसिद्ध ठहराते आरोपी तजेश्वर जंघेल को गंभीर कृत्य करने, अपराध की गंभीरता को देखते धारा 307 के तहत दोषसिद्धि पर दस वर्ष सश्रम कारावास दो हजार रू अर्थदंड और 2 माह का व्यतिक्रम के दंडादेश की सजा सुनाई । प्रकरण मे अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक अल्ताफ अली ने पैरवी की ।

पद्मावतीपुर स्कूल में न्योता भोज में बच्चों ने लिया खीर-पुड़ी का आनंद

खैरागढ/नवप्रदेश । जिले के पद्मावतीपुर संकुल केन्द्र अंतर्गत शासकीय पूर्व मा शाला पद्मावतीपुर में शिक्षक मनहरण लाल चंदेल के जन्मदिन के उपलक्ष में न्यौता भोज का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी एफ आर केसरिया, उपसंचालक रश्मि खरे जिला खेल अधिकारी कन्हैया पटेल सहित शिक्षा समिति के सदस्यों की उपस्थिति में स्कूल के बच्चों को चावल, दाल, सब्जी, खीर ,पुरी के साथ पापड़, फल व मिठाई का वितरण किया गया। सरपंच जैनेंद्र जंघेल ने बताया कि शासन द्वारा जारी जन जागरूकता अभियान के तहत कोई भी व्यक्ति अपने जन्मदिन व अन्य अवसर पर अपने नजदीकी स्कूल मे ब%चों को गुणवत्तायुक्त भोजन करा सकते हैं जिससे छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण भोजन मिल सके साथ ही मध्यान भोजन योजनान्तर्गत मिल रही भोजन का निगरानी भी अच्छे से हो सकेगी ।

एकमुश्त मिली अंतर की राशि, किसानों के खिले चहरे

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। मोदी की गारंटी एवं विष्णु का सुशासन को परिभाषित करते हुए आज कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों को एकमुश्त अंतर की राशि प्रदान किया गया। जिससे जिले के किसान बेहद ही गदगद है एवं उनके चेहरे में खुशी झलक रही है। बलौदाबाजार विकासखंड के अंतर्गत ग्राम करमदा निवासी किसान नागमणी वर्मा ने कृषक उन्नति योजना के लिए सरकार प्रति आभार व्यक्त करते हुएकहा कि उन्हें इस योजना से बहुत लाभ हुआ है। लगभग 1 लाख रुपये की अंतर राशि आज मेरे खाते में एकमुश्त जमा हुई है। जिसका उपयोग मैं खेती किसानी को बढ़ाने एवं बच्चों के पढ़ाई में करूंगा। मेरे बच्चे अभी पढ़ाई करते हैं जिसके लिए उन्हें गृह ग्राम से दूर जाना पड़ता है। मैं इस राशि से अपने बच्चों के लिए वाहन लेना चाहता हूँ। जिससे उनके आवागमन में कोई समस्या ना हो। उन्होंने कहा कि सरकार हम किसान भाइयों को आगे बढ़ाने के लिए अच्छी अच्छी योजना लेकर आये हैं हम सभी किसान वर्ग इससे बहुत खुश एवं उत्साहित हैं। उन्होंने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

नाबालिक छात्रा बनी मां, दिया बच्चे को जन्म, अधीक्षिका निलंबित

■ पुलिस और शिक्षा विभाग के अधिकारी सहित प्रशासनिक अधिकारियों का गंगालूर अस्पताल में लगा जमावड़ा

फाईल फोटो

बीजापुर/नवप्रदेश। गंगालूर 100 सीटर बालिका पोटाकेबिन छात्रावास के कक्षा 12 वीं में अध्ययनरत एक छात्रा ने पेट में दर्द होने की शिकायत के बाद उसे गंगालूर अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां छात्रा ने अस्पताल में एक बच्चे को जन्म दिया है। इस खबर के बाद पूरे जिले में हड़कंप मच गया है। इसकी पुष्टि जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने भी की है। पुलिस और शिक्षा विभाग के अधिकारी सहित प्रशासनिक अधिकारियों का गंगालूर अस्पताल में जमावाड़ा लग गया है, मामले की जांच शुरू कर दी गई है। इस मामले में छात्रावास अधीक्षिका अंशु मिंज को बीजापुर कलेक्टर ने तत्काल निलंबित कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीजापुर जिले के नक्सल प्रभावित इलाका गंगालूर के पोटाकेबिन में 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली एक छात्रा ने पेट में दर्द की शिकायत की, इसके बाद स्टाफ के लोगों ने उसे गंगालूर अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने उसकी जांच की, जांच के बाद डॉक्टर्स ने जब स्टाफ को बताया कि वह गर्भवती है, तो सभी के पैरों तले जमीन खिसक गई। कुछ देर के बाद छात्रा ने एक बच्चे को जन्म दे दिया। इसकी खबर मिलते ही पोटा केबिन से लेकर जिला मुख्यालय तक हड़कंप मच गया है। इस मामले में सबसे चौंकाने वाली बात ये है कि छात्रा के गर्भवती होने की भनक तक यहां के स्टाफ को नहीं लगी। हालांकि यह सब कैसे हुआ इसका खुलासा मामले की जांच बाद ही हो पाएगा।

विदित हो कि उक्त पोटाकेबिन में सैकडों की संख्या में यहां छात्राएं रहकर पढ़ाई कर रही हैं। लेकिन इस घटना से पता चलता है कि पोटाकेबिन मे रह रही छात्राओं पर किसी तरह की निगरानी,देख-रेख नहीं होना एक बार फिर छात्राओं के आवासीय संस्थाओं में गंभीर लापरवाही को उजागर करता है। सबसे बड़ी और आश्चर्य की बात यह है कि छात्रा गर्भवती थी और उसकी भनक यहां के स्टाफ और साथ में रह रही छात्राओं भी को नहीं लगना किसी के गले नही उतर सकता है।

उल्लेखनीय है कि इस तरह के मामले बस्तर संभाग के अलग-अलग जिलों में पहले भी सामने आए हैं। वर्ष 2019 में दंतेवाड़ा के पातररास के छात्रावास की एक छात्रा ने हॉस्टल में ही एक बच्चे को जन्म दिया था, तब नवजात की मौत हो गई थी। इस मामले में अधीक्षिका ने मामले को दबाने का पूरा प्रयास किया था, लेकिन मामला जब सामने आया, तो अधीक्षिका पर निलंबन की गाज गिरी थी। ऐसा ही एक अन्य मामला बीजापुर जिले में भी पहले सामने आ चुका है।

130 लोगों का भाजपा प्रवेश, शर्मा ने गमछा पहनाकर किया स्वागत

नगरी/नवप्रदेश। देश में लोकसभा चुनाव होने वाले है। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश का सिलसिला लगातार जारी है। राजधानी रायपुर में कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में सोमवार को महेश उराव गोपीकिशन कश्यप, सुरेश नेताम सहित हजारों की संख्या में सर्व वर्ग हिताय समूह के 2000 से अधिक सदस्यों ने भाजपा की रीति-नीति से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण की है। बता दें कि इससे एक दिन पहले ही कांग्रेस के पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू सहित सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली थी। इसके पूर्व 15 फरवरी को कांग्रेस के पूर्व विधायक विधान मिश्रा प्रमोद शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस एवं जोगी कांग्रेस के लोग भाजपा में शामिल हुए कार्यक्रम में मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष शिव रतन शर्मा प्रदेश महामंत्री रामुरोहरा संगठन मंत्री पूर्व विधायक सिहावा श्रवण मरकाम पूर्व सगठन मंत्री महेश उराव भाजपा कार्यकता गण अधिक से अधिक लोगो के बीच किया गयाइस मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भाजपा की सदस्यता लेने वाले सर्व वर्ग हिताय समूह के लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा में आप सभी का स्वागत है। भाजपा देश की सेवा करने वाली पार्टी है. भाजपा जो कहती है, उसे करके दिखाती है. 1952 में हमने संकल्प लिया था कि एक देश में दो निशान दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे। कश्मीर से धारा 370 समाप्त करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाया. भगवान श्रीराम 500 वर्षों तक टेंट में रहे भाजपा ने नारा दिया, रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे. भाजपा ने जनभावनाओं के अनुरूप 500 साल बाद अयोध्या में भगवान राम को पुनः प्रतिष्ठित किया।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश को आगे बढ़ना चाहते हैं और इसके लिए दिन-रात काम करते हैं। भाजपा सबको साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है। आज मोदी दुनिया के सबसे बड़े नेता एवं सबसे लोकप्रिय नेता हैं। ऐसी पार्टी में आप सभी का स्वागत है

जिसमे संयोजक एवं संगठन प्रमुख गोपी किशन कश्यप अध्यक्ष सुरेश नेताम उपाध्यक्ष चन्द्रकुमार मरकाम कुलदीप साहू घनश्याम नेताम जालम सिंह पटेल चमेली साहू जयसिंह मरकाम सुरेश कुमार नेताम चन्द्रकुमार मरकाम घनश्याम नेताम जालम सिंह पटेल चमेली साहू जयसिंह मरकाम संभू टेकाम डिकेश्वरी साहू देर बाई मोहित साहू जागृति कलेन्द्री मण्डावी ममतालता साहू वंदना साहू खेमलता मरकाम रजुला बाई,सीमा मालती दरों नर्मदा बाई नेताम दिनेश्वरी खुलेश्वरी सुरेन्द्र सुर्याकर जयन्द्र सधा बाई गोविंद नेताम,कमलेश नेतामरेखा नेताम अनिल कश्यप जया बाई, कुमारी कुसुमलता ध्रुव दीपिका निषाद करूण उमेश कुमार राजकुमारी पुर्णिमा योगेश्वरी लकेश्वरी ललिता साहू, हेमकुमारी साहू सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

मोदी की गारंटी के नाम पर जनता को गुमराह कर रही बीजेपी : बैज

■ 70प्रतिशत महिलाओं के खातों में नहीं पहुंचा महतारी वंदन का पैसा

जगदलपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है. कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और बस्तर सांसद दीपक बैज ने आरोप लगाया है कि मोदी गारंटी के नाम पर छत्तीसगढ़ की जनता को भारतीय जनता पार्टी गुमराह किया है. उन्होंने महतारी वंदन योजना, नक्सली हिंसा और नारायणपुर में छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न मामले को लेकर के सरकार को घेरा हमला बोलते हुए कई सवाल खड़े किए हैं.

बता दें कि दीपक बैज ने आरोप लगाया है कि प्रदेश सरकार महतारी वंदन योजना को चुनाव से पहले मोदी की गारंटी और छत्तीसगढ़ की हर महिला के खाते में 1000 रुपए प्रतिमाह देने की बात कह रही थी. लेकिन सरकार बनने के बाद सरकार ने 3 महीने का पैसा नहीं दिया और अब जब पैसे दिए भी गए हैं तो 70त्न महिलाओं के खातों में पैसा नहीं पहुंचा है. उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को कांग्रेस की चुनौती है कि उन सभी नाम का खुलासा करें, जिनके खातों में पैसा गया है. इतना ही नहीं महतारी वंदन योजना में लागू की गई शर्तों से छत्तीसगढ़ की सभी महिलाओं को योजना का लाभ भी नहीं मिल रहा है. दीपक बैज ने नारायणपुर की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस घटना में शामिल शिक्षक का कहीं ना कहीं भारतीय जनता पार्टी से संबंध है. यह उनका सवाल भी है और यही वजह है कि प्रशासन ने कार्रवाई करने में इतनी देरी की. उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार घटनाएं बढ़ रही हैं और प्रदेश के गृहमंत्री कांग्रेस सरकार में जिसे टारगेट किलिंग बता रहे थे. वह अब बचकाना बयान दे रहे हैं. कांग्रेस पार्टी के नेताओं की सुरक्षा घटाई जा रही है और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को सुरक्षा दी जा रही है।

सोशल, इलेक्ट्रानिक मीडिया पर राजनैतिक विज्ञापनों के लिए पूर्व प्रमाणन जरूरी

खैरागढ़/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव मे मीडिया सेंटरों मे विज्ञापनो और पेड न्यूज पर नजर रखने जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति का एक दिवसीय प्रशिक्षण स्थानीय कलेक्टर परिसर स्थित सभा कक्ष मे आयोजित किया गया । नोडल अधिकारी ने बताया की जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति का मुख्य कार्य सोशल मीडिया सहित इलेक्ट्रानिक मीडिया पर राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन करना, पेड न्यूज के मामलों की निगरानी और कार्यवाही एवं चुनावी प्रक्रिया के दौरान मीडिया संबंधी नियमों का उगंघन के मामलों की निगरानी करना है। आयोग के गाइडलाईन के अनुसार कोई भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी या अन्य संस्था, व्यक्ति, मतदान एवं मतदान के एक दिवस पूर्व बिना जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति के प्रमाणीकरण के प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित नहीं करा सकेगा। नियमों का उगंघन करने पर संबंधित राजनीतिक दल अथवा व्यक्ति के विरूद्ध निर्वाचन आयोग के नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों को दिए गए कर्तव्यों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने की समझाईश दी। प्रशिक्षण मे मास्टर ट्रेनर ने सदस्यों को विज्ञापन अधिप्रमाणन की प्रक्रिया, पेड न्यूज निर्धारण प्रक्रिया, पेड न्यूज की लागत की गणना, पेड न्यूज का विश्लेषण एवं निर्णय, चुनाव के दौरान मीडिया कवरेज के महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

किसानों को सबसे ज्यादा सहायता राशि देने का काम कर रही सरकार

■ जिले के डेढ़ लाख से अधिक किसानों के खाते में 799 करोड़ 66 लाख रुपये अन्तरित

बलौदाबाजार/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को कृषक उन्नति योजना का शुभारंभ एवं आदान सहायता राशि का अंतरण बालोद जिले में आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में किया। कृषक उन्नति योजना के तहत जिले के 1लाख 56 हजार 713 किसानों के बैंक खाते में लगभग 799 करोड 66 लाख रुपये डीबीटी के माध्यम से आदान सहायता राशि का अंतरण किया गया। बलौदाबाजार स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। मुख्य कार्यक्रम से जिला मुख्यालय एवं जनपद मुख्याल वर्चुअली जुड़े थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण है जिसमे किसानों को आदान सहायता के रूप में बड़ी राशि का अंतरण किया गया है। किसानों में उत्साह और खुशी का माहौल है। किसानों की चिंता करते हुए हमारी सरकार ने मोदी की गारण्टी के तहत एक और गारण्टी पूरी की है। इस गारण्टी के पूरे होने से अब किसानों को सबसे आदान सहायता राशि देने में हमारी सरकार सबसे आगे है। पूरे प्रदेश में खुशहाली और समृद्धि दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 मार्च को ही प्रदेश के लगभग 70 लाख महिलाओं के खाते में एक-एक हजार रुपये महतारी वंदन योजना की पहली किश्त का अंतरण किया गया है। उन्होंने कहा कि किसान आदान सहायता राशि का बेहतर उपयोग करें। बड़े काम पूरा करने में खर्च करें। मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि खिलाड़ियों को सम्मानित व पुरस्कृत करने के लिए फिर से खेल अलंकरण समारोह की शुरुआत की जाएगी। संभवतः 14 मार्च को समारोह का आयोजन किया जाएगा । उन्होंने कहा कि भूमिहीन मजदूरों को आर्थिक सहायता देने के लिए दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना की भी शुरुआत की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुसार भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने तथा विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए सबकी सहभगिता जरूरी है। कलेक्टर श्री के. एल. चौहान ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि राज्य शासन द्वारा धान के अंतर राशि का किसानों के बैंक खाते में अंतरण हुआ। जिले के 156713 किसानों के खाते में लगभग 799 करोड़ 66 रुपए अन्तरित हुआ है।

देर रात पैदल गश्त किए एसपी लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

जगदलपुर/नवप्रदेश। शहर के व्यस्तम भीड़भाड़ वाले इलाके में मंगलवार और बुधवार की दरम्यानी रात को पुलिस अधीक्षक अपनी टीम के साथ पैदल निरीक्षण के लिए निकले। इस दौरान पुलिस सहायता केंद्र से लेकर अन्य हिस्सों में पैदल ही घूमते हुए शहर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। बस्तर पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा द्वारा जिले के सबसे ज्यादा भीड़ वाले क्षेत्रों में यातायात, पार्किंग तथा अन्य असुविधाओं को देखते हुए पैदल पेट्रोलिंग किया गया, पुलिस अधीक्षक द्वारा जगदलपुर के संजय मार्केट तथा पुलिस चौकी का औचक निरीक्षण किया गया, चौकी निरीक्षण के दौरान चौकी के साफ-सफाई पर नियमित रुप से ध्यान देने कहा गया, संजय मार्केट के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा पैदल चलकर पूरे मार्केट का जायजा लिया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बताया की संजय मार्केट शहर का मुख्य मार्केट है। जहां हमेशा भीड़ एवम ट्रैफिक की समस्या बनी रहती है, मार्केट में भीड़ होने का फायदा उठाते हुए पॉकेटमारी की शिकायतें आती रहती हैं, जिसे देखते हुए मार्केट में सिविल तथा वर्दीधारी ड्यूटी के साथ साथ ट्रैफिक के जवानों को भी ड्यूटी के लिए बताया गया, साथ ही जनता से अच्छे पुलिस आचरण करने को कहा गया। संजय मार्केट के साथ ही साथ बस स्टैंड पुलिस सहायता केन्द्र, थाना बोधघाट का भी निरीक्षण किया।

समाजिक बुराइयों को दूर करना हम सब की जिम्मेदारी-साव

■ सामूहिक आदर्श विवाह एवं सम्मान समारोह में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। तहसील साहू संघपलारी, रोहांसी, भवानीपुर, दतान परिक्षेत्र व नगर साहू संघ पलारी के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को आदर्श विवाह व सम्मान समारोह का आयोजन ग्राम छेरकापुर में किया गया। जिसमें प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों ने भक्त माता कर्मा के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद कबीर आश्रम के महंत ने विधि विधान के साथ विवाह संपन्न कराया।उपमुख्यमंत्री श्री साव सहित समस्त अतिथियों व समाजिक पदाधिकारियों ने 28 जोड़े नव दंपत्तियों को शुभाशीष दिया और उनके सुखमय व मंगलमय जीवन की कामना की।=सफल आयोजन के लिए जिला अध्यक्ष सुनील साहू को उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने बधाई दी है। श्री साव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कृति को सहेजे हुए आधुनिकता की ओर समाज आगे की ओर ले जाना है। इसके लिए समाज में मौजूदा बुराईयों एवं प्रथाओं को दूर करते हुए हम सब को शिक्षा पर जोर देने की आवश्यकता है। शिक्षित समाज से ही एक सशक्त राज्य और राष्ट्र का निर्माण हो सकता है। उन्होंने आगे कहा कि साहू समाज की सामूहिक आदर्श विवाह एक प्रशंसनीय पहल है। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों के माता-पिता को अपने बेटियों के शादीकी चिंता सदैव बनी रहती थी। बेटियों की शादी के लिए कर्ज लेने या संपत्ति बेचने तक की नौबत आ जाती थी। इस आदर्श विवाह का लाभ उन गरीब परिवार की बेटियों को मिल रहा है। साहू समाज की इस पहल को निर्भीक निर्णय बताते हुए इसकी सराहना की।

समय पर नहीं मिल रहा वेतन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं-सहायिकाओं ने सौंपा ज्ञापन

खैरागढ़/नवप्रदेश । विकासखंड के आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ और सहायिकाओ ने आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन और कार्यरत् आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ, सहायिकाओं की विभिन्न समस्याओं को लेकर पीड़ा को बताने के लिए कलेक्ट्रेट पहुँचे। कलेक्टर की अनुपस्थिति मे कार्यालय मे सौंपे ज्ञापन मे आंगनबाड़ी कार्यकताओं सहायिकाओं ने समस्या बताते कहा कि जनवरी फरवरी दो माह का मानदेय एवं हड़ताल अवधि का मानदेय अभी तक नही मिलने से परेशानी बढ़ गई है । खैरागढ़ जिले में दो परियोजना कार्यालयों मे छुईखदान और खैरागढ़ परियोजना में से छुईखदान परियोजना में हड़ताल अवधि के मानदेय के साथ साथ फरवरी तक का वेतन भुगतान किया जाचुका है। जबकि खैरागढ़ परियोजना मे इसे रोक कर रखा गया है । एक ही जिले में अलग-अलग नियम बनाए जाने से कार्यकर्ताओ की दिक्कते बढ़ गई है । ज्ञापन मे कहा कि खैरागढ़ परियोजना कार्यालय में हमेशा वेतन की परेशानी बनी रहती है, सही समय में वेतन कभी नहीं मिला है। उ%च अधिकारियों के द्वारा हमेशा आबंटन नहीं आने का बहाना बनाकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ और सहायिकाओ को भुगताया जाता है । छुईखदान परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं का वेतन पैसा समय पर मिल रहा है ।

बिना रॉयल्टी पर्ची के हाईवा से रेत परिवहन

भाटापारा/नवप्रदेश। खनिज विभाग के सुस्त रवैये से बिना रॉयल्टी पर्ची के सैकड़ों हाईवा रेत परिवहन हो रहा है।

यह ऐसा जिला है जिसमें रेत माफिया को खुली छूट मिली हुई है, आप बिना रायल्टी पर्ची के चाहे जितना रेत घाट से निकाल लो बस इतना ध्यान रहे कि आपकी पहुंच किसी सफेद पोषाकधारी एवं रसूखदार तक होनी चाहिए।

भाटापारा से जब रेत भरी गाड़ियां निकलती है तो खनिज विभाग कार्यवाही पर नजर में नहीं आती, लेकिन धोखे से किसी पुलिस की नजर पड़ जाती है तथा जांच के लिए रोक कर कागजात पत्र मांगा जाता है कुछ हाईवा चालक कागज पत्र तो दिखा देते हैं कुछ वाहन चालक सफेद पोषाकधारी से संबंध रखने वाले सीधे मोबाइल से बात करते हैं।

कई महिलाओं के खाते में दो दिन में नही पहुँची महतारी वंदन की पहली किश्त

खैरागढ़/नवप्रदेश। महतारी वंदन के तहत महिलाओं को मिलने वाली राशि कई महिलाओं के खातें मे नही आने से परेशानी बढ़ गई है । प्रदेश सरकार द्वारा दो दिन पहले ही रविवार को जिले मे महतारी वंदन योजना के तहत 1 लाख 17 हजार 231 महिलाओं को पहली किश्त की राशि 11 करोड़ 72 लाख रू से अधिक का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया गया था । रविवार को अधिकांश महिलाओ के खातें मे योजना की पहली किश्त की राशि आने की जानकारी मिलने लगी । शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रो की कई महिलाओ को रविवार को किश्त की राशि खाते मे नही आने की जानकारी हूई तो ऐसी महिलाओ ने सोमवार को भी दिनभर खातें मे राशि के आने का इंतजार किया । सोमवार को राशि नही आने से परेशान हूई महिलाएं लगातार नगरपालिका कार्यालय सहित पंचायतों का चक्कर भी लगाती रही । लेकिन वहाँ भी राशि के खाते मे आने या देरी से आने की जानकारी दी गई । बताया गया कि सोमवार को भी महिलाओ के खाते मे राशि अंतरण नही होने के बाद मंगलवार को बड़ी संख्या मे महिलाएं इसकी जानकारी लेने नगरपालिका सहित पंचायतों मे पहुँची । मंगलवार को भी बड़ी संख्या मे महिलाओ के खातें मे योजना की राशि का समायोजन नही हो पाया । जिसके बाद पालिका सहित योजना से संबंधित विभागों द्वारा इसके लिए हेल्पलाइन नंबर जारी होने की जानकारी दी गई । आनन फानन मे इसकी जानकारी राज्य स्तर पर भेजी गई । जिसके बाद जिलेवार प्रदेश के सभी जिलो मे अटकी राशि का भुगतान पाने जिलो के हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए । खैरागढ़ जिले मे भी महतारी वंदन योजना के पात्र महिलाओं को पहली किश्त की राशि का भुगतान अब तक खाते मे नही हो पाया है तो ऐसी महिला हितग्राही जिले के लिए संचालित हेल्पलाइन नंबर 9993718434 और 9617132287 मे संपर्क कर अपने खाते मे योजना की राशि अंतरण की जानकारी अटकी कार्यवाही का पता कर सकते है ।

14000 परिवारों को मिलेगा घरेलू नल कनेक्शन

बेमेतरा/नवप्रदेश। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन योजना गंत विधायक साजा ईश्वर साहू ने बीते मंगलवार को बेमेतरा जिले के विकासखंड साजा के ग्राम खम्हरिया में समूह जल प्रदाय योजना का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्यश्री गोवेन्द्र पटेल श्री ज्वाला ठाकुर, श्री बल्लू साहू, श्री स्वरूपानंद साहू पूर्व सरपंच ग्राम खम्हरिया सीताराम साहू पंच, सुकल साहू पंच, व्यास साहू पंच, पूर्णानंद साहू, परमेश्वर साहू आदि उपस्थिति थे। अतिथियों का स्वागत कार्यपालन अभियंता,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री आर.के धनंजय ने किया। विधायक ईश्वर साहू नए कहा कि इससे क्षेत्र के 62 ग्रामों को शिवनाथ नदी से प्राप्त जल को शुद्धिकरण संयंत्र द्वारा मीठा जल प्रदाय किया जाएगा।

आईपीओ की कमजोर शुरुआत, डिस्काउंट पर हुई लिस्टिंग

नईदिल्ली। जिंक ऑक्साइड के कारोबार से जुड़ी कंपनी जेजी केमिकल्स (जेजी केमिकल्स) के आईपीओ ने आज यानी बुधवार को शेयर बाजार में एंट्री कर ली है। कंपनी का शेयर बीएसई-एनएसई पर डिस्काउंट पर लिस्ट हुआ है।

जेजी केमिकल्स के आईपीओ ने निवेशकों को निराश किया है। बीएसई पर शेयर 4.5 फीसदी के डिस्काउंट पर 211 रुपए के भाव पर लिस्ट हुआ। वहीं, एनएसई पर 5.43 फीसदी के डिस्काउंट पर 209 रुपए के भाव पर लिस्ट हुआ।

जेजी केमिकल्स के 251 करोड़ रुपये के आईपीओ को 27.78 गुना सब्सक्रिप्शन मिला, जिसमें गैर-संस्थागत निवेशकों (एनआईआई) ने अपने अलॉटेड शेयरों के कोटे से 46.33 गुना अधिक सब्सक्रिप्शन प्राप्त किया। योग्य संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) ने अपने कोटे के 32.09 गुना शेयर खरीदे, जबकि खुदरा निवेशकों के लिए निर्धारित हिस्से को 17.44 गुना सब्सक्रिप्शन मिला।

फीकी एंट्री से निवेशक उदास, 12 फीसदी से अधिक का हुआ घाटा

नईदिल्ली । प्रोसेसिंग मशीनरी बनाने वाली कंपनी सोना मशीनरी के शेयरों की आज बाजार में फीकी एंट्री हुई है। एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयर की 125 रुपये पर एंट्री हुई है यानी कि आईपीओ निवेशक 12 फीसदी से अधिक के घाटे में हैं।

लिस्टिंग के बाद शेयर थोड़ा ऊपर तो चढ़े लेकिन निवेशकों का घाटा मुनाफे में नहीं बदला। रिकवर होने के बाद भी शेयर का भाव 131.25 रुपये के अपर सर्किट पर पहुंचा। यानी की निवेशकों को फायदा तो नहीं हुआ लेकिन उनका 12 फीसदी से अधिक का घाटा करीब 8 फीसदी तक आ गया।

कंपनी के 51.82 करोड़ रुपये के आईपीओ को निवेशकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला था यही कारण रहा कि ओवरऑल यह आईपीी 273.50 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए आरक्षित हिस्सा 129.72 गुना, नॉन-इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स । (एनआईआई) का हिस्सा 554.42 गुना और खुदरा निवेशकों का हिस्सा 235.06 गुना भरा था। सब्सक्रिप्शन के लिए ये आईपीओ 5-7 मार्च तक खुला था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये की फेस वैल्यू वाले 36.24 लाख नए शेयर जारी हुए हैं।

कंपनी की स्थापना साल 2019 में हुई थी। ये कंपनी खास तौर पर चावल, दाल, गेहूं, मसाले और बाजरा की प्रोसेसिंग में इस्तेमाल होने वाली मशीनरी बनाती है। इसके प्रोडक्ट्स का नाइजीरिया, बांग्लादेश, केन्या और नेपाल को निर्यात होता है। वित्तीय सेहत की बात करें तो वित्त वर्ष 2023 में कंपनी को 7.68 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने लॉन्च किया बॉब अर्थ ग्रीन डिपॉजिट्स

मुंबई। भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़बड़ौदा (बैंक) ने आज बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉज़िट योजना के शुभारंभ की घोषणा की और इस योजना के तहत प्राप्त होने वाली जमा राशि का उपयोग उपयुक्त पर्यावरण-अनुकूल परियोजनाओं तथा क्षेत्रों की फाइनेंसिंग के लिए किया जाएगा।

बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉजिट्स के तहत, ग्राहकों को अलग-अलग समय सीमा में निवेश पर आकर्षक ब्याज दरों का लाभ उठाने के साथ-साथ भारत के हरित एवं दीर्घकालिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बनने का अवसर मिलता है। बैंक सालाना 7.15त्न तक की ब्याज दरों की पेशकश कर रहा है। आम नागरिक/निवासी भारतीय, एनआरआई एवं उच्च मालियत वाले व्यक्ति निवेशक बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉज़िट योजना में निवेश कर सकते हैं।

इस अवसर पर बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, श्री देबदत्त चांद ने कहा, बैंक ने अपने परिचालन कार्यों में संवहनीयता को अपनाने की दिशा में काफी अधिक प्रगति की है, जिसमें जोखिम प्रबंधन, गवर्नेंस व्यवस्था, सामाजिक दायित्व और पर्यावरणीय प्रभाव के प्रति हमारे दृष्टिकोण शामिल हैं। बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉज़िट योजना के शुभारंभ से निवेश करने वाले ग्राहकों को स्थायी और सुरक्षित रिटर्न पाने के साथ-साथ धरती को हरा-भरा बनाने में योगदान देने का दोहरा लाभ मिलता है। भारत के अग्रणी बैंकों में से एक होने के नाते, बैंक ऑफ़बड़ौदा अपने ईएसजी मैंडेट को आगे बढ़ाने और ग्रीन फाइनेंसिंग के अपने पोर्टफोलियो के दायरे का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने अपने बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉज़िट योजना में नयापन लाते हुए विशेष समयावधि की पेशकश की है, जो धरती की जलवायु और संवहनीयता के लक्ष्यों की ओर संकेत करते हैं, जैसे कि 1.5 वर्ष की समयावधि ङ्क वैश्विक तापमान में वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तरों से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के लक्ष्य को दर्शाती है, जबकि 1717 दिनों की समयावधिङ्क संयुक्त राष्ट्र के 17 सतत विकास लक्ष्यों पर दोगुना बल देती है।

बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉज़िट के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का आबंटन उपयुक्त हरित परियोजनाओं/क्षेत्रों को किया जाएगा, जिनमें नवीकरणीय ऊर्जा, स्वच्छ परिवहन, सतत जल एवं अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा कुशलता, जलवायु परिवर्तन अनुकूलन, प्रदूषण की रोकथाम एवं नियंत्रण, ग्रीन बिल्डिंग, जैव विविधता संरक्षण आदि शामिल हैं।

सोना हुआ महंगा, चांदी हुई सस्ती

नईदिल्ली। सोने के वायदा कारोबार की शुरुआत आज तेजी के साथ हुई, जबकि चांदी के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। सोना 65,500 हजार रुपये और चांदी 73,800 रुपये के करीब कारोबार कर रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई।

सोने के वायदा भाव में आज तेजी देखी जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट आज 29 रुपये की तेजी के साथ 65,520 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 66 रुपये की तेजी के साथ 65,547 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 65,592 रुपये के भाव पर दिन का उच्च स्तर और 65,466 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस महीने 66,356 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया।

चाँदी के दुश्मन भाव की शुरुआत आज सुस्ती रही। एमसीएक्स पर सिल्वर का फ़्लोरिडा मई स्केल आज 40 रुपये की गिरावट के साथ 73,810 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखने के समय यह खंड 85 रुपये की गिरावट के साथ 73,765 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय 73,939 रुपये प्रति व्यक्ति के भाव पर दिन का उच्चतम स्तर और 73,725 रुपये प्रति व्यक्ति के भाव पर दिन का निचला स्तर देखा गया। पिछले साल दिसंबर महीने में चांदी के शेयर भाव 78,549 रुपये किलो के भाव पर पहुंच गए थे।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के सेंसेक्स भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,163.60 डॉलर प्रति शेयर भाव पर खुला। पिछवाड़े में 2,166.10 डॉलर था।

एयरटेल ने ग्राहकों से साथ व्यावहारिक संपर्क के लिए फ्रंटलाइन टीमों को शामिल किया, मनाया ग्राहक दिवस

रायपुर। भारत के प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक, भारती एयरटेल (÷एयरटेल÷) ने आज देश में अपने सभी कार्यालय स्थानों पर ग्राहक दिवस मनाया। ऐसे सभी एयरटेल कर्मचारी, जो सीधे ग्राहकों से संपर्क बनाए रहते हुए काम करने की जिम्मेदारियों में नहीं थे, वे अपनी रोजमर्रा की भूमिकाओं से बाहर निकलकर ग्राहकों के सीधे बातचीत करने के लिए फ्रंटलाइन कर्मचारियों में शामिल हुए।

देश के सभी एयरटेल कार्यालय स्थानों के कर्मचारियों ने बाजारों में होम डिलीवरी इंजीनियरों, फाइबर एक्सक्यूटिव्स और रिटेल कर्मचारियों के साथ काम किया। इन कर्मचारियों में शीर्ष सीनियर लीडरशिप टीम से लेकर सभी कार्यालयों के जूनियर मैनेजर तक सभी शामिल रहे।

ग्राहक दिवस, एयरटेल की कई पहलों का एक हिस्सा है, जो ग्राहकों को सबसे अधिक महत्व देने के एयरटेल के सिद्धांत पर केंद्रित हैं। अपने सभी कर्मचारियों को ग्राहकों से प्रत्यक्ष मिलने-जुलने का अवसर देकर, एयरटेल का लक्ष्य ग्राहकों के दृष्टिकोण और ग्राहकों की जरूरतों खासकर उनकी चिंताओं और सुझावों को समझकर उनका कंपनी के साथ जुड़ाव बढ़ाना है। कंपनी को विश्वास है कि ÷ग्राहक दिवस÷ हमारी कंपनी में विभिन्न कार्यों के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों को ÷देखने-समझने का नया नज़रिया÷ देगा और पूरे संगठन में ग्राहकों को अधिक से अधिक सुविधाएं देने के लिए काम करने की लगन जगाने के लिए नई मानसिकता और संस्कृति को उजागर करेगा।

मारुति सुजूकी को रेल से मिला कार ढुलाई में सहारा

नईदिल्ली । मारुति सुजूकी इंडिया के कार्यकारी अधिकारी (कॉर्पोरेट मामले) राहुल भारती ने बताया कि अगर गुजरात के हंसलपुर संयंत्र में रेल का बुनियादी ढांचा स्थापित नहीं किया गया होता तो उसे क्षमता संबंधी बाधा का सामना करना पड़ता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हंसलपुर संयंत्र में भारत की पहली इन-प्लांट ऑटोमोबाइल रेलवे साइडिंग का उद्घाटन किया। इस साइडिंग की बदौलत मारुति रेलवे के जरिये सालाना 3,00,000 कारों की ढुलाई कर सकेगी। इस पूरी परियोजना की लागत 1,081 करोड़ रुपये है।

उन्होंने कहा कि ईमानदारी से कहें तो भले ही हमें इस परियोजना के कारण कुछ न बच रहा हो, लेकिन फिर भी हमें काफी खुशी होगी क्योंकि इससे हमें बड़ा पैमाना मिल रहा है। यह कारों की ढुलाई का बहुत ही सुरक्षित, कुशल और स्वच्छ तरीका है। अगर रेल का बुनियादी ढांचा नहीं होता तो हमें क्षमता संबंधी बाधा झेलनी पड़ती। वित्तीय बचत के बिना भी यह कारों के परिवहन का बेहतर तरीका है।

रेलवे साइडिंग का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि केवल दो महीने पहले ही देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी ने कहा था कि वह अपनी वार्षिक विनिर्माण क्षमता 7,50,000 से बढ़ाकर 10 लाख तक करने के लिए 3,200 करोड़ रुपये की लागत से हंसलपुर संयंत्र में नई उत्पादन लाइन स्थापित करेगी।

खेल, मनोरंजन

उमेश यादव हैं आईपीएल इतिहास में सर्वाधिक प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड जीतने वाले तेज गेंदबाज

नईदिल्ली । इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें संस्करण का रोमांच 22 मार्च से शुरू होने जा रहा है।इस प्रारूप में वैसे तो बल्लेबाजों का पलड़ा भारी रहता है, लेकिन गेंदबाज भी कई बार चौंकाने वाले प्रदर्शन कर सबको चौंका देते हैं।इस साल गुजरात टाइटंस का हिस्सा बने तेज गेंदबाज उमेश यादव ने भी कई चौंकाने वाले प्रदर्शन किए हैं।यही कारण है कि वह आईपीएल इतिहास में सर्वाधिक प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड जीतने वाले तेज गेंदबाज हैं।

उमेश ने आईपीएल इतिहास में सर्वाधिक 10 बार प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड अपने नाम किए हैं।सूची में मुंबई इंडियंस के जसप्रीत बुमराह (8) दूसरे, लसिथ मलिंगा, आशीष नेहरा और जयदेव उनादकट (6-6) संयुक्त रूप से तीसरे पायदान पर हैं।इसी तरह ढ्ढक्र में सबसे ज्यादा बाद यह अवार्ड जीतने का रिकॉर्ड एबी डिविलियर्स के नाम हैं, उन्होंने 25 बार यह कारनामा किया है। सूची में क्रिस गेल (22) दूसरे और रोहित शर्मा (19) तीसरे नंबर पर हैं।

उमेश ने 2010 में आईपीएल करियर का आगाज किया था। वह अब तक 141 मैच की 140 पारियों में 136 सफलताएं प्राप्त कर चुके हैं।इस दौरान उनकी औसत 30.04 की और इकॉनमी 8.38 की रही है। 4/23 लीग में उनके सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े हैं।उन्होंने आईपीएल में 3 बार 4 विकेट लने का कारनामा किया है।वह इस लीग में अब तक दिल्ली कैपिटल्स , रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और कोलकाता नाइट राइडर्स का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

आईपीएल इतिहास में पीयूष चावला के गेंदों पर पड़े हैं सर्वाधिक छक्के

नईदिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का आगाज 22 मार्च को चेन्नई सुपरकिंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच होने वाले मैच से होगा।इसके साथ ही दर्शकों को फिर से चौको-छक्कों की बारिश देखने को मिलेगी।इस प्रारूप में गेंदबाजों विशेषकर स्पिनरों के सामने सबसे बड़ी चुनौती छक्कों से बचने की होती है। आईपीएल इतिहास में सर्वाधिक छक्के मुंबई इंडियंस के स्पिनर पीयूष चावला की गेंदों पर पड़े हैं।आइए उनके आंकड़े जानते हैं।

पीयूष आईपीएल इतिहास में 200 छक्के खाने वाले पहले गेंदबाज हैं। उनके खिलाफ अब तक 201 छक्के पड़ चुके हैं।सूची में रविंद्र जडेजा और पीयूष (193-193) दूसरे, रविचंद्रन अश्विन (184) तीसरे, अमित मिश्रा (182) चौथे, ड्वेन ब्रावो (155) 5वें और सुनील नरेन (149) छठे नंबर पर हैं।इसी तरह कीरोन पोलार्ड ने मिश्रा के खिलाफ सर्वाधिक 14 छक्के जड़े हैं। सूची में आंद्रे रसेल (12 बनाम मोहम्मद शमी) दूसरे, गेल (11 बनाम पीयूष) तीसरे नंबर पर हैं।

चावला के नाम आईपीएल में 181 मैचों में 7.90 की इकॉनमी से कुल 179 विकेट हैं, जो लीग में तीसरे सर्वाधिक हैं।उन्होंने साल 2021 से उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए 8.20 की इकॉनमी से 23 विकेट झटके हैं। बीच के ओवरों (7-15) में उन्होंने 7.82 की इकॉनमी से 122 झटके हैं, जो दूसरे सर्वाधिक हैं।उन्होंने पावरप्ले में 7.71 की इकॉनमी से 20 विकेट चटकाए हैं।

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम अप्रैल में करेगी पाकिस्तान का दौरा, खेलेगी 5 टी-20 मैचों की सीरीज

नईदिल्ली । न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम अप्रैल में पाकिस्तान के दौरे पर जाएगी, जहां वह 5 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेलेगी।यह दोनों देशों के लिए टी-20 विश्व कप से पहले तैयारी के लिहाज से आखिरी सीरीज होगी।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को पूरे दौरे का कार्यक्रम जारी कर दिया है। दोनों देशों के बीच यह सीरीज 18 से 27 अप्रैल के बीच खेली जाएगी।न्यूजीलैंड का यह पिछले 17 महीनों में पाकिस्तान का तीसरा दौरा होगा।

पाकिस्तान के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट निदेशक उस्मान वाहला ने कहा, पीसीबी और न्यूजीलैंड क्रिकेट के बीच अटूट सौहार्द के प्रमाण में हमें न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के 2024 में पाकिस्तान दौरे का कार्यक्रम पेश करते हुए खुशी हो रही है। यह दौरा गहरे संबंधों और आपसी सम्मान का प्रतीक हैउन्होंने आगे कहा, हमें उम्मीद है कि एक और प्रतिस्पर्धी सीरीज होगी, जो टी-20 विश्व कप 2024 के लिए हमारी तैयारी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

कार्यक्रम के अनुसार, न्यूजीलैंड टीम 14 अप्रैल को पाकिस्तान पहुंचेगी और 16-17 अप्रैल को अभ्यास करेगी।इसके बाद सीरीज का पहला मैच 18 अप्रैल, दूसरा मैच 20 अप्रैल को और तीसरा मैच 21 अप्रैल को खेला जाएगा। ये तीनों मैच रावलपिंडी स्टेडियम में खेले जाएंगे।इसके बाद चौथा टी-20 मैच 25 और 5वां 27 अप्रैल को खेला जाएगा। ये दोनों मैच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेल जाएंगे।

शैतान के साये में रहा बॉक्स ऑफिस, 60 करोड़ के पार हुई फिल्म

'शैतान' एक ऐसे पिता की कहानी है जो शैतानी ताकतों के वश में आ चुकी अपनी बेटी को बचाने की खातिर जी जान लगा देता है. 'शैतान' में अजय देवगन एक बार फिर अपने फैमिली मैन वाले अंदाज में नजर आए हैं. वहीं आर माधवन ने अपने खौफनाक किरदार से दशहत फैलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है. एंटरटेनमेंट के फुल पैकेज वाली इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कमाल का परफॉर्म किया है और रिलीज के तीन दिन में ही 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है.

वहीं वीकेंड के बाद भी 'शैतान' के साये से ऑडियंस वीकडेज में भी बच नहीं पाई है. चलिए यहां जानते हैं फिल्म ने रिलीज के चौथे दिन यानी पहले मंडे को कितने करोड़ का कलेक्शन किया है.

अजय देवगन और आर माधवन स्टारर 'शैतान' रिलीज के पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही है. इस हॉरर थ्रिलर को ऑडियंस का शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है. इस फिल्म की ओपनिंग काफी दमदार रही थी और वीकेंड पर तो इस फिल्म ने तूफानी कलेक्शन किया.

फिल्म की कमाई की बात करें तो जियो स्टूडियो के आंकड़ों के मुताबिक 'शैतान' ने रिलीज के पहले दिन 15.21 करोड़ कमाए थे. इसके बाद शनिवार को फिल्म की कमाई में 27.12 फीसदी का उछाल आया और इसने 19.18 करोड़ का कलेक्शन किया.

आर्टिकल 370 की घटी कमाई, लाखों में सिमटा कलेक्शन

यामी गौतम की 'आर्टिकल 370' को दर्शकों ने भरपूर प्यार दिया है. इस पॉलिटिकल ड्रामा की तारीफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी की थी इसके बाद से को फिल्म को लेकर दर्शकों में और ज्यादा एक्साइटमेंट बढ़ गई थी. वहीं जब 'आर्टिकल 370' सिनेमाघरों में पहुंची तो इसने ऑडियंस का दिल जीत लिया और इसी के साथ इस फिल्म ने खूब कारोबार भी किया. यहां तक कि हालिया रिलीज अजय देवगन की 'शैतान' के तूफान के आगे भी 'आर्टिकल 370' बेखौफ होकर करोड़ों में कलेक्शन कर रही है. चलिए यहां जानते हैं फिल्म ने रिलीज के 18वें दिन यानी तीसरे सोमवार को कितना कारोबार किया है

'आर्टिकल 370' को सिनेमाघरों में रिलीज हुए अब तीसरा हफ्ता चल रहा है. कश्मीर में अनुच्छे 370 हटाने की घटना पर बेस्ड इस फिल्म ने रिलीज के पहले दिन से बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली और इसी के साथ ये खूब कमाई भी कर रही है. बेहद कम बजट में बनी इस फिल्म ने अपनी लागत से कई गुना ज्यादा कमाई कर ली है और रिलीज के तीसरे हफ्ते में भी इसका तूफानी कलेक्शन जारी है.

फिल्म की कमाई की बात करें तो 'आर्टिकल 370' ने 5.9 करोड़ से ओपनिंग की थी और इसके पहले हफ्ते का कलेक्शन 35.6 करोड़ रुपये रहा. वहीं दूसरे हफ्ते में 'आर्टिकल 370' ने 22.3 करोड़ की कमाई की. अब ये फिल्म रिलीज के तीसरे हफ्ते है. जहां इसने रिलीज के 15वें दिन यानी थर्ड फ्राइडे को 1.65 करोड़ का कलेक्शन किया तो वहीं तीसरे शनिवार फिल्म ने 66.67 फीसदी के उछाल के सात. 2.75 करोड़ की कमाई की. वहीं थर्ड संडे फिल्म ने 23.64 फीसदी की

न्यूज गैलरी

सीएम की अध्यक्षता में तीन माह के कार्यकाल की होगी समीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज कलेक्टर और एसपी की कांफ्रेंस लेने वाले हैं। इस बैठक में मुख्य सचिव और पुलिस प्रमुख भी शामिल होंगे। बैठक में तीन माह के कार्यकाल की समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर-एसपी की इस कांफ्रेंस में कमिश्नर और आईजी जुड़ेंगे। बैठक में राजस्व प्रकरण के निराकरण, कानून व्यवस्था, राज्य व केंद्र की योजनाओं का क्रियान्वयन, मोदी की गारंटी के तहत कार्यों की समीक्षा की जाएगी। आपको बता दें कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यभार संभालते ही अधिकारियों को सरकार की प्राथमिकताओं की जानकारी दे दी थी। साथ ही साथ नियत समय में पूर्ण होने वाली घोषणाओं पर भी कार्य करने का निर्देश दिया था। आज बैठक में सभी बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। माना जा रहा है की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव कुछ अहम निर्देश भी दे सकते हैं।

युवक बेच रहा था गांव में नशे का सामान गांजा

धमतरी/नवप्रदेश। ग्राम कोलियारी में दबिश देकर पुलिस ने एक युवक को अवैध रुप से गांजा बेचते हुए पकड़ा है। आरोपी केक ब्जे से करीब एक किलोग्राम गांजा बरामद करते हुए नारकोटिस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है। ग्राम कोलियारी निवासी उत्तम साहू को मौके पर रंगे हाथ पकड़ा गया। कब्जे से गांजा जब्त किया गया। वही पुलिस को देखकर खरीदने आये ग्राहक भाग गये। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर नारकोटिक्स एक्ट के प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्यवाही कर थाना भखारा में अपराध पंजीबद्ध किया गया।

10वीं बोर्ड विज्ञान के पेपर में पकड़ाए 4 नकलची

जांजगीर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10 वीं बोर्ड एग्जाम के विज्ञान विषय की परीक्षा में 4 नकलची पकड़े गए हैं। इस परीक्षा में 16 हजार 97 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 555 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। बोर्ड एग्जाम के सत्र 2023-24 में नकल प्रकरण का मामला सामने आया है। अकलतरा ब्लॉक के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल नरियरा में 3 शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल तिलई में 1 परीक्षार्थी को जिला शिक्षा अधिकारी की टीम ने नकल करते हुए पकड़ा। उन्होंने बताया कि अकलतरा में 2533, बलौदा में 2007, बम्हनीडीह में 2999, नवागढ़ में 5066, पामगढ़ में 3437 परीक्षार्थी उपस्थित थे। इसी प्रकार 12वीं के लेखांकन विषय की परीक्षा में जिले कुल पंजीकृत 90 मे से 86 विद्यार्थी शामिल हुए।

कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्र स्वच्छ शहर और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : सीएम साय

- नगर निगम रायपुर और भिलाई में नगरीय ठोस अपशिष्ट आधारित कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्र की स्थापना के लिए त्रिपक्षीय एमओयू

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्र की स्थापना स्वच्छ शहर और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री आज यहां अपने निवास कार्यालय में उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव की उपस्थिति में, नगर पालिका निगम रायपुर और नगर पालिका निगम भिलाई में नगरीय ठोस अपशिष्ट से कम्प्रेस्ड बायो गैस उत्पादन संयंत्र की स्थापना के लिए किए गए त्रिपक्षीय समझौते के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में रायपुर और भिलाई नगर निगम में 100-150 टन प्रति दिन क्षमता के नगरीय ठोस अपशिष्ट पर आधारित कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्र की स्थापना के लिए भारत सरकार के उपक्रम भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड, राज्य के नगर पालिक निगम रायपुर और भिलाई तथा छत्तीसगढ़ बायो फ्यूल विकास प्राधिकरण के मध्य त्रिपक्षीय एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते पर छत्तीसगढ़ बायो फ्यूल विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुमित सरकार, भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड मुंबई के मुख्य महाप्रबंधक श्री अनुराग सारावगी, नगर पालिका निगम रायपुर के कमिश्नर श्री अविनाश मिश्रा और नगर पालिका निगम भिलाई के कमिश्नर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए आज ऐतिहासिक अवसर है। जब स्वच्छ राज्य और स्वच्छ ऊर्जा के लिए एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्थापित होने वाले दो कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्रों में लगभग 200 से 250 मीट्रिक टन नगरीय ठोस अपशिष्ट का उपयोग प्रतिदिन जैव ईंधन के उत्पादन में किया जाएगा।

जनता से किए वादे पूरे होने पर साय ने किया सीएम हाउस में प्रवेश

- बंगले में करवाई गई आदिवासी पेंटिंग कर रहा लोगों को आकर्षित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को सीएम हाउस में गृह प्रवेश किया है। इससे पहले वो सरकारी गेस्ट हाउस पहुना में रह रहे थे। विधानसभा चुनाव के समय बीजेपी ने वादा किया था कि गरीबों को प्रधानमंत्री आवास देने के बाद ही भाजपा का मुख्यमंत्री गृह प्रवेश करेगा। इसी वजह से मुख्यमंत्री अब तक सरकारी गेस्ट हाउस में थे।

कार्यक्रम में उन्होंने इस बात का जिक्र भी किया। दरअसल, सिविल लाइन स्थित मुख्यमंत्री निवास में आज दोपहर भव्य गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेश भर से भाजपा के कार्यकर्ता पहुंचे और उनके बीच मुख्यमंत्री ने गृह प्रवेश किया।

अपनी बात शुरू करने से पहले मुख्यमंत्री ने सियावर रामचंद्र के जयकारे लगाए। कहा- सभी संतों के चरणों में मैं प्रणाम करता हूं, हमारी धर्मपत्नी जी का पल-पल सहयोग मिलता है। हमारी अनुपस्थिति में पूरा क्षेत्र संभालती हैं। 13 दिसंबर को हमने शपथ ली थी आज 13 मार्च को ठीक 3 महीना पूरा हुआ है।

साय ने कहा हमारी पार्टी और हम सब लोगों का यह वादा था कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी की जो 5 साल की सरकार थी, जिसकी वजह से हमारे गरीब लोग प्रधानमंत्री आवास से वंचित हो गए थे, जिनका मकान अधूरा था, हमने कहा था कि हम पहले वंचित लोगों का 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति देंगे तभी मुख्यमंत्री निवास में जाएंगे। ये वादा कार्यकर्ताओं की मेहनत से पूरा हुआ। सब लोगों के परिश्रम से सरकार बनी। आज वादे के अनुसार गृह प्रवेश यहां पर हुआ है। गरीबों को आवास देने का काम सरकार ने किया है।

बीजेपी जो कहती है वही करती है- नितिन नबीन: सह प्रभारी नितिन नबीन ने तीन महीने के कार्यकाल को लेकर कहा कि, बीजेपी जो कहती है, वो करती है। पिछले साल 15 मार्च को लाठिया, आंसू गैस के गोले छोड़े गए थे। जिसपर आंदोलन के बाद गरीबों को 'पीएम आवास' का फायदा मिला, ये पूरे छत्तीसगढ़ में चर्चा का विषय बनना चाहिए। साथ ही कहा कि, मोदी सरकार की उपलब्धि लेकर जनता के बीच जाना है। हर घर में बीजेपी का झंडा लगाने का संकल्प लेकर जाना है।

नए अंदाज में सीएम हाउस, आदिवासी भित्ति चित्रों से सजा : छत्तीसगढ़ के चौथे और पहले आदिवासी सीएम विष्णुदेव साय के रंग में सीएम हाउस रंगा नजर आया। दीवारों पर चटक रंगों की विलेज थीम पर पेंटिंग की गई है। जंगल की पत्तियां और पत्तियों के बीच बैठकर रोज का काम करते आदिवासी इस पेंटिंग में दिखाए गए हैं। कहीं महिलाओं को नृत्य करते दिखाया गया है कहीं ग्रामीण जन जीवन दिखता है आदिवासी थीम पर सीएम हाउस में वॉल पेंटिंग की गई है।

तीन माह पूरे होने पर गिनाई उपलब्धियां

कार्यक्रम में सीएम ने सभी कार्यकर्ताओं को बुलवाया था। उन्होंने कहा हमनें किसानों को बोनस दिया, 18 लाख आवास स्वीकृत किए, महतारी वंदन योजना की राशि महिलाओं के खाते में चली गई। किसानों को समर्थन मूल्य में अंतर की राशि भी दी गई। तीन महीने में इतने वादे पूरे किए हैं, इतना काम किया है कि अब सीना ठोक के लोगों के बीच जाना है और लोकसभा में 11 की 11 सीटें जिताकर भाजपा को विजयी बनाना है।

एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल में विश्व किडनी दिवस पर सर्वाइवल मीट

रायपुर/नवप्रदेश। एमएमआई नारायण हॉस्पिटल ने विश्व किडनी दिवस के अवसर पर सर्वाइवल मीट का आयोजन किया। इसमें डायलिसिस, किडनी ट्रांसप्लांट, और अन्य किडनी संबंधित बीमारियों से ठीक हुए मरीज़ शामिल हुए। नृत्य, संगीत, कविता, और 'सी.के.डी (क्रोनिक किडनी डिजीज) आहार' पर पोस्टर बनाने के लिए प्रतियोगिता ने कार्यक्रम भी रखा गया था। इस मौके पर, सर्वाइवल मीट में प्रदर्शन हुई नृत्य, संगीत, और कविता ने इस आयोजन की शोभा बढ़ा दी। पोस्टर बनाने के प्रतियोगिता में दिखाए गए रचनात्मक पोस्टरों ने 'सी.के.डी आहार' पर जागरूकता बढ़ाते हुए किडनी स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण जानकारी दी।

मरीज़ों ने डॉ. सुनील धर्मानी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमे नए जीवन का आशीर्वाद मिला है, और उनकी मेहनत से हमें स्वस्थ जीवन मिला है। इस हफ्ते, एमएमआई नारायण हॉस्पिटल ने तीन सफल किडनी ट्रांसप्लांट के मामले किए हैं, जो किडनी स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि है।

कार्यक्रम में मुख्य डॉक्टरों की उपस्थिति ने न की केवल विशेषज्ञता को बढ़ावा दिया बल्कि उम्मीद और आत्मविश्वास में भी वृद्धि की। इस सर्वाइवल मीट ने किडनी स्वास्थ्य के महत्व को समझाने के साथ-साथ मेडिकल पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका को भी उजागर किया है।

एमएमआई नारायण हॉस्पिटल ने इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज में एक सकारात्मक बदलाव प्रेरित किया है, जिसने मरीज़ों को न केवल उच्चतम स्तर के इलाज से लाभामिला, उन्हें एक स्वस्थ और सकारात्मक जीवन की दिशा में अग्रणी बनाया है।

आज से होने वाले शगुन प्रदर्शनी में महिला संगठनों के होंगे अनेक कार्यक्रम

रायपुर/नवप्रदेश। गुरुवार 14 मार्च से रायपुर शहर में पधारो रंगीलो राजस्थान मध्य भारत की सुप्रसिद्ध 'शगुन' प्रदर्शनी का आयोजन हाटेल वूड कसल में किया गया है। इसमें राजस्थानी लोक संगीत तथा जागतिक महिला दिन के उपलक्ष्य में रायपुर की विविध महिला संगठनों व्दारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन 14 से 17 मार्च तक किया जाएगा।

इस प्रदर्शनी में लाईफस्टाईल उत्पादों के स्टॉल, कपड़े, ज्वेलरी, फुटवियर, खादी हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, गिफ्ट आर्टिकल, हेल्थ प्रोडक्ट, फर्नीचर, होम डेकोर, फूड प्रोडक्ट के विभिन्न स्टॉल रखे जा रहे हैं।

प्रदर्शनी में फूड के विभिन्न स्टॉल भी रहेंगे राजस्थानी नृत्य, कालबेरियम, घुमर इत्यादी के बेहतरीन कार्यक्रम भी रखे गए हैं, जो मुख्य रूप से राजस्थान से आये लोक कलाकार प्रस्तुत करेंगे। पहले दिन गुरुवार 14 मार्च को प्रदर्शनी में आनेवाली महिला विजिटर्स को ÷सरप्राइज उपहार÷ दिए जाएंगे।

डेली 'लक्की ड्रॉ' भी निकाले जाएंगे। प्रदर्शनी में स्टेज की भी सुविधा रखी गई है। जहां स्थानीय अपनी प्रतिभा की प्रस्तुति दे सकते है। प्रदर्शनी का उदघाटन 14 मार्च को शाम 5 बजे गणमान्य अतिथियों के हाथों से किया जाएगा। इस प्रदर्शनी का आयोजन ÷हॉटेल वूड कॅसल÷ मैगनेटो मॉल के पास, व्ही.आय.पी. रोड, रायपुर में किया जा रहा है, यह प्रदर्शनी एसी तथा नान एसी है, प्रदर्शनी का समय दोपहर 12 बजे से रात 10 बजे तक रहेगा, 'पार्किंग' फ्री रहेगी, पहले दो दिन (ता.14 और 15 मार्च) को प्रदर्शनी में 'प्रवेश' फ्री रहेगी। अधिक से अधिक संख्या में रायपुरवासी इस प्रदर्शनी में पहुंचकर शॉपिंग तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का लाभ लेने की अपील संयोजिका तृप्ती गोविंद राठी ने की है। प्रदर्शनी को सफल बनाने में स्थानीय महिलाओं का सहयोग मिल रहा है।

उड़न दस्ता दल को दिया गया प्रशिक्षण

महासमुंद /नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक के आदेशानुसार जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। जिन्हें विगत दिवस जिला पंचायत के सभागार में प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण देते हुए जिला मास्टर ट्रेनर श्री तोषण गिरि गोस्वामी ने बताया कि उड़नदस्ता का कार्य आदर्श आचार संहिता लागू होने के दिन से मतदान समाप्ति तक चलेगा। इनका काम मुख्यतः शिकायत आधारित होता है। मतदाताओं को प्रलोभन देने के लिए शराब, उपहार सामग्री या नकद राशि आदि का वितरण करने की शिकायत या सूचना मिलने पर इन्हें तुरंत छापामार कार्यवाही करनी होगी। इसके अलावा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों पर भी नजर रखनी होगी। इन्हें अपने द्वारा की गई समस्त कार्यवाहियों का कमेंट्री करते हुए वीडियोग्राफी करना आवश्यक है।

उड़न दस्ता दल द्वारा अपने द्वारा की कार्यवाही की रिपोर्ट प्रतिदिन संबंधित सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को निर्धारित प्रपत्र में देनी होगी।

मजुमदार पाईल्स केयर क्लीनिक
30 वर्षों से निरंतर आपकी सेवा में...
बवासीर, भगंदर, हाइड्रोसिल
के ईलाज की जिदंगी भर की गारंटी...
डॉ. मजुमदार
BAMS
डॉ. एल.यादव
MBBS, MD
सुबह- 10 से 2 बजे तक
शाम : 5 से 8 बजे तक
रविवार : 10 से 2 बजे तक
8305623266
गुप्त रोग, मोटापा, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, चर्म रोग
ये सभी बिमारी का ईलाज किया जाता है।
पताः शाप नं.-8 कालीबाड़ी गुरूकुल काम्पलेक्स रायपुर छ.ग.

विश्व किडनी दिवस: बेहतर कल के लिए किडनी के स्वास्थ्य की देखभाल

डॉ. सुनील धर्मानी
क्लिनिकल लीड एवं वरिष्ठ सलाहकार
नेफ्रोलॉजी विभाग

विश्वभर में लोगों को किडनी हेल्थ और इससे जुड़ी बीमारियों के बारे में जागरूक करने के लिए विश्व किडनी दिवस मनाया जाता है। हर साल यह दिन मार्च के दूसरे गुरुवार को मनाया जाता है। इस बार विश्व किडनी दिवस 14 मार्च को मनाया जा रहा है। किडनी के बारे में जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से इस दिन की शुरुआत साल 2006 में हुई थी। पहली बार इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ नेफ्रोलॉजी और इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ किडनी फाउंडेशन ने इसे मनाने की पहल की थी। किडनी हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। इसको स्वस्थ रखकर आप कई बीमारियों से बच सकते हैं।

विश्व किडनी दिवस क्यों मनायें?

विश्व किडनी दिवस के उद्देश्य समग्र विश्व को किडनी से जुड़ी बिमारियों और स्वास्थ के बारे में जागरूक करना है। किडनी हमारे शरीर में अपशिष्ट और अतिरिक्त तरल पदार्थ को फ़िल्टर करने, रक्तचाप को नियंत्रित करने और आवश्यक हार्मोन का उत्पादन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दुर्भाग्य से, किडनी की बीमारियों पर अक्सर तब तक ध्यान नहीं दिया जाता जब तक कि वे बुरी अवस्था में न पहुंच जाएं। यह दिन लोगों को किडनी के स्वास्थ्य के लिए सक्रिय उपाय करने के लिए शिक्षित और सशक्त बनाने का प्रयास करता है।

किडनी रोग के लक्षण।

किडनी से जुड़ी रोगों का शीघ्र पता लगाना अति आवश्यक है। लक्षणों के बारे में जागरूकता व्यक्तियों को शीघ्र चिकित्सा सहायता लेने के लिए प्रेरित कर सकती है। लक्षणों में थकान, सूजन, मूत्र के रंग या आवृत्ति में परिवर्तन और लगातार खुजली शामिल हो सकते हैं। यदि आप इनमें से किसी भी लक्षण का अनुभव करते हैं, तो तुरंत अपने चिकित्सा सलाहकार से संपर्क करें।

किडनी के स्वास्थ्य का स्व-मूल्यांकन कैसे करें:-

किडनी के स्वास्थ्य का स्व-मूल्यांकन करने के लिए नियमित रूप से पानी पीना, सुगर और उच्च रक्तचाप की निगरानी रखना महत्वपूर्ण है। समय-समय पर रक्त और मूत्र परीक्षण करवाकर और स्वस्थ आहार लेने के साथ, नियमित व्यायाम करना भी किडनी के स्वास्थ्य को सुनिश्चित बनाए रखने में मदद कर सकता है।

एमएमआई नारायण हॉस्पिटल मे उपचार सुविधाएं:-

किडनी की बीमारी के निदान की दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति में, उचित उपचार की मांग करना सर्वोपरि है। उपचार के विकल्प दवा और आहार समायोजन से लेकर डायलिसिस या किडनी प्रत्यारोपण एवं किड्नी से संबंधित अन्य सभी रोगों का इलाज की सुविधाये एमएमआई नारायण हॉस्पिटल मे उपलब्ध है।

डायलिसिस के बारे में अफ़वाह।

किडनी फेलियर वाले व्यक्तियों के लिए डायलिसिस एक जीवन रक्षक प्रक्रिया है, फिर भी अक्सर इसे लेकर गलत धारणाएं होती हैं। कुछ लोगों का मानना है कि डायलिसिस दर्दनाक है या यह प्राकृतिक किडनी के कार्य को पूरी तरह से बदल देता है। हकीकत में, जबकि डायलिसिस अपशिष्ट और अतिरिक्त तरल पदार्थ को हटाने में मदद करता है, यह स्वस्थ किडनी के सभी कार्यों को दोहराता है। मरीजों और उनके परिवारों के लिए उनकी स्वास्थ्य देखभाल के बारे में सही जनकारी देना एवं डायलिसिस के बारे में अफ़वाहों को दूर करना महत्वपूर्ण है।

जैसे हम विश्व किडनी दिवस मनाते हैं, आएं किडनी स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए जुड़ें। लक्षणों को समझकर, आत्म-मूल्यांकन का अभ्यास करके, उचित उपचार सुविधाओं तक पहुंच बनाकर और डायलिसिस जैसे हस्तक्षेपों के बारे में अफवाहों को दूर करके, हम किडनी रोगों के निवारण और प्रभावी प्रबंधन में योगदान दे सकते हैं। साथ मिलकर, हम एक ऐसी दुनिया को बढ़ावा दे सकते हैं जहां किडनी के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जाती है, और प्रत्येक व्यक्ति के पास बेहतर और स्वस्थ कल के लिए अपनी किडनी की सुरक्षा करने के लिए ज्ञान और साधन हैं। एमएमआई नारायण हॉस्पिटल मे इस हफ्ते, एमएमआई नारायण हॉस्पिटल ने तीन सफल किडनी ट्रांसप्लांट किए हैं।